अपनी शक्ति को पहचानते हुए बैंक अपने संगठित प्रयासों के जरिए एक सशक्त, सुगठित और सुदृढ़ संस्था बनने की दिशा में पूरे विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है. इसके हितधारकों ने बैंक पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरते हुए यह बैंकिंग जगत के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की करना चाहता है.

आईडीबीआई बैंक के पास इस देश की उन्नति में साझेदारी की विरासत है. ऐसे समय में, जब मानवता को सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ा है, बैंक वित्तीय और गैर-वित्तीय हस्तक्षेप के जरिए लोगों के जीवन में बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराता है. अपनी ब्रांड प्रतिज्ञा *'बैंक ऐसा, दोस्त जैसा'* को सार्थक करते हुए बैंक अपने हितधारकों के साथ खड़ा होने के साथ-साथ समाज की बेहतरी के लिए अपना योगदान देता रहेगा ताकि सभी के लिए बेहतर कल सुनिश्चित किया जा सके.

Towards a Better Tomorrow

Surmounting challenges in the past five years, IDBI Bank has managed to script a turnaround and has emerged as a strong contender in the banking landscape. Pursuing a multi-pronged strategy, the Bank intends on continuing its journey towards profitability and creating value for its stakeholders. With well-designed offerings and excellence in customer service at the crux of its strategy, the Bank is looking forward to move towards a better tomorrow by capitalising on emerging opportunities.

The year just past was a milestone year for IDBI Bank as it was back in the black after facing five consecutive years of losses. Despite being confronted with daunting challenges on several fronts, including those brought on by the COVID-19 pandemic, the Bank persevered on its intended strategies and stayed on course towards its stated goal of creating value for all its stakeholders.

Capitalising on its strengths, the Bank is confidently marching towards a better tomorrow by building a stronger, leaner and robust organisation through concerted measures. Building upon the trust that its stakeholders have reposed in it, the Bank is seeking to cement its position as a leading player in the banking sphere.

IDBI Bank has a legacy of being a partner in the nation's progress. As humanity is battling one of the biggest challenges in nearly a century, the Bank reiterates its commitment to serve the community at large by making a difference in their lives through various financial as well as non-financial interventions. Being true to its brand proposition of being "*Bank Aisa Dost Jaisa*", the Bank will stand by its stakeholders as well as contribute towards betterment of the society to ensure a better tomorrow for all.

मुख्य कार्य-निष्पादन संकेतक
Key Performance Indicators

परिवर्तनकारी कार्य-निष्पादन का वर्ष
A year of Transformative Performance

कोविड-19 महामारी से उभरी चुनौतियों से पार पाते हुए बैंक विजेता बनकर उभरा. नेतृत्व टीम के रणनीतिक नजरिए और स्टाफ की कड़ी मेहनत व समर्पण के चलते बैंक न सिर्फ परिचालन परिवेश में हुए बदलावों को सफलतापूर्वक अपना सका, बल्कि अपने व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप कार्य भी कर सका. बैंक के प्रयास रंग लाए और यह लगातार पाँच वर्ष हानि उठाने के बाद लाभजनक बैंक के रूप में उभर सका है.

Surmounting the unforeseen challenges due to the COVID-19 pandemic, the Bank came out on the top. The strategic vision of the leadership team, coupled with the hard work and dedication of the staff, helped the Bank to not just ably adapt to the changes in the operational environment but also to stay true to its business objectives. The Bank's efforts yielded results for it to emerge as a profitable bank after five consecutive years of losses.

यथा 31 मार्च 2021 की स्थिति
Position as on March 31, 2021

0.46%
आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए)
Return on Assets (RoA)

10.06%
इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई)
Return on Equity (RoE)

9.49%
अग्रिमों पर प्रतिफल
Yield on Advances

3.38%
निवल ब्याज मार्जिन
Net Interest Margin

50.45%
कासा
CASA

96.90%
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित)
Provision Coverage Ratio (with TWO)

15.59%
जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर)
Capital-to-Risk weighted Assets Ratio (CRAR)

1.97%
निवल एनपीए
Net NPA

₹7,091 करोड़ crore

परिचालनगत लाभ
Operating Profit

₹1,359 करोड़ crore

कर पश्चात् लाभ
Profit After Tax

₹8,518 करोड़ crore

निवल ब्याज आय
Net Interest Income

₹2,97,764 करोड़ crore

तुलन-पत्र आकार
Balance Sheet Size

₹2,30,898 करोड़ crore

कुल जमा
Total Deposits

₹1,28,150 करोड़ crore

कुल अग्रिम (निवल)
Total Advances (Net)

जमाराशि मिश्रण (%)
Deposit Mix (%)

11.62%
थोक
Bulk

32.87%
बचत
Savings

37.93%
रिटेल सावधि
Retail Term

17.58%
चालू
Current

सकल अग्रिम (%)
Gross Advances (%)



62%
रिटेल
Retail

38%
कॉरपोरेट
Corporate

यथा 15 जून 2021 को निदेशक मंडल
Board of Directors as on June 15, 2021

श्री एम. आर. कुमार
अध्यक्ष

Shri M. R. Kumar
Chairman

श्री राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Shri Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज
उप प्रबंध निदेशक

Shri Samuel Joseph Jebaraj
Deputy Managing Director

श्री सुरेश खटनहार
उप प्रबंध निदेशक

Shri Suresh Khatanhar
Deputy Managing Director

सुश्री मीरा स्वरूप
Ms. Meera Swarup

श्री अंशुमन शर्मा
Shri Anshuman Sharma

श्री राजेश कंडवाल
Shri Rajesh Kandwal

श्री ज्ञान प्रकाश जोशी
Shri Gyan Prakash Joshi

श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी
Shri Bhuwanchandra B. Joshi

श्री समरेश परिदा
Shri Samaresh Parida

श्री एन. जंबुनाथन
Shri N. Jambunathan

श्री दीपक सिंघल
Shri Deepak Singhal

श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर
Shri Sanjay Gokuldas Kallapur

सुश्री पी.वी. भारती
Ms. P. V. Bharathi

यथा 15 जून 2021 को नेतृत्व टीम (कार्यपालक निदेशक)
Leadership Team (Executive Directors) as on June 15, 2021

श्री पी. सीताराम
Shri P. Sitaram

डॉ. सौम्य एस. बॅनर्जी
Dr. Saumya S. Banerjee

श्री माधव फड़के
Shri Madhav Phadke

श्री अजय शर्मा
Shri Ajay Sharma

श्री शैलेंद्र नाडकर्णी
Shri Shailendra Nadkarni

श्री वी. नारायणमूर्ति
Shri V. Narayanamurthy

श्री जॉर्टी चाको
Shri Jorty Chacko

श्री प्रदीप कुमार दास
Shri Pradip Kumar Das

श्री अशोक कुमार गौतम
Shri Ashok Kumar Gautam

श्री अजय नाथ झा
Shri Ajoy Nath Jha

श्री राजीव कुमार
Shri Rajeev Kumar

श्री नागराज गारला
Shri Nagaraj Garla

श्रीमती बलजिंदर कौर मंडल
Smt. Baljinder Kaur Mandal

श्री अनिल सी. राज
Shri Anil C. Raj

श्री शलील आवले
Shri Shalil Awale

श्री सुनित सरकार
Shri Sunit Sarkar

श्री संजय देशपांडे
Shri Sanjay Deshpande

अध्यक्ष का संदेश

Message from the Chairman

चुनौतियों के बीच कुछ कर दिखाना है
Delivering Amidst Challenges

"पिछले कुछ वर्षों में अपने तुलन-पत्र को मजबूत बनाने के लिए बैंक द्वारा उठाए गए ठोस कदमों तथा व्यवसाय में अधिकतम और स्थिर वृद्धि दर हासिल करने पर दिए गए विशेष ध्यान की झलक वित्तीय वर्ष 2020-21 के इसके कार्य-निष्पादन में देखी जा सकती है.

The concerted steps taken by the Bank to strengthen its balance sheet and the focus on generating sustainable and stable growth in business over the years reflected in its performance in FY 2020-21."

एम. आर. कुमार
अध्यक्ष

M. R. Kumar
Chairman

प्रिय शेयरधारको,

इस वक्त जब मैं आपको यह संदेश लिख रहा हूँ, हमारी यह दुनिया एक महामारी के रूप में अभूतपूर्व ताकत से त्रस्त हो रही है. मार्च 2020 में भारत में फैली कोविड-19 महामारी ने 'दूसरी लहर' के रूप में फिर से वापसी की है. संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण विभिन्न राज्यों ने इसके प्रसार को नियंत्रित करने और लोगों की जान बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रतिबंध लगाए हैं. मैंने अपने जीवन में कभी ऐसी परिवर्तनकारी घटना नहीं देखी, जिसने समाज के हर वर्ग और हर आर्थिक गतिविधि को इस हद तक प्रभावित किया हो.

पहली कोविड-19 लहर और आरंभिक राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग पर महामारी के अति प्रतिकूल असर को कम करने के लिए सक्रिय उपाय किए. आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने की अनुमति देने के लिए भारत सरकार ने प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से हटाते हुए आत्म निर्भर भारत जैसे व्यापक आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को वित्तीय सहायता की परिकल्पना की गई थी. भारत सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आरबीआई ने कई पारंपरिक और गैर-पारंपरिक उपाय अपनाए जिनमें प्रमुख हैं: नीतिगत दरों में कमी, उदार मौद्रिक नीति रुख के रूप में सतत दूरदर्शी मार्गदर्शन, खुले बाजार परिचालनों (ओएमओ) के माध्यम से पर्याप्त तरलता समर्थन और चुनिंदा लक्षित खंडों के लिए विशेष पुनर्वित्त सुविधाएं. साथ ही, देश में आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए उधारकर्ताओं को संपत्ति के पुनर्गठन और ऋण-स्थगन के मानदंडों में छूट भी दी गई है. महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए भारत सरकार ने सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी दृष्टिकोण भी अपनाया और कोविड के लिए विशिष्ट बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ विकसित कर अपने संसाधनों को कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया. भारत सरकार ने गहन परीक्षण, अनिवार्य क्वारंटीन, कोविड-19 समर्पित उपचार केंद्र स्थापित किए. साथ ही, कोविड-19 संबंधित परीक्षण और उपचार शुल्क किफ़ायती आधार पर निर्धारित किए तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ मुफ्त उपचार के प्रावधान के लिए निर्देश भी जारी किए. भारत सरकार ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को निरंतर जारी रखने के लिए एक राष्ट्रीय कोविड -19 टीकाकरण रणनीति अपनाई है. हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर को और अधिक सशक्त करने के लिए आरबीआई ने अस्पतालों, डायग्नोस्टिक्स, फार्मेसियों, फार्मास्युटिकल कंपनियों, आयातकों, मेडिकल ऑक्सीजन निर्माताओं व आपूर्तिकर्ताओं और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े अन्य परिचालकों को सहायता देने हेतु बैंकों के लिए एक विशेष ऑन-टैप लिक्विडिटी विंडो की घोषणा की.

मुख्यतः एक स्वास्थ्य संबंधी चिंता होने के बावजूद इस महामारी ने दुनिया भर में जन-जीवन को जिस तरह से प्रभावित किया है, उसका बैंकिंग सहित सभी क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है.

Dear Shareholders,

As I write this message to you, the world is being buffeted by an unprecedented force in the form of a pandemic. The COVID-19 pandemic, which broke out in India in March 2020, has seen a resurgence, leading to the 'second wave'. Due to the rising cases of infection, various states have put in place localised restrictions to control the spread and save lives. Never have I ever seen such life-changing impact sweeping across every segment of society and every economic activity.

Following the first COVID-19 wave and initial nation-wide lockdown, the Government of India (GoI) and the Reserve Bank of India (RBI) took proactive measures with a view to support economic activities as well as to mitigate the worst excesses of the pandemic on the vulnerable segments of the population. Apart from a phased roll-back of restrictions to allow resumption of economic activities, the Government of India (GoI) announced a comprehensive economic package, viz. AatmaNirbhar Bharat that envisaged financial support to critical segments of the economy. Complementing the efforts of the GoI, the RBI adopted conventional and unconventional measures such as reduced policy rates, sustained forward guidance in the form of an accommodative monetary policy stance, ample liquidity support through Open Market Operations (OMOs) and special refinance facilities for select targeted segments as well as regulatory forbearance involving relaxation in norms for restructuring assets and moratorium to borrowers to support economic activity in the country. While taking steps for cushioning the economy against the impact of pandemic-induced restrictions, the GoI also took a proactive public participative approach and developed a COVID-specific health infrastructure besides training its resources to fight the COVID-19 pandemic. The GoI conducted intensive testing, mandated quarantine, set up dedicated COVID-19 treatment centres, stipulated the COVID-19 related diagnosis & treatment charges to ensure affordability as also directed provision of free treatment for the economically weaker sections of society, among other measures. In order to sustainably execute the world's largest vaccination drive, the GoI has adopted a National COVID-19 Vaccination Strategy. In a bid to further augment the healthcare infrastructure, the RBI too announced a special on-tap liquidity window for banks to lend support to entities like hospitals, diagnostics, pharmacies, pharmaceutical companies or importers, medical oxygen manufacturers and suppliers and other operators involved in the critical healthcare supply chain.

Despite being predominantly a health concern, the way the pandemic has rapidly upended lives across the globe, it has had wide-ranging impact on all sectors, including banking.

महामारी ने बैंकिंग क्षेत्र में, खासकर डिजिटल मोर्चे पर, बदलाव की गति को तेज कर दिया है. पारंपरिक बैंकिंग मॉडल को बदलकर सामाजिक दूरी बनाने और अनावश्यक आवाजाही रोकने वाली नई परिस्थितियों के अनुरूप ढालते हुए डिजिटल पहलों को शामिल किया गया है. मेरा दृढ़ विश्वास है कि बैंकिंग के लिए आगे का रास्ता नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए नए तकनीकी प्रतिमानों को जन्म देगा.

इस महामारी ने डिजिटल परिवर्तन को पहले से अधिक प्रासंगिक और जरूरी बना दिया है. जिन चुनौतियों का सामना करने की तैयारी के लिए बैंकों के पास वर्षों का समय था, वे अचानक हमारे सामने चली आ रही हैं. इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बैंकों को नवोन्मेषन करने, पुन: आविष्कार करने और खुद को पुनर्परिभाषित करने के लिए विवश होना पड़ा है. जब कोविड-19 महामारी ने बैंकों को अपने ग्राहकों के साथ आमने-सामने संवाद को बंद करने और आभासी संचालन को बढ़ाने के लिए मजबूर किया, तो उपभोक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग और ग्राहक सहायता जैसे डिजिटल प्रयोग अपनाने के लिए खुद को जल्दी से ढाल लिया. बैकएंड प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के अलावा कई बैंकों ने डिजिटल खाता खोलने की ओर रुख किया और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों की दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के उपयोग में वृद्धि की. बैंक अब एआई-पावर्ड चैटबॉट, संवर्धित वास्तविकता, सामाजिक आभासी वास्तविकता, हाइपर-वैयक्तिकरण, गेमिफिकेशन, सुरक्षित वीडियो इंटरैक्शन, डिजिटल इकोसिस्टम प्ले जैसे आवाज आधारित नवोन्मेषी चैनलों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. इन घटनाक्रमों ने शाखा की प्रधानता के बारे में लंबे समय से चली आ रही मान्यताओं को हिला दिया है.

शाखाएँ परंपरागत रूप से कई दशकों से बैंकिंग विकास की आधारशिला रही हैं. हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल चैनलों के उद्भव और उपभोक्ता वरीयताओं में आए बदलावों ने बैंक के चैनल मिश्रण में शाखा के महत्व को प्रभावित किया है. महामारी के बाद की दुनिया में बैंक भी अपने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग चैनलों जैसे कम संपर्क वाले माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. इस कोविड-19 प्रभावित दुनिया में जब इतने सारे लोगों के लिए आवाजाही प्रतिबंधित है, ऐसे में नि:संदेह रूप से रिमोट बैंकिंग का प्रयोग तेजी से बढ़ेगा. जो लोग इसे पहले ही अपना चुके थे, वे इसका प्रयोग जारी रखे हुए हैं, जबकि जो लोग इसके लिए नए हैं, वे इसे सीख रहे हैं. ज्यादातर लोग किसी भी हाल में शाखा में नहीं जाना चाहते हैं, भले ही वे जा सकते हों, क्योंकि शाखा में जाने का अर्थ है दूसरों के निकट संपर्क में आना. चूंकि इस महामारी के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं, इसलिए इस बात की संभावनाएं हैं कि कुछ ग्राहक अपनी वरीयताएं, खासकर बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में बदल दें और संकट के समय अपने द्वारा अपनाए जा रहे डिजिटल तरीकों को अब आगे भी जारी रखें.

The pandemic has served to accelerate the pace of change in the banking space, especially on the digital front. Traditional banking models have been reoriented to incorporate digital initiatives in order to accommodate the *'new normal'* which dictates social distancing and prohibits unnecessary movement. I firmly believe that the way ahead for banking will give rise to new technological paradigms in keeping with the new realities.

The pandemic has made digital transformation more relevant and urgent than before. Opportunities that banks expected to have years to prepare for are quickly approaching and previously slow-growing pain points are being pushed to the surface. To meet these challenges, banks have been compelled to innovate, reinvent and redefine themselves. When the COVID-19 pandemic forced banks to shut down much of their face-to-face interactions with customers and step up virtual operations, consumers quickly adapted to digital applications such as mobile banking and customer support through artificial intelligence (AI). Apart from digitisation of back-end processes, a number of banks turned to digital account opening and increased use of Application Programming Interfaces (APIs) to grow their business as well as to cater to the day-to-day requirements of the customers. Banks increasingly focused on technology innovations relating to voice as a channel, AI-powered chatbots, augmented reality, social virtual reality, hyper-personalisation, gamification, secure video interactions, digital ecosystem plays and others. These developments have shaken up some long-held beliefs about the primacy of the branch.

Branches have traditionally been the cornerstone of banking evolution over many decades. However, the emergence of digital channels and changing consumer preferences over the last few years has impacted the importance of a branch in a bank's channel mix. In the post-pandemic world, banks too are encouraging their customers to use low-contact mediums such as digital banking channels. In this COVID-19 world when movement is so restricted for so many, there is no doubt that remote banking will be seeing huge levels of growth. Those who had already adopted it are carrying on with it while those who are new to it are learning how to do it. In any case, most people do not want to go to a branch even if they can as it means coming into proximity with others. With the pandemic not retracting anytime soon, it is a reasonable expectation that some customer preferences will be irrevocably changed, especially when it pertains to activities like banking which may see a more or less permanent change as customers

हालांकि भारत में अधिकांश ग्राहक अपनी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए शाखाओं और एटीएम जैसे भौतिक चैनलों पर निर्भर रहते हैं. वे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं, जैसे ऑनलाइन नहीं रहने वाले पुराने ग्राहक, ग्रामीण समुदाय, दिहाड़ी मजदूर और बैंकिंग सुविधा रहित ऐसे लोग जिन्हें चेक भुनाने या भुगतान करने के लिए अभी भी एक भौतिक स्थान पर आने की जरूरत होती है. इस प्रकार, लॉकडाउन के दौरान भी, बैंक इस वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी शाखाओं के माध्यम से चुनिंदा सेवाएं प्रदान कर रहे थे.

डिजिटलीकरण में वृद्धि और चुनिंदा सेवाओं के लिए शाखा पर निरंतर निर्भरता ने *'फिजिटल'* की अवधारणा को जन्म दिया है, जो इस नई आइसोलेशन अर्थव्यवस्था में बैंकिंग रणनीति के तहत डिजिटल और भौतिक स्वरूप का संयोजन है. बैंक शाखाएं महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु बनी रहेंगी लेकिन संवाद की भूमिका और उसके आकार-प्रकार में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे. बैंकों को पारंपरिक शाखा मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा तथा इस बात पर ध्यान देना होगा कि डिजिटल बैंकिंग के माध्यम के अलावा कैसे ग्राहक को विशिष्ट, बेहतर, भौतिक सेवाएँ और अनुभव प्रदान किए जाएँ. साथ ही बैंकों को भौतिक अनुभवों को बढ़ाने व सेवाओं को तेज, अधिक सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाना होगा. इस नई सामान्य स्थिति में इस बात की संभावना है कि ग्राहक बैंक से संवाद का तरीका खुद चुनें, खास तौर पर अब वे बैंक शाखा में आने को कम प्राथमिकता देंगे. पारंपरिक भौतिक शाखाओं के साथ-साथ बैंक अब *'ब्रांच-ऑन-व्हील्स'* अवधारणा जैसे मॉडलों की संभावना भी तलाश कर सकते हैं, जो ग्राहकों को उनके पड़ोस में बैंकिंग सुविधाएं दें या बैंकिंग किओस्क भी लगाएँ जो अन्य व्यवसायों या भौतिक गंतव्यों के भीतर ही स्थित हों. हालांकि मौजूदा बैंकों के लिए शाखा नेटवर्क बहुत महत्वपूर्ण बना रहेगा, लेकिन इसकी प्रासंगिकता बढ़ाने और ग्राहकों को ओमनी चैनल सरीखी बहुविध सुविधा प्रदान करने के लिए नवाचार पर ध्यान देने की आवश्यकता है. दैनिक बैंकिंग की सुविधा का ज़ोर बढ़ने से लोग डिजिटल मोड की ओर रुख कर रहे हैं. लेकिन, जब ग्राहक डिजिटल चैनलों से भौतिक शाखाओं की ओर शिफ्ट होने का विकल्प चुनेंगे, तो उन्हें नए चैनल में इतनी सुविधा देना थोड़ा जटिल होगा.

एक और कारक है जो शाखाओं की भूमिका में बदलाव का कारण बन रहा है. वह है- महामारी के समय के बाद पूरे विश्व में उपभोक्ताओं, कारोबारों और समुदायों द्वारा झेली गई आर्थिक कठिनाइयों के चलते संपत्ति प्रबंधन और परामर्शी सेवाओं के लिए बढ़ती मांग. आने वाले समय में शाखाएं ग्राहकों में भरोसा पैदा करने, उच्च मूल्य वाली सलाह देने और जटिल उत्पादों की व्याख्या करने में अनिवार्य भूमिका अदा करेंगी. उच्च स्तर के डिजिटलाइजेशन से उत्पादों और सेवाओं के बीच अंतरसंबंध मजबूत हो सकते हैं तथा ग्राहकों को और अधिक विकल्प एवं पारदर्शिता उपलब्ध कराकर और उन्हें विवेकपूर्ण निर्णय लेने में मदद करते हुए उनके लिए कुछ अलग किया जा सकता है.

carry on embracing the digital methods they have been adopting to a greater extent during the crisis.

However, in India, a significant chunk of customer base relies on the physical channels such as branches and ATMs for catering to their banking needs. They continue to remain important to sections of society such as older customers who may not be online, rural communities, and also casual workers and the 'unbanked' who still need a physical place to come in order to encash cheques or make payments. Thus, even during the lockdowns, banks were providing select services through their branches to cater to these segments.

The interplay of rising digitalisation and continued reliance on branch for select services has given rise to the concept of *'phygital'*, which sees a combination of digital and physical, as a banking strategy for the new isolation economy. Branches will continue to be a critical part of a bank's touchpoints but the role, shape and size of interactions will see a significant change. Banks will be compelled to rethink the traditional branch model and focus on how to deliver specific, high value, physical interactions and experiences that can complement a digital banking core. At the same time, banks must leverage digital technologies to augment physical experiences and make services faster, more secure and more convenient. In the new normal, customers are likely to carefully pick and choose how to spend their time interacting, especially when it comes to something like a bank branch which may be low-priority destination for many. Complementing the traditional brick-&-mortar branches, banks may explore models like *'branch-on-wheels'* concept that can take the banking facilities to the neighborhood of customers or banking kiosks that are co-located within other businesses or physical destinations. While the branch network will continue to be very important for incumbent banks, there is a need to focus on innovation to increase its relevance and in creating a unified omni-channel customer experience. The focus on convenience for everyday banking is prompting a shift to digital modes. But it is critical to provide customers a consistent cross channel journey when they choose to shift from digital channels to physical branches.

Another factor which is causing a shift in role of branches is the rising demand for wealth management and advisory services on account of economic hardship faced by consumers, businesses and communities across the globe in the post-pandemic period. Branches of the future will play an integral role in creating trust, providing high value advice and explaining complex products. Higher degree of digitalisation can reinforce interconnections

सच कहा जाए तो इनमें से कोई भी तत्त्व पूरी तरह से नया नहीं है किंतु ये परिचालनगत परिवेश में आए अप्रत्याशित बदलावों के चलते मौजूदा प्रवृत्तियों में आई तीव्र गतिशीलता को दर्शाते हैं.

इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद आपके बैंक ने सराहनीय दूरदृष्टि और फुर्ती के साथ नए क्षेत्र की यात्रा पूरी की है. इन पिछले दो वर्षों में, अर्थात जबसे मैं अध्यक्ष के रूप में जुड़ा हूँ, आपके बैंक ने चुनौतियों के इस बाधक बवंडर का कुशलता से सामना किया है और वह कुछ प्रभावशाली परिणामों के साथ विजयी होकर उभरा है. पिछले कुछ वर्षों में अपने तुलन-पत्र को मजबूत बनाने के लिए बैंक द्वारा उठाए गए संगठित कदमों और व्यवसाय में टिकाऊ और स्थिर वृद्धि दर हासिल करने के लिए दिए गए विशेष ध्यान की झलक वित्तीय वर्ष 2020-21 के इसके कार्य-निष्पादन में देखी जा सकती है. बैंक वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹ 1,359 करोड़ का निवल लाभ अर्जित करते हुए लगातार पाँच वित्तीय वर्षों तक घाटे में रहने के बाद पहली बार मुनाफे की स्थिति में लौटा है. बैंक ने आस्ति और देयता दोनों पक्षों की ओर रिटेल बही के पक्ष में बढ़ते झुकाव को जारी रखा है. बैंक की पूंजी स्थिति विनियामकीय अपेक्षाओं के स्तरों से ऊपर बनी हुई है. संकेंद्रित दृष्टिकोण से आपके बैंक को अपनी वसूली और अपग्रेडेशन में सुधार लाने में मदद मिली है जिसके परिणामस्वरूप इसके आस्ति गुणवत्ता अनुपातों अर्थात सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात और निवल अनर्जक आस्ति (एनएनपीए) अनुपात में सुधार हुआ है. बैंक की वित्तीय सेहत में आए सुधार और कुछ विनियामकीय अपेक्षित मानदंडों के अनुपालन के प्रति आरबीआई को दी गई इसकी वचनबद्धता के फलस्वरूप आरबीआई ने 10 मार्च 2021 से त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा के अंतर्गत बैंक पर लगाए गए प्रतिबंधों को उठा लिया. यह वास्तव में बैंक के लिए एक अहम उपलब्धि है क्योंकि यह न केवल इसके नेतृत्व और प्रबंधन टीमों के दृष्टिकोण को बल्कि इस सपने को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम करने वाले जमीनी स्तर के समूचे कार्यबल की कड़ी मेहनत और समर्पण को भी रेखांकित करती है.

₹1,359 करोड़

वित्तीय वर्ष 2020-21 में निवल लाभ

आपके बैंक की रणनीति अपने परिचालन क्षेत्र में उभरनेवाली प्रवृत्तियों के अनुरूप आकार लेती रहेगी. एक लक्ष्य की प्राप्ति दूसरे लक्ष्य के लिए प्रस्थान बिन्दु होना चाहिए, यह विचार आपके बैंक के व्यवसाय दर्शन का मूल तत्त्व है. वार्षिक रिपोर्ट की थीम *'बेहतर कल की ओर'* को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक अपनी पेशकशों और पहलों के जरिए अपने ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उनके साथ साझेदारी करता रहेगा. अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं और साथ ही ग्राहकों से जुड़े एप्लिकेशनों, दोनों के डिजिटलाइजेशन को आगे बढ़ाते हुए आपका बैंक अपनी सेवाओं की त्वरित और निर्बाध सुपुर्दगी के लिए हरसंभव प्रयास करेगा. निडर और लक्ष्य केंद्रित होने पर किसी अकेले व्यक्ति की शक्ति दुर्जेय होती है किंतु एक साथ

between products and services and make a difference for consumers by giving them more choice and transparency and by helping them to make better-informed decisions. Admittedly, none of these elements are entirely new but they reflect accelerations of existing trends, punctuated with some additional factors prompted by unexpected shifts in the operating environment.

Despite these challenging circumstances, your Bank navigated the uncharted territory with commendable foresight and nimbleness. In these last two years, that is since the time I have joined as Chairman, your Bank did swim through this disruptive whirlwind of challenges and emerged triumphantly with some impressive results. The concerted steps taken by the Bank to strengthen its balance sheet and the focus on generating sustainable and stable growth in business over the years reflected in its performance in FY 2020-21. The Bank was back in the black for the first time after five consecutive financial years of loss with a Net Profit of ₹ 1,359 crore in FY 2020-21. The Bank has continued to witness an increasing skew in favour of retail book, both on the asset side and the liability side. The capital position of the Bank remained comfortably above the regulatorily required levels. A focussed approach has helped your Bank in improving its recovery and upgradation, thereby seeing an improvement in its asset quality ratios, viz. Gross Non-Performing Assets (GNPAs) ratio and Net Non-Performing Assets (NNPA) ratio. The improvement in the Bank's financial health and its commitment to the RBI to comply with certain regulatorily required parameters saw the RBI lifting the restrictions imposed on the Bank under the Prompt Corrective Action (PCA) framework with effect from March 10, 2021. This was indeed a momentous achievement for the Bank as it underscores not just the vision of its leadership and management teams but also the hard work and dedication of the entire ground level workforce who toiled to make this dream come true.

₹1,359 crore

Net Profit in FY 2020-21

The contours of your Bank's strategy will continue to be shaped by the emerging trends in its sphere of operations. The idea that the achievement of one goal should be the starting point of another is central to your Bank's business philosophy. In keeping with this Annual Report's theme of *"Towards a Better Tomorrow"*, your Bank, through its offerings and initiatives, will continue to partner its customers in achieving their life goals. By moving towards greater digitalisation of both its internal processes as well as customer interfacing applications, your Bank will strive

मिलकर काम करनेवाले बहुत से व्यक्तियों की शक्ति अविजेय होती है. आपके बैंक की टीम ने अपने प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखे हैं और इसने समुदाय की शक्ति के लिए गहरी समझ और ज्ञान, कौशल एवं कठोर परिश्रम की अंतरसम्बद्धता के साथ इसके संकल्प, उद्देश्य और दिशा को मजबूत बनाने का कार्य किया है. आपके बैंक ने हाल के कुछ समय में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं किंतु केवल इन उपलब्धियों से संतुष्ट होने की बजाए बैंक नये क्षितिजों को छूने के लिए दृढ़ प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है.

आपका बैंक सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा बैंक बनने की अपनी यात्रा में धीरे-धीरे अग्रसर है. मैं बैंक के ग्राहकों को इसके प्रति जताए गए भरोसे के लिए धन्यवाद देता हूं. मैं आप सबको भी धन्यवाद देना चाहूँगा और आग्रह करूंगा कि बैंक के प्रयासों के प्रति आपका सतत समर्थन आगे भी जारी रहे. यहाँ तक के सफर में आपके समर्थन से बैंक को काफी सहायता मिली है. मैं निदेशक मंडल के अपने सभी सहयोगियों को भी उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूँ, जिसके चलते आपके बैंक को लगातार विकसित हो रहे परिचालन परिवेश में चुनौतियों से पार पाने और उभरते अवसरों से लाभ उठाने में मदद मिली है. अंत में, मैं आपके बैंक के कर्मचारियों को ऐसे विपरीत समय में भी किए गए उनके अनथक प्रयत्नों और समर्पण भावना के लिए धन्यवाद देता हूं. बैंक के सभी हितधारकों ने बेहतर कल के निर्माण में अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार उल्लेखनीय योगदान दिया है.

यदि हम आने वाले कल की ओर देखें तो यह बात तय है कि आने वाला वर्ष कारोबारों और साथ ही उपभोक्ताओं के डाँवांडोल विश्वास से उत्पन्न चुनौतियों और आर्थिक कार्यकलापों की अस्थिर गति से बाधित रह सकता है. एक कठोर स्वास्थ्य आपातकाल ने प्रभावित लोगों, कारोबारों और साथ ही साथ, नीति-निर्माताओं की ओर से असाधारण प्रतिक्रियाओं और परिणामों की संभावनाएं बना दी हैं. इन परिस्थितियों में बैंक अपने ग्राहकों के साथ खड़ा रहने और वित्तीय सेवाओं की निर्बाध सुपुर्दगी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और वह संकट के असर को कम करने के लिए राहत उपायों में अपनी भागीदारी जारी रखेगा. आपका बैंक परिचालन परिवेश में बढ़े हुए जोखिमों से अवगत है और मजबूत एवं लचीला बने रहने के लिए कदम उठाएगा तथा संभावित हानियों को वहन करने के लिए सुदृढ़ स्थिति में बना रहेगा. इस चुनौतीपूर्ण समय में भी अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजित करने की आपके बैंक की प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है. मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर बेहतर कल की ओर आगे बढ़ेंगे.

शुभकामनाओं सहित,

एम. आर. कुमार
अध्यक्ष

in its efforts to ensure expeditious and seamless delivery of its services. The power of one, if fearless and focused, is formidable, but the power of many working together is unassailable. Your Bank's team has seen its efforts yielding positive results and this has served to strengthen its resolve, purpose and direction, along with a deeper appreciation for the power of community and the interconnectivity of knowledge, skills and hardwork. Your Bank has crossed many significant milestones in the recent past but rather than resting on its laurels, the Bank is committed to soldiering on in order to conquer new horizons.

As your Bank forges ahead on its journey of being the most trusted and preferred bank, I would like to thank the Bank's customers for placing their trust in it. I would also like to thank you and solicit your continued support towards the Bank's endeavours which has helped it in coming so far in its journey. I would also like to thank all colleagues on the Board of Directors for their valuable guidance which helped your Bank in successfully triumphing over challenges and grabbing the emerging opportunities in the constantly evolving operating environment. Last but not the least, I would like to thank the employees of your Bank for their untiring efforts and dedication even in such tumultuous times. All of the Bank's stakeholders, in their own capacity, are contributors to the larger design of a better tomorrow.

Going forward, it is inevitable that the year ahead will be peppered with challenges stemming from wavering confidence among businesses as well as consumers as also sputtering momentum of economic activities. A health emergency of this magnitude has demanded extraordinary responses and outcomes from all the affected population, businesses as well as policymakers. Under these circumstances, the Bank remains committed to being with its customers and ensuring seamless delivery of financial services and will participate in the relief measures to mitigate the impact of the crisis. Your Bank is cognisant of the elevated risks in the operating environment and will take steps to remain strong and resilient and be well-positioned to absorb potential losses that could arise. Your Bank's commitment to create value for all its stakeholders continues to remain strong even in these challenging times. I am sure that together, we are going to move towards a better tomorrow.

With best wishes,

M. R. Kumar
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

Message from the Managing Director & CEO

उभरती परिस्थितियाँ. अनुकूल रणनीति

Evolving Circumstances. Consistent Strategy

"इस महामारी के समय आपके बैंक ने निर्बाध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने, विभिन्न परिवारों को वित्तीय राहत प्रदान करने तथा कारोबार के लिए कार्यशील पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रभावी तत्परता दिखाई.

Your Bank responded quickly and effectively to the demands of the pandemic by ensuring uninterrupted banking services, providing financial relief to households, and ensuring flow of working capital to business."

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

प्रिय शेयरधारको,

मैं आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएँ प्रस्तुत कर रहा हूँ. इससे पहले कि मैं आपके बैंक के परिचालन और वित्तीय कार्य-निष्पादन के बारे में विस्तार से बताऊं, मैं आपको एक प्रासंगिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिए 2020-21 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में संक्षेप में बताना चाहूंगा.

वित्तीय वर्ष 2020-21 हर नजरिए से एक असाधारण वर्ष था. यह कोविड-19 सरीखी वैश्विक महामारी का वर्ष था, जिसने वैश्विक मंदी को जन्म दिया. यह एक ऐसा वर्ष था, जिसके दौरान लाखों लोगों की जान बचाने के साथ-साथ महामारी के आर्थिक दुष्परिणाम रोकने के लिए सरकारी स्तर पर अभूतपूर्व कदम उठाए गए. यह एक ऐसा वर्ष था जिसमें हममें से प्रत्येक को कठिन व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करना पड़ा और हममें से कई लोगों ने अपने प्रियजन खो दिए. कोविड-19 महामारी के चलते स्वास्थ्य और आर्थिक चुनौतियों से प्रभावित हुए लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ.

वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति

जहां सारी दुनिया कोविड-19 महामारी के प्रकोप से हर मोर्चे पर जूझ रही थी, वहीं भारत भी इस महामारी से काफी प्रभावित हुआ. इस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए, भारत ने मार्च 2020 के अंत में लॉकडाउन लगाया, जो अगले दो महीनों तक जारी रहा. भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दोनों ने अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां लागू कीं. भारत सरकार ने मार्च 2020 में ₹ 1.7 लाख करोड़ का राहत पैकेज घोषित करने के बाद व्यापार को प्रोत्साहित करने, निवेश आकर्षित करने और 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में मई, अक्टूबर और नवंबर महीनों में तीन चरणों में 'आत्मनिर्भर भारत' नामक एक विशेष आर्थिक और व्यापक पैकेज आरंभ किया. इस आत्मनिर्भर भारत पैकेज में विभिन्न परिवारों को वस्तु व नकदी सहायता, प्रधान मंत्री निर्धन कल्याण रोजगार अभियान के तहत रोजगार प्रावधान उपाय, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत आबंटन में वृद्धि, एमएसएमई और एनबीएफसी के लिए क्रेडिट गारंटी और इक्विटी प्रदान करना आदि बातें शामिल हैं. इस आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत संरचनात्मक सुधारों की भी घोषणा की गई, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कृषि क्षेत्र का विनियमन, एमएसएमई की परिभाषा में बदलाव, नई पीएसयू नीति, कोयला खनन का व्यवसायीकरण, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में उच्चतर एफडीआई सीमाएं, औद्योगिक भूमि/भूमि बैंक और औद्योगिक सूचना प्रणाली का विकास, सामाजिक बुनियादी संरचना के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण योजना में सुधार, नई बिजली शुल्क नीति और राज्यों

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I place before you the highlights of your Bank's performance for the financial year 2020-21. Before I elaborate on the details of your Bank's operational and financial performance, I would like to briefly outline the state of the Indian economy in 2020-21 to provide a contextual perspective.

Financial Year (FY) 2020-21 was an extraordinary year by any measure. It was a year of a global pandemic, COVID-19, which triggered a global recession. It marked a year of unprecedented government actions to save millions of lives as well as to strive to contain the economic fallout of the pandemic. It was a year in which each of us faced difficult personal challenges, and a staggering number of us lost loved ones. My heart goes out to everyone who has been affected by the health and economic challenges of the COVID-19 pandemic.

State of the Indian economy in FY 2020-21

As the world was battling on all fronts against the outbreak of the COVID-19 pandemic, India was also considerably affected by the pandemic. In a bid to contain the spread of the pandemic, India went into a lockdown in late March 2020, which continued for the next two months. Both the Government of India (GoI) and the Reserve Bank of India (RBI) implemented a judicious mix of fiscal and monetary policies to mitigate the negative impact of COVID-19 on the economy. Topping up the ₹ 1.7 lakh crore relief package announced in March 2020, the GoI unveiled a special economic and comprehensive package 'AtmaNirbhar Bharat' in three phases in the months of May, October and November in the year 2020 with an aim to encourage business, attract investments and strengthen the resolve for 'Make in India'. The AtmaNirbhar Bharat package included, among others, in-kind and cash transfer relief measures for households, employment provision measures under Pradhan Mantri Garib Kalyan Rojgar Abhiyaan, increased allocation under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS), credit guarantee & equity infusion-based relief measures for MSMEs & NBFCs etc. Structural reforms were also announced as part of the AtmaNirbhar Bharat Package which, inter alia, included deregulation of the agricultural sector, change in definition of MSMEs, new PSU policy, commercialization of coal mining, higher FDI limits in defense and space sector, development of Industrial Land/ Land Bank and Industrial Information System, revamp of Viability Gap Funding scheme for social infrastructure, new power tariff policy and

को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल थे. आरबीआई ने कमजोर क्षेत्रों, संस्थाओं और वित्तीय साधनों की सहायता हेतु पर्याप्त प्रणाली-स्तरीय लिक्विडिटी के साथ-साथ लक्षित लिक्विडिटी सुनिश्चित करने के लिए परंपरागत और गैर-परंपरागत उपाय अपनाए. आरबीआई ने नीतिगत दरों में कमी लाने और एक उदार मौद्रिक नीति के रूप में दूरदर्शी मार्गदर्शन देने के अलावा, दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ), लक्षित दीर्घावधि रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) सहित विभिन्न लिखतों के माध्यम से बाजार संचालित किया. इसके अलावा विशिष्ट क्षेत्रों के लिए टीएलटीआरओ, म्यूचुअल फंड के लिए एक लिक्विडिटी विंडो, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) की लिक्विडिटी की स्थिति में सुधार के लिए एक विशेष प्रयोजन उद्देश्य से एक विशेष लिक्विडिटी योजना (एसएलएस) का संचालन, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (एआईएफआई) का चयन करने के लिए विशेष पुनर्वित्त सुविधाएं, राज्य विकास ऋण (एसडीएल) और ट्विस्ट परिचालनों सहित ओपन मार्केट परिचालन (ओएमओ) आदि पहल कार्य किए गए. आरबीआई ने नियामकीय धैर्य अपनाते हुए उधारकर्ताओं को ऋण-स्थगन देने के साथ-साथ आस्ति के पुनर्गठन के लिए दो चरणों में शिथिल नियमों के साथ समाधान रूपरेखा की भी घोषणा की.

भारत सरकार और आरबीआई द्वारा उठाए गए ठोस उपायों के चलते वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी छमाही में भारत को आर्थिक पुनरुद्धार में मदद मिली, जो भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हुई सकारात्मक वृद्धि से देखा जा सकता है. हालांकि वर्ष की पहली दो तिमाहियों में हुए संकुचन के चलते सम्पूर्ण वर्ष में नकारात्मक वृद्धि ही दर्ज हो सकी.

कारोबार रणनीति

विभिन्न घटनाक्रम से भरपूर इस वर्ष में आपके बैंक ने इस बात को स्वीकार किया कि विभिन्न कंपनियों और व्यक्तियों के सपने पूरे करने में और उनके कठिन समय में उनके लिए संबल बनने में बैंक एक प्रमुख भूमिका निभाता है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए तथा सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद बैंक होने के अपने संकल्प को देखते हुए उचित कदम उठाए. आपके बैंक ने निर्बाध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने, विभिन्न परिवारों को वित्तीय राहत प्रदान करने, कार्यशील पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित करने, व्यापार के लिए ऋण प्रदान करने के अलावा भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित विभिन्न नीतिगत उपायों को लागू करते हुए इच्छित लाभार्थियों को राहत प्रदान कर इस महामारी के समय अपनी तत्परता दिखाई.

ऐसे समय में जब दुनिया के सामने आने वाले संकट की प्रकृति या परिमाण का कोई भी अनुमान नहीं लगा सकता था, तब बैंक ने इस तीव्र दबावपूर्ण समय में भी अपनी वित्तीय और परिचालन स्थिति में लचीलापन दर्शाया. बैंक की नेतृत्व टीम के विजन और इसके कार्यबल के अथक प्रयासों से अच्छे परिणाम सामने आए जो बैंक के कार्य-निष्पादन में हुए सुधार से परिलक्षित होते हैं.

incentivising States to undertake sector reforms. The RBI also responded with a mix of conventional and unconventional measures to ensure ample system-level liquidity as well as targeted liquidity to support vulnerable sectors, institutions and financial instruments. In addition to reduced policy rates and sustained forward guidance in the form of an accommodative monetary policy stance, the RBI conducted market operations through a variety of instruments, including Long Term Repo Operations (LTROs), Targeted Long Term Repo Operations (TLTROs), On-Tap TLTROs aimed at specific sectors, a liquidity window for mutual funds, a Special Liquidity Scheme (SLS) operationalised through a special purpose vehicle to improve the liquidity position of Non-Banking Financial Companies (NBFCs) and Housing Finance Companies (HFCs), special refinance facilities to select All India Financial Institutions (AIFIs), Open Market Operations (OMOs) including in State Development Loans (SDLs) and twist operations. The RBI also extended regulatory forbearance that saw moratorium being extended to borrowers as well as announced Resolution Framework in two phases with relaxed norms for restructuring assets.

The concerted measures taken by the GoI and the RBI helped the economic revival as evidenced by the positive growth in India's real Gross Domestic Product (GDP) in the second half of FY 2020-21, although the contraction in the first two quarters resulted in negative growth for the full year.

Business Strategy

As the events unfolded throughout the year, your Bank responded appropriately, guided by its vision of being the most preferred and trusted bank, as it acknowledged that banking plays an essential role in enabling companies and individuals to reach for their dreams, and for being a source of strength in difficult times. Your Bank responded quickly and effectively to the demands of the pandemic by ensuring uninterrupted banking services, providing financial relief to the households, ensuring flow of working capital and credit to business and supporting the delivery of the policy measures announced by the GoI and the RBI to the intended beneficiaries.

While no one could have ever predicted the nature or extent of the crisis that is unfolding before the world, the Bank exhibited financial and operational resilience during a period of intense stress. The vision of the Bank's leadership team, coupled with the untiring efforts of its workforce, bore fruits as reflected by the improvement in the performance of the Bank.

चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण और महामारी के चलते उभर रही अनिश्चितताओं को देखते हुए बैंक ने सुविचारित जोखिम-शोधन कारोबार रणनीति अपनाई है ताकि लंबे समय तक स्थिर और लाभदायक विकास सुनिश्चित किया जा सके. एक रिटेल-केंद्रित बैंक के रूप में अपनी परिकल्पित रणनीतिक स्थिति को जारी रखते हुए तथा पीसीए रूपरेखा के तहत कॉरपोरेट को उधार देने में बाधाओं के चलते आपके बैंक ने अपनी खुदरा, कृषि और एमएसएमई (रैम) आस्ति बही को बढ़ाने पर ज़ोर देना जारी रखा. साथ ही, बैंक ने अपने कॉरपोरेट एक्सपोजर को सावधानीपूर्वक सीमित करना जारी रखा ताकि समग्र रूप में अपनी बहुविध आस्तियों को अपेक्षानुसार परिमाण में लाया जा सके. देयता के मोर्चे पर, आपके बैंक ने थोक सावधि जमाराशियों पर निर्भरता कम करते हुए अपने कम लागत वाले जमा आधार यानी कासा जमा और खुदरा सावधि जमा को बढ़ाने का प्रयास किया. आपके बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ हुए तालमेल के अवसर का लाभ उठाते हुए उनसे संपर्क जारी रखा ताकि अपनी खुदरा देयता और आस्ति बही में वृद्धि के साथ-साथ शुल्क आधारित आय में वृद्धि हासिल की जा सके. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने एलआईसी की ओर से ₹ 863 करोड़ की प्रीमियम राशि एकत्रित की, जो एलआईसी द्वारा बैंकएश्योरेंस के माध्यम से एकत्र की गई कुल प्रीमियम राशि का 50% है. इस कार्य से बैंक ने ₹ 62 करोड़ की शुल्क आय अर्जित की. आपके बैंक द्वारा विभिन्न प्रकार की नई पेशकश शुरू करने और मौजूदा उत्पादों/सेवाओं में सुधार करने से इन रणनीतिक प्रयासों को काफी बल मिला. महामारी जनित प्रतिबंधों के चलते आवाजाही पर लगे प्रतिबंधों को देखते हुए आपके बैंक ने वैकल्पिक/डिजिटल चैनलों में निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्राहकों की सहूलियत बढ़ाने के लिए नई कार्यक्षमताओं को भी जोड़ा.

₹863 करोड़

एलआईसी की ओर से बैंक द्वारा एकत्र की गई प्रीमियम राशि

आपके बैंक ने एक स्थिर और लाभदायक विकास पथ हासिल करने के लिए आस्ति गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को दूर करने की जरूरत महसूस करते हुए कानूनी और विनियामक मार्गों के माध्यम से अपचारी आस्ति पोर्टफोलियो में अधिकतम वसूली और उन्नयन के प्रयास तेज कर दिए हैं. बैंक ने मौजूदा दबाव को हल करने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने की दिशा में कॉरपोरेट और खुदरा पोर्टफोलियो में वसूली के लिए समर्पित टीमों का भी गठन किया है. साथ ही आस्ति गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को कम करने के लिए बैंक ने अपने ऋण निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया है ताकि बैंक के पोर्टफोलियो में दबाव की शुरुआत की बारीकी से निगरानी की जा सके और आस्ति गुणवत्ता में गिरावट को रोका जा सके. इस संदर्भ में यह उल्लेख करना उचित होगा

The Bank has adopted a risk-calibrated business strategy to ensure stable and profitable growth over the longer run, especially in view of the challenging operating environment and the uncertainties brought to the forefront by the pandemic. Continuing on its envisaged strategic positioning as a retail-focussed bank as also due to constraints on lending to corporates on account of being under the PCA framework, your Bank persevered on ramping up its Retail, Agri and MSME (RAM) asset book. At the same time, the Bank continued to consciously limit its corporate exposure to bring about the desired asset mix which is diversified and granular in nature. On the liability side, your Bank strived to boost the share of its low-cost deposits base i.e. CASA deposits to the total deposit while reducing reliance on bulk term deposits. Tapping into the synergy opportunities, your Bank continued to liaison with the Life Insurance Corporation of India (LIC) to derive benefits in terms of growth in its retail liability and asset book as well as augment fee income. During FY 2020-21, the Bank collected premium amounting to ₹ 863 crore on behalf of the LIC, which accounts for 50% of the total premium collected by the LIC through Bancassurance, and earned a fee income of ₹ 62 crore. These strategic endeavours of your Bank were backed by introduction of new offerings as well as revamping the existing products/ services. Given the restrictions on movement due to the pandemic, your Bank ensured seamless customer experience across alternate/ digital channels as also added new functionalities to enhance customer convenience.

₹863 crore

Premium collected by the Bank on behalf of LIC

Recognising the need for addressing the asset quality concerns in a sustained manner for securing a stable and profitable future growth path, your Bank has intensified its efforts to maximise recovery and upgradation of delinquent asset portfolio through legal and regulatory routes. To ensure a focussed approach to resolve the existing stress, the Bank has also set up dedicated teams to drive recovery in corporate and retail portfolio. In order to mitigate the asset quality concerns going forward, the Bank has also strengthened its credit monitoring mechanism in order to closely monitor the onset of stress in the Bank's portfolio and to prevent slippages in asset quality. In this context, it may be pertinent to mention that keeping in view the possible financial stress on its customers base on account of the COVID-19 induced lockdown/

कि कोविड-19 प्रेरित लॉकडाउन/प्रतिबंधों के कारण अपने ग्राहक आधार पर संभावित वित्तीय दबाव को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने नियामकीय और सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत सभी पात्र ग्राहकों को ऋण-स्थगन अवधि प्रदान की है. ऋण-स्थगन का विकल्प चुनने वाले उधारकर्ताओं के खातों की बारीकी से निगरानी की जा रही है ताकि नियमित चुकौती सुनिश्चित कर आस्ति गुणवत्ता में दबाव से बचा जा सके.

अपनी कारोबार रणनीति के व्यापक ढांचे के अंतर्गत आपके बैंक द्वारा की गई पहल के विवरण वार्षिक रिपोर्ट के 'निदेशकों की रिपोर्ट' और 'प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण' खंड में दिए गए हैं. मुझे यह बताते हुए खुशी है कि आपके बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सामूहिक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं. मैं आपके लिए इनमें से कुछ पैरामीटर यहाँ विशेष रूप से प्रस्तुत करना चाहूँगा.

वित्तीय और परिचालनगत विशेषताएँ

एक चुनौतीपूर्ण समय में परिचालन करते हुए आपका बैंक अपने हितधारकों हेतु मूल्य सृजन के लिए प्रतिबद्ध रहा और वर्ष के दौरान बेहतर वित्तीय कार्य-निष्पादन प्रस्तुत किया.

1.97%

मार्च 2021 अंत में निवल एनपीए

f. The Directors had devised proper systems to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

Acknowledgements

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the GoI, the RBI, all other statutory/ regulatory authorities and the LIC for their valuable cooperation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banks/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year, and looks forward to their continued association in the years ahead. The Board appreciates the sincere and devoted services rendered by its entire staff and highly values their commitment towards the Bank.

[Suresh Khatanhar]
Deputy Managing Director

[Samuel Joseph Jebaraj]
Deputy Managing Director

[Rakesh Sharma]
Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date: May 03, 2021

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

कारोबारी परिवेश

कोरोना वायरस महामारी जो आरंभ में स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर कर सामने आई, कैलेंडर वर्ष (सीवाई) 2020 के दौरान घोर आर्थिक संकट और सामाजिक चुनौती का कारण बन गई तथा कैलेंडर वर्ष (सीवाई) 2021 के दौरान भी कोविड-19 महामारी की *'दूसरी लहर'* के रूप में जारी रही. इस अवधि के दौरान मुख्य अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक वृद्धि में तेजी से गिरावट आई. तथापि, नीति निर्माताओं द्वारा राजकोषीय नीति में विस्तार, वित्तीय प्रणाली में तरलता को बढ़ाने के लिए मौद्रक नीति टूल के प्रयोग, व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान तथा अन्य अग्रसक्रिय उपायों ने निकट भविष्य में आर्थिक वसूली में जोखिम को कुछ हद तक कम करने की उम्मीद जगाई है.

घरेलू मोर्चे पर संवृद्धि दर में महामारी का आर्थिक प्रभाव स्पष्ट था. वर्ष 2020-21 के राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में, वित्तीय वर्ष 2019-20 के 4% संवृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 7.3% तक का संकुचन हुआ. आधार कीमत, जो क्षेत्रीय कार्यनिष्पादन को कैप्चर करता है, में योजित सकल मूल्य (जीवीए) में भी उद्योग और सेवा क्षेत्र में संकुचन के कारण वित्तीय वर्ष 2019-20 के 4.1% संवृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6.2% का संकुचन हुआ तथा इससे कृषि क्षेत्र की संवृद्धि भी प्रभावित हुई.

इस पृष्ठभूमि के प्रतिकूल, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था के विकास में रोड़ा अटकाने वाली चिंताओं के निवारण के लिए सर्वसमावेशी और समन्वित नीति संबंधी दृष्टिकोण को अपनाया. आत्मनिर्भर भारत अभियान, संघ के बजट 2021-22 में व्यापक शृंखला वाली घोषणाएँ, समायोजित मौद्रिक नीति, अपरंपरागत मौद्रिक नीति टूल्स का नियोजन तथा अन्य राजकोषीय और मौद्रिक उपायों ने संवृद्धि को गति प्रदान करने में आवश्यक बल प्रदान किए हैं.

इसके अतिरिक्त, वृद्धि में तेजी लाने संबंधी कारकों को मजबूत करने और व्यापक बनाने, व्यापक स्तर पर टीकाकरण, क्षेत्र विशेष के लिए बजट की घोषणा, बजट पूँजी व्यय में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में लगातार निवेश पर ज़ोर, आदि जैसे उपायों से निकट भविष्य में भारत के आवधिक संवृद्धि दृष्टिकोण में सुधार की आशा है. साथ ही, एक संतुलित मुद्रास्फीति दृष्टिकोण आरबीआई को संवृद्धि में सहायता करने, महामारी के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने और अर्थव्यवस्था के उच्चतर संवृद्धि पथ पर लौटने के लिए उदार नीति कायम रखने में समर्थ बना सकता है. अर्थव्यवस्था की वक्रीय वृद्धि में स्थायी आधार पर तेजी लाने के लिए राजकोषीय तथा मौद्रिक, दोनों ही स्तर पर सामूहिक प्रयास की जरूरत को अतिशयोक्ति नहीं कहा जा सकता.

कारोबार समीक्षा

अभी-अभी समाप्त हुए विगत वर्ष ने दुनिया के सामने अप्रत्याशित चुनौतियों को पेश किया, क्योंकि कोविड-19 महामारी के प्रभाव ने केवल कारोबार परिचालनों को ही बाधित नहीं किया, बल्कि इसने हमारे दैनिक जीवन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया. अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों की अन्य कंपनियों की तरह आपके बैंक ने भी बहुविध रूप से कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव का सामना किया. बनी रही चुनौतियों के बावजूद, आपके बैंक ने आगे बढ़ना जारी रखा और आपके बैंक द्वारा प्राप्त वित्तीय परिणाम अपने कार्य के प्रति उच्चतम प्रतिबद्धता का प्रमाण है तथा यह प्रबंधन टीम, स्टाफ और बोर्ड की कड़ी मेहनत एवं समर्पण को दर्शाता है. वर्ष बीतने के साथ-साथ मूल्यवान सबक सीखने को मिला, क्योंकि आपके बैंक के प्रत्येक व्यक्ति को कामकाज के तौर-तरीके को बदलना पड़ा. अपने अधिकांश स्टाफ सदस्यों के लिए रिमोट कार्य की सुविधा प्रदान करते हुए आपके बैंक ने सेवा मानकों से बिना कोई समझौता किए तथा अपने हितधारकों और उनके परिवार के हित को सुनिश्चित करते हुए ग्राहकों के लिए सेवा गुणवत्ता के उच्चतम स्तर को बनाए रखना जारी रखा. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रोटोकॉल भी एक चुनौती बनी रही और वास्तव में यह सभी हितधारकों के लिए सामान्य कारोबार की तरह रहा जो इन मजबूत और कड़े प्रोटोकॉल के साक्षी बने.

बदले हुए परिचालन माहौल के बावजूद, बैंक के कारोबार रणनीति के संबंध बोर्ड की रूपरेखा समान रही. अपने आपको रिटेल-केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करते हुए बैंक ने रिटेल और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में अपने व्यवसाय को रणनीतिपरक रूप से बढ़ाना जारी रखा, जबकि कॉरपोरेट एक्सपोजर को कम करने के प्रयास किए. तदनुसार, बैंक ने इस रणनीति के अनुरूप अपने रिटेल, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) आस्ति बही का आकार बढ़ाने के लिए पहल कार्य किए जो अंतर्निहित रूप से खुदरा प्रकृति के हैं और अधिक स्थिर एवं विशाखीकृत आस्ति संमिश्र हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगे. देयता के मोर्चे पर आपके बैंक ने कम लागत वाले जमा आधार अर्थात् कासा जमाराशियों को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा में और अधिक सक्षम होने के उद्देश्य से जमाराशियों और निधियों पर लागत को कम करते हुए संस्थागत जमा पर निर्भरता को कम करने के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया. बैंक की इस रणनीति के पीछे मौलिक सोच रणनीतिक रूपरेखा स्थापित करनी है जो इसके कारोबार परिचालन में जोखिम को अंशशोधित और टुकड़ों में कम करेगी.

बैंकिंग का अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक डोमेन होने के कारण आपके बैंक ने लगातार संगत बने रहने का प्रयास किया है. अतः वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने ग्राहकों की पसंद और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ऑफर की नई शृंखला जारी की तथा साथ ही वर्तमान उत्पाद और सेवाओं को बेहतर बनाया. ग्राहकों के साथ दीर्घावधि संबंध को बेहतर बनाना बैंक की रणनीति का एक मूल तत्त्व रहा है. इसके लिए बैंक अपने संपर्क केंद्र बढ़ा कर, वर्धित डिजिटलीकरण प्रक्रिया के माध्यम से, मोबाइल/इंटरनेट/फोन बैंकिंग सेवाएँ आदि को बेहतर कर ग्राहकों को अबाधित सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है. 31 मार्च

2021 के अनुसार, आपके बैंक ने 1886 शाखाओं के अपने नेटवर्क के जरिए अपने ग्राहकों को सेवाएं दी हैं जिसमें भारत में महानगरीय केंद्रों में 426 शाखाएं, शहरी केंद्रों में 464 शाखाएं, अर्ध-शहरी केंद्रों में 585 शाखाएं और ग्रामीण केंद्रों में 409 शाखाएं (255 वित्तीय समावेशन शाखाओं सहित), दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), दुबई में एक समुद्रपारीय शाखा और गुजरात अंतर्राष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी (जीआईएफटी), गांधीनगर में एक अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, इस नेटवर्क में 3,388 एटीएम और 58 ई-लाउंज भी शामिल हैं. ग्राहकोनुकूल वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझने और बेहतर अंतर्दृष्टि हासिल करने हेतु बैंक ने डेटा विश्लेषण एवं ग्राहक संबंध प्रबंध (सीआरएम) मॉड्यूल भी कार्यान्वित किया है.

जनवरी 2019 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बैंक में बहुलांश शेयरधारिता अर्जित करने के बाद आपके बैंक ने कार्रवाई योग्य विशिष्ट मुद्दों की पहचान की और संभावित कारोबार को बढ़ाने के लिए दोनों संस्थाओं के बीच सहक्रियाओं के जरिए कई उपायों को कार्यान्वित किया. इससे बैंक को कम कीमत वाली जमा बही, अर्थात् कासा बही और रिटेल खाता बही जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में कारोबार बढ़ाने में मदद मिली है. एलआईसी के कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में कार्य करके बैंक एलआईसी के बीमा उत्पादों को प्रोत्साहित तथा साथ ही अपनी शाखाओं/ डिजिटल चैनलों के माध्यम से एलआईसी के विभिन्न कार्यालयों को संग्रहण/भुगतान संबंधी आवश्यकताओं में मदद के लिए अपने वितरण चैनलों/संपर्क केन्द्रों को अधिक प्रभावी बनाता रहा है.

अपने आस्ति गुणवत्ता मुद्दों के समाधान को उच्चतम प्राथमिकता देते हुए, आपका बैंक एनपीए के द्रुत समाधान और इसकी वसूली के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाता रहा है. दो अलग वर्टिकल, अर्थात कॉर्पोरेट मामलों के एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) और रिटेल मामलों के लिए रिटेल संग्रहण एवं वसूली की स्थापना के अतिरिक्त, आपके बैंक ने वर्तमान अनर्जक मामलों से अधिकतम वसूली के किए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआरआईपी) के अधीन मामलों हेतु एक समर्पित केंद्रीकृत डेस्क भी स्थापित किया है. भविष्य में बेहतर आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आपके बैंक ने विशेष उल्लेखवाले खातों (एसएमए), संभावित अनर्जक खातों (एनपीए) और प्रारंभिक चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस) दर्शानेवाले नियमित खातों की पहचान करने के उद्देश्य से समर्पित ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) का गठन किया है ताकि गहन अनुवर्तन और इन खातों की निगरानी सुनिश्चित करते हुए इन खातों को एनपीए में रूपांतरित होने से रोका जा सके.

बैंक द्वारा किए गए रणनीतिक उपायों ने वर्ष के दौरान इसके वित्त संबंधी कायापलट में सहायता प्रदान की. परिणामस्वरूप, न्यूनतम विनियामकीय पूंजी, निवल अनर्जक आस्ति (एनएनपीए) और निरंतर आधार पर अनुपात बढ़ाने संबंधी अनुपालन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता तथा द्रुत सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा में निर्धारित मानदंडों के अनुपालन को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ शर्तों और निरंतर निगरानी के अधीन, पीसीए रूपरेखा के अधीन लगाए गए प्रतिबंधों को अपने दिनांक 10 मार्च 2021 के पत्र द्वारा हटाने का निर्णय लिया.

बैंक के लिए आगे की राह आशा से भरी, पर अभी भी चुनौतीपूर्ण है. आपके बैंक ने संवृद्धि की गति को प्राप्त कर लिया है जिसे कायम रखने के साथ-साथ मजबूती के साथ आगे बढ़ाया भी जाएगा. पीसीए रूपरेखा से बाहर होते ही बैंक के लिए बैंकिंग कार्यकलापों की व्यापक शृंखला कार्यान्वित करने हेतु संभावनाओं के द्वार खुल चुके हैं जिससे इसके कारोबार कार्यनिष्पादन को बढ़ाने में और अधिक मदद मिलेगी. बैंक ने महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यक तेजी के लिए संगठनात्मक पुनर्गठन को कार्यान्वित भी किया है. बैंक रिटेल और लघु एवं मझोले उद्यमों में हिस्सेदारी बढ़ाने पर निरंतर ज़ोर देने के साथ-साथ जोखिम को अंशांकित करते हुए कॉर्पोरेट ऋण बही, विशेष कर मझोले आकार की इकाइयों में निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करेगा. बैंक कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न चुनौतियों से अवगत रहा तथा अपने ग्राहकों को निरंतर सेवा देने के लिए अपनी परिचालनगत रणनीतियों का लगातार पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निर्माण कर रहा है. आपका बैंक अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने तथा अपने हितधारकों का विश्वास जीतने के लिए एक मजबूत जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और कॉर्पोरेट अभिशासन संरचना सुनिश्चित करता रहेगा. इन रणनीतिक प्रयासों का उद्देश्य बैंक के लिए एक सुरक्षित स्थिति के निर्माण में मदद करना है ताकि यह बैंकिंग क्षेत्र में सबसे अधिक भरोसेमंद बैंक बना रहे. आपका बैंक विश्वास करता है कि किसी यात्रा को शुरू करने के लिए प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता की सबसे अधिक जरूरत है. बैंक ने पीसीए रूपरेखा से बाहर निकल कर कल्पित आधार पर एक नई यात्रा शुरू की है. वर्षों से बैंक ने जो दृढ़ता दिखाई है उसे ध्यान में रखते हुए आशा की जाती है कि बैंक एक बार फिर मजबूती से खड़ा होगा और अपने हितधारकों और उच्चतम बैंकिंग मानकों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण तेजी से संवृद्धि के पथ पर अग्रसर होगा.

रिटेल बैंकिंग

रिटेल देयता उत्पाद

आपके बैंक ने ग्राहकों की बदली हुई जरूरतों और उनके व्यवहार को ध्यान में रख कर, विशेष कर कोविड-19 महामारी के बाद, उनसे संबन्धित सभी संभव बैंकिंग गतिविधियों को अंकीकरण करने के लिए पहल कार्यों की शृंखला आरंभ की है.

इस प्रयास के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने वाट्सऐप बैंकिंग सेवाएँ, विडियो केवाईसी (वीएओ) के माध्यम से खाता खोलना/ पुनः केवाईसी सत्यापन और मोबाइल एप्लिकेशन (आई-क्विक) के माध्यम से खाते खोलना प्रारम्भ किया है. ये सभी डिजिटल-टू-कस्टमर (डी2सी) पहल पूरी तरह से आपके बैंक के संपर्क रहित और कागज रहित बैंकिंग दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो ग्राहकों को भौतिक रूप से बैंक गए बिना दूर से दैनिक लेनदेन की सुविधा प्रदान करेंगे.

उद्योग में देखी जा रही प्रवृत्ति के अनुसार, आपके बैंक ने बचत और मीयादी जमाराशियों पर उत्तरोत्तर ब्याज दर में कमी कर जमाराशियों पर अपनी लागत को तर्कसंगत बनाना जारी रखा. आपके बैंक ने बचत बैंक खाते, चालू खाते और ओवरड्राफ्ट खाते में दी जा रही कुछ सुविधाओं के प्रभार में भी संशोधन किए.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रवासियों की बैंकिंग और वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जमाराशियों, निवेशों, विप्रेषणों और ऋण सेवाओं के क्षेत्र में उत्पादों की व्यापक शृंखला प्रदान करता है. आपके बैंक ने अपने अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कारोबार में तेजी लाने और समुद्रपारीय लोकेशनों में रिमोट सेवा सुपुर्दगी को बढ़ाने के लिए उत्पाद/प्रक्रियाओं में संवर्धन जारी रखा.

आपके बैंक ने अपने तिमाही न्यूजलेटर *'एनआरआई संपर्क'* के जरिए एनआरआई ग्राहकों के साथ संपर्क जारी रखा है जो इसके विविध उत्पाद और सेवाओं की शृंखला को दर्शाता है.

रिटेल आस्तियां

आपके बैंक ने अपने आपको सम्पूर्ण सेवाएं देने वाले नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक के रूप में स्थापित करने के लिए अभिप्रेत ध्येय को ध्यान में रखते हुए उत्तरोत्तर बड़े रिटेल व्यवसाय पोर्टफोलियो पर लक्ष्य केंद्रित रखना जारी रखा है ताकि और अधिक संतुलित व्यवसाय संमिश्र हासिल किया जा सके. इसी लक्ष्य के अनुसरण में आपका बैंक इस समय रिटेल आस्ति उत्पादों की शृंखला पेश करता है जिनका मुख्य उद्देश्य रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है. आपके बैंक द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे रिटेल आस्ति उत्पादों में अन्य उत्पादों के अलावा आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण, वैयक्तिक ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण शामिल हैं. इन उत्पादों की आवधिक समीक्षा की जाती है और ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए वर्तमान उत्पादों में आशोधन/नवोन्मेष/अनुकूलीकरण किया जाता है. साथ ही, बैंक नियमित रूप से नए उत्पाद भी शुरू करता है.

आपके बैंक ने कोविड-19 महामारी द्वारा प्रस्तुत बाह्य अनिश्चतता के कारण किसी भी प्रकार के अतिरिक्त दबाव से बचने के लिए विवेकपूर्ण निर्णय लिया तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रिटेल आस्ति बही में संयत संवृद्धि का लक्ष्य रखा. तदनुसार, बैंक ने पिछले चार वर्षों के दौरान चक्रवृद्धि वार्षिक संवृद्धि दर (सीएजीआर) 10.99% संवृद्धि के साथ वार्षिक आधार पर 2.74% के आसपास संरचित रिटेल आस्ति (एसआरए) बही संवृद्धि दर्ज किया. आपके बैंक ने कम-से-कम गिरावट के साथ मजबूत संरचित रिटेल आस्ति पोर्टफोलियो कायम रखना जारी रखा.

सकेंद्रित पद्धति से उच्चतर वृद्धि प्राप्त करने के लिए आपके बैंक ने अलग से एसआरए वर्टिकल का निर्माण किया. नए एसआरए वर्टिकल के अधीन रिटेल आस्ति केंद्र (आरएसी), आरएसी से अलग हुए सेल्स संबंधी कार्यों के साथ समर्पित ऋण एवं परिचालन इकाई के रूप में कार्य करेगा. इससे ऋण गुणवत्ता और उन्नत प्रचालन क्षमता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी.

महामारी द्वारा लादी गई चुनौतियों का सामना और अपने ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने संरचित रिटेल आस्ति उत्पादों के अंतर्गत विभिन्न उपाय किए हैं जिनमें कुछ का उल्लेख नीचे किया जा रहा है :

- कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक संकट के संदर्भ में, सरकार/आरबीआई द्वारा लागू अधिस्थगन सहायता पैकेज का कार्यान्वयन ईमानदारी से किया गया. इसके अंतर्गत बैंक ने यथा 01 मार्च 2020 को बकाया ऋण के संबंध में सभी पात्र एसआरए मीयादी ऋण ग्राहकों के लिए अधिस्थगन मंजूर किया, जब तक कि उन्होंने स्वयं विशेष रूप से इससे बाहर रहने का विकल्प नहीं चुना. किस्त भुगतान के लिए अधिस्थगन 31 अगस्त 2020 तक उपलब्ध था.
- सरकार द्वारा लागू गारंटीकृत आपातकालीन ऋण सीमा (जीईसीएल)) योजना के अधीन, आपके बैंक ने कारोबार के प्रयोजन से पूर्व में ऋण ले चुके एमएसएमई/कारोबार उद्यमों और व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को कार्यशील पूँजी मीयादी ऋण के रूप में अतिरिक्त निधीयन किया.
- आरबीआई के निर्देशों के अनुरूप, आपके बैंक ने कोविड-19 महामारी के कारण वित्तीय दबाव वाले एसआरए उधारकर्ताओं के लिए ऋण समाधान योजना लागू की थी.
- प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) - क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के जरिए किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की *'सबके लिए आवास'* पहल के अनुरूप आपके बैंक ने बहुत से आवास ऋण उधारकर्ताओं को पीएमएवाई-सीएलएसएस सब्सिडी का लाभ प्रदान किया है.

क्रेडिट कार्ड

आपका बैंक तीन अलग-अलग नेटवर्क योजनाओं के अंतर्गत पाँच तरह के क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराता है, अर्थात (i) रुपे योजना- विनिंग सिलेक्ट; (ii) वीजा योजना - रॉयल सिग्नेचर, अस्पायर प्लेटिनम एवं इम्पीरियम प्लेटिनम और (iii) मास्टरकार्ड योजना- यूफोरिया वर्ल्ड. इन कार्ड के प्रकारों द्वारा ग्राहकों के प्रोफाइल और उनकी जरूरतों के आधार पर विभिन्न ग्राहक खंडों को लक्ष्य किए जाते हैं.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने को-ब्रांडेड क्रेडिट काड्र्स शुरू करने के लिए एलआईसी कार्ड्स सर्विसेस लिमिटेड (एलआईसीसीएसएल) के साथ करार किया. बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशनों, अर्थात गो मोबाइल+, अभय कार्ड कंट्रोल और साथ ही क्रेडिट कार्ड नेट बैंकिंग सुविधा में कई नए क्रेडिट कार्ड फीचर जोड़े गए. उत्सवों के सीजन के दौरान क्रेडिट कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने अक्तूबर 2020 से जनवरी 2021 तक फ़ेस्टिव डिलाइट अभियान शुरू किया था. आपके बैंक ने अपने कार्डधारकों को विभिन्न प्रकार के डिस्काउंट और कैशबैक ऑफर प्रदान करने के लिए फ्लिपकार्ट, टाटा क्लिक, पेटीएम मॉल, स्वीगी, ईज माइ ट्रिप (ईएमटी), अकबर ट्रावेल्स आदि जैसे विभिन्न मर्चेन्ट के साथ रणनीतिक गठजोड़ किया. कोविड-19 और उसके कारण लॉकडाउन/ प्रतिबंधों की वजह से अपने ग्राहकों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने विनियामकीय और सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप पात्र ग्राहकों को अधिस्थगन सुविधा, समाधान ढाँचा और अनुग्रहपूर्वक अदायगी की सुविधा प्रदान की.

डिजिटल बैंकिंग

कोविड-19 महामारी के कारण डिजिटल बैंकिंग चैनलों के प्रयोग में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है, क्योंकि ग्राहक ने संपर्क रहित और सुविधा को ध्यान में रख कर इस पद्धति को तरजीह दी है. आपके बैंक ने बाधारहित, सुविधाजनक

और *'कभी भी, कहीं से भी'* सुरक्षित बैंकिंग अनुभव के लिए अपने डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव और इसे सुदृढ़ करना जारी रखा.

आपका बैंक सरकार के डिजीधन मिशन के अनुरूप विभिन्न डिजिटल बैंकिंग उत्पादों यथा- डेबिट कार्ड (भौतिक और वर्चुअल दोनों), मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, बिक्री केंद्र (पीओएस), डिजिटल पीओएस, इंटरनेट भुगतान गेटवे को बढ़ावा देने और उनके वितरण में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं. महामारी के दौरान आपके बैंक ने डिजिटल लेनदेनों में 42% की और मोबाइल बैंकिंग प्रयोक्ताओं की संख्या में 47% की वृद्धि दर्ज की.

आपके बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप *'गो मोबाइल+'* में एलआईसी प्रीमियम भुगतान, ऑनलाइन डिमैट अकाउंट खोलने, प्रादेशिक भाषा संबंधी विकल्प, डील्स-एन-डिलाइट (ऑनलाइन मार्केट प्लेस प्लेटफॉर्म) की शुरुआत, कार्ड रहित नकदी आहरण, यूपीआई 2.0 का कार्यान्वयन, आदि जैसी कई नई सुविधाएं उपलब्ध कराईं.

आपके बैंक ने अपने इंटरनेट बैंकिंग में रिटेल प्रयोक्ताओं के लिए तत्काल ऑनलाइन पंजीकरण, पॉजिटिव पे सिस्टम का कार्यान्वयन, कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए 24 घंटे आरटीजीएस प्रणाली, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफ़एमएस) एजेंसियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट एडवाइस का ऑनलाइन सत्यापन, ई-अधिदेश पंजीकरण, आदि जैसी अतिरिक्त विशेषताओं को भी सक्रिय किया है.

आपके बैंक ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को सफलतापूर्वक जारी किया है. आपके बैंक ने सभी तीन कार्ड का निर्गम नेटवर्क, अर्थात वीजा, मास्टरकार्ड और रुपे पर वर्चुअल डेबिट कार्ड भी जारी किया है.

आपके बैंक ने ईएमवी-चिप के साथ तथा साथ ही पेवेव (टैप-न-गो) लेनदेन सुविधा के साथ सभी नकदी एवं गिफ्ट कार्ड को सक्रिय किया है. आपके बैंक ने *'शगुन'* ब्रांड नाम के साथ को-ब्रांडेड गिफ्ट कार्ड जारी करने के लिए एलआईसी कार्ड्स सर्विसेस लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं.

आपके बैंक ने लेनदेन की सुरक्षा में सुधार और लेनदेन की द्रुत प्रोसेसिंग के लिए अपने एटीएम स्विच को अद्यतन किया है. साथ ही, इंटरचेंज आय को बढ़ाने के लिए एटीएम की संख्या को तर्कसंगत बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं. इसके साथ ही, आपके बैंक ने एटीएम में ईएमवी चिपवाले कार्ड को स्वीकार करने, स्कीमिंग रोधी उपकरण, वन टाइम कांबिनेशन लॉक (ओटीसी) बदलने, टर्मिनल सुरक्षा समाधान जैसे उन्नत सुरक्षा उपाय कार्यान्वित किए हैं.

अन्य पक्ष उत्पाद तथा पूंजी बाजार उत्पाद

आपके बैंक का अन्य पक्ष उत्पाद (टीपीडी) खंड अपने ग्राहकों के जोखिम प्रोफ़ाइल तथा वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्य-योजित उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है. चूंकि, टीपीडी कारोबार पूंजी मुक्त है, अतः इस खंड पर उचित बल दिया जाता है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक ने शुल्क आधारित आय बढ़ाने और स्वस्थ बिक्री संस्कृति के संवर्धन पर विशेष जोर देने के लिए विभिन्न अभियान चलाए. आपका बैंक भारत सरकार के बांड, भारतीय ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी)/ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) बांड, सॉवरिन गोल्ड बांड (एसजीबी) योजना और न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को प्रोत्साहित करने और इससे जुड़ी सेवाएं प्रदान प्रदान करने के लिए कार्य करता रहा है.

आपके बैंक द्वारा वितरित किए जाने वाले मुख्य उत्पादों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- जीवन बीमा उत्पाद अपने जीवन बीमा साझेदारों के माध्यम से, अर्थात भारतीय जीवन बीमा निगम और एजीस फेडरल लाइफ इन्शुरेंस कंपनी लिमिटेड.
- जनरल और एकल स्वास्थ्य बीमा अपने चैनल साझेदारों के माध्यम से, अर्थात न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा एआईजी जनरल इन्शुरेंस और मैक्स बुपा हेल्थ इन्शुरेंस कंपनी लिमिटेड.
- म्यूचुअल फंड विभिन्न आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) के माध्यम से, अर्थात आईडीबीआई एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड तथा अन्य आस्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी).
- उच्च मालियत वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और अल्ट्रा एचएनआई ग्राहकों के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा (पीएमएस) आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड (आईसीएमएस) की साझेदारी में.
- पूंजी बाजार उत्पाद, अर्थात डिमैट खाते, 3-इन-1 खाते (जिसमें बचत एवं डिमैट खाते ऑनलाइन ट्रेडिंग खाते से लिंक्ड होते हैं), 2-इन-1 खाते (बचत एवं डिमैट खाते), अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित एप्लिकेशन्स (एएसबीए) और प्रतिभूतियों पर ऋण (एलएएस).
- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस).
- बांड, अर्थात सरकारी बांड- एफ़आरएसबी 2020 (टी) बांड, कैपिटल गेन बोण्ड्स (भारतीय ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफ़सी), सॉवरिन गोल्ड बांड (एसजीबी) आदि.

31 मार्च 2021 के अनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अपने ग्राहकों को 82,500 से भी अधिक एलआईसी पॉलिसी प्रति-विक्रय किए. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, आपके बैंक ने जीवन बीमा खंड में कुल ₹ 955 करोड़ प्रीमियम राशि के लगभग 96,500 पॉलिसी बिक्री की. बैंक ने जनरल और स्वास्थ्य बीमा खंड में कुल ₹ 124 करोड़ प्रीमियम राशि के 2 लाख से भी अधिक पॉलिसी बिक्री की. इन सभी पहल कार्यों से बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान ₹ 115 करोड़ की शुल्क आधारित अर्जित की.

इसके अतिरिक्त, बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से म्यूचुअल फंड की बिक्री और साथ ही डिमैट और ट्रेडिंग खातों से शुल्क आय बढ़ाने पर भी ध्यान देता है. चूंकि, इक्विटी में निवेश के मामले में बैंक के कई ग्राहक नए हैं, अतः आपका बैंक उनके लिए बिचौलिया सलाहकार के रूप में कार्य कर इस खंड में

वृद्धि में मदद करता है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान लगभग 29,000 खाते के अधिग्रहण के साथ बैंक के डिमैट खाता अधिग्रहण में वार्षिक आधार पर 75% की वृद्धि हुई.

डिजिटल प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने के लिए बैंक ने निम्नलिखित पहल किए हैं :

- बैंक के ग्राहकों को डिजिटल/कागज रहित जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री की पेशकश के लिए एलआईसी द्वारा आनंदा मॉड्यूल शुरू किया गया है.
- एपीआई एकीकरण के माध्यम से बैंक के नेट और मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के जरिए म्यूचुअल फंड और अन्य टीडीपी उत्पादों की बिक्री के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के निर्माण हेतु बैंक ने एक तकनीकी साझेदार नियुक्त किया है. इस प्लेटफॉर्म के अधीन शाखा बिक्री टीम के लिए अलग से एक रिलेशनशिप प्रबन्धक रिलेशनशिप अधिकारी (आरएमआरओ) मॉड्यूल की योजना भी बनाई गई है.
- बैंक ने अपने वर्तमान ग्राहकों के लिए वर्तमान केवाईसी के आधार पर अपने मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन गो मोबाइल+ के माध्यम से डिमैट खाता खोलना आरंभ किया है.

आपका बैंक समय-समय पर जारी सभी विनियामकीय और सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुपालन में निर्देशपरक आधार पर टीडीपी सेल्स और वितरण कारोबार की व्यवस्था करता है.

एलआईसी के साथ तालमेल

जनवरी 2019 में एलआईसी द्वारा आपके बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी अर्जित किए जाने के बाद, दोनों ही संस्थाओं के बीच सहक्रियाओं के माध्यम से संभावित कारोबार को बढ़ाने के लिए कई पहल कार्य किए गए हैं. आपके बैंक ने अपने सर्वोत्कृष्ट उत्पाद और सेवाओं के माध्यम से सहक्रिया वाले क्षेत्रों में कारोबार बढ़ाने के लिए विशिष्ट कार्रवाई योग्य बिंदुओं की पहचान की है. विशेष रूप से बैंक का उद्देश्य बैंकाश्यूरेंस चैनल के अंतर्गत एलआईसी के कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में कारोबार जुटाने के लिए अपने वितरण चैनल/संपर्क केंद्रों के दक्षतापूर्वक और अधिकतम उपयोग के साथ कम कीमत वाली जमा बही के निर्माण, अर्थात चालू खाता बही, बचत खाता बही और रिटेल एसेट बही पर ज़ोर देना है. आपका बैंक अपनी शाखाओं/डिजिटल चैनलों के माध्यम से एलआईसी के विभिन्न कार्यालयों के संग्रहण/भुगतान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लेनदेन बैंकिंग सेवाएँ भी प्रदान करता रहा है.

यद्यपि आपका बैंक सहयोग के क्षेत्रों के माध्यम से सभी कारोबारी खंडों में महत्त्वपूर्ण लाभ अर्जित करता रहा है, यह भी अनुमान लगाया जाता है कि कारोबार की वर्तमान तीव्रता के साथ आगे बढ़ते हुए और साथ ही एलआईसी और इसकी सहायक संस्थाओं के साथ सहक्रिया के माध्यम से आपका बैंक बहुमुखी विकास जारी रखेगा तथा इससे ग्राहकों तक पहुँच बनाने में और अधिक मदद मिलेगी. इसके परिणामस्वरूप बैंक के सभी हितधारकों के लिए संवर्धित मूल्य प्रस्ताव में वृद्धि होगी.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को किफायती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में नीति-निर्माताओं के साथ भागीदारी करने में तत्पर रहा है. वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) शीर्ष स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ वित्तीय समावेशन के लिए संरचित और योजनाबद्ध नजरिया प्रदान करती है.

आपका बैंक प्रमुख तीन क्षेत्रों में यथा - उपयुक्त वित्तीय उत्पाद ऑफर करने, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करने तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने में दखल देकर वित्तीय समावेशन के अजेंडे को सक्रियतापूर्वक बढ़ावा देता रहा है.

प्रधान मंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

आपका बैंक सरकार के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, अर्थात प्रधानमंत्री जनधन योजना में तथा सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, अर्थात दुर्घटना बीमा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था में पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

आपके बैंक ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पहुँच बढ़ाने के प्रयासों के अधीन व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ताओं (बीएफ) के अपने नेटवर्क को बढ़ाया है और इससे बेहतर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित हुआ है तथा साथ ही बैंक के प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) व्यवसाय को भी अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला है. बीसी (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा जाता है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेनदेन करने की सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं. इसके साथ ही, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने और इस प्रकार से उन्हें आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और अर्थक्षम बनने के लिए तैयार करने हेतु आपके बैंक ने देशभर में विभिन्न स्थानों पर सभी बीसी/ बीएफ के लिए गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया है. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेनदेन करने हेतु प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्मों पर कार्य करने के लिए उनके तकनीकी कौशल को विकसित करने हेतु काम के दौरान प्रशिक्षण भी प्रदान किया.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को प्रभावी वित्तीय समावेशन के लिए और साथ ही पीएमजेडीवाई के अभिन्न अंग के रूप में भी, पूर्व आवश्यकता के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है, क्योंकि यह लाभार्थियों को उन्हें उपलब्ध करायी जा रही वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने में सक्षम बनाती है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में *'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र'* नामक डेस्क स्थापित किए हैं जिन्हें शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैम्पों के ज़रिए विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी गई है. आपके बैंक ने दूरदराज के क्षेत्रों में ग्रामीण आबादी के बीच विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए हैं. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम अर्थात् डेयरी फ़ार्मिंग करने और जैविक खाद बनाने, घर में अगरबत्ती बनाने, भेड़/बकरी पालने, मोमबत्ती बनाने, सिलाई करने, ब्यूटी पार्लर प्रबंधन आदि के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करता है ताकि वे स्व-रोजगार हेतु सक्षम हो सकें.

अन्य पहल कार्य

आपका बैंक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ आधार नामांकन के लिए पंजीयक के रूप में पंजीकृत है. आपके बैंक ने केंद्रीय/राज्य सरकारों की प्रत्यक्ष लाभ योजना में सक्रियता से सहभागिता की है. इसके अलावा आपका बैंक अपने बीसी चैनल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी कर रहा है.

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक आरबीआई के अधिदेश के अनुसार प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) को उधार देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुसार बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सूक्ष्म उद्यमियों, प्रत्यक्ष कृषि गैर-कॉरपोरेट (डीएएनसी) तथा लघु व सीमांत कृषकों (एसएफ़एमएफ़) के वित्तपोषण पर विशेष रूप से ध्यान दिया है. बैंक ने गैर-वैयक्तिक कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ़) चैनल के माध्यम से अपनी पहुँच को बढ़ाने के प्रयास जारी रखे हैं और अब तक 30 से भी अधिक गैर वैयक्तिक कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ़) के साथ गठजोड़ किया है.

वर्ष के दौरान बैंक ने सामूहिक प्रयासों और साथ ही प्रतिभूतीकरण एवं प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार प्रमाणपत्र (पीएसएलसी) के माध्यम से औसत आधार पर उप-क्षेत्रों सहित पीएसएल के लिए अपने सभी विनियामकीय लक्ष्यों को हासिल किया है.

भारत सरकार की योजनाओं/ निर्देशों के अनुसार, आपका बैंक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), प्राइम मिनिस्टर वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम एसवीए निधि), स्टैंड अप इंडिया आदि और साथ ही अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा) सहित अल्पसंख्यक समुदायों एवं कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करता रहा है.

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुख्य पहल कार्य

वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक द्वारा अपने पीएसएल पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित प्रमुख पहल की गई हैं :

- शाखा चैनल के माध्यम से कारोबार को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने नियमित रूप से उत्पाद विशेष अभियान अर्थात् एमएसएमई मॉनसून बोनान्ज़ा, कॉमोडिटि सुपर किंग्स, एमएसएमई पॉवर, एग्री प्रीमियर लीग, मुद्रा मैजिक कैम्पेन, एमएसएमई उठान, एग्री इन्फ्रा कैम्पेन, केसीसी कैम्पेन, डेरी लोन कैम्पेन चलाए. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने स्वर्ण ऋण उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और भी कई अभियान, अर्थात गोल्ड विंटर लीग, गोल्ड रिपब्लिक लीग, गोल्ड फरवरी फ्रंटियर्स, मेगा फेसिलिटेशन और गोल्ड चैंपियन, आदि चलाए.

- आपके बैंक ने कोविड-19 महामारी द्वारा प्रभावित एमएसएमई इकाइयों/ कारोबार उद्यमों और मुद्रा उधारकर्ताओं के लिए एक नया उत्पाद गारंटीकृत आपातकालीन ऋण सीमा (जीईसीएल) शुरू किया है. दो अन्य उत्पादों, अर्थात आईडीबीआई सरल व्यापार और आईडीबीआई सुलभ व्यापार ऋण का विलय कर व्यापारियों के लिए एक नया उत्पाद सहज व्यापार आरंभ किया गया. सरकार की घोषणा के अनुरूप, आपके बैंक ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम एसवीए निधि) लागू की जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर ₹ 10,000 ऋण के लिए पात्र हैं. दबावग्रस्त एमएसएमई को वैयक्तिक ऋण प्रदान करने के लिए गौण ऋण के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसएसडी) लागू की गई. इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपने कृषि संबंधी उत्पादों के समूह में दो नए उत्पाद, अर्थात पशुपालन इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास निधि के अधीन वित्तपोषण और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर निधि के अधीन वित्तपोषण शामिल किए.

- बैंक ने द्रुत कार्रवाई समय सुनिश्चित करने के लिए ₹ 50 लाख तक एमएसएमई ऋणों के लिए अपने वर्तमान फॉर्मेट को सरलीकृत किया है.

- आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुपालन में, आपके बैंक ने मझोले उद्यमों के लिए 01 अप्रैल 2020 से बाह्य बेंचमार्क दर, अर्थात रेपो सम्बद्ध दर प्रदान किया है.

- बैंक ने ई-मेलर्स भेज कर *'अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस'* मनाया जिसमें आरबीआई द्वारा मंजूर कोविड-19 विनियामकीय पैकेज के अंतर्गत प्रदत्त अधिस्थगन, जीईसीएल आदि के अधीन कार्यशील पूँजी

मीयादी ऋण की उपलब्धता आदि सहित विभिन्न उत्पादों/सेवाओं का उल्लेख किया गया था. इसके अतिरिक्त, शाखाओं ने फोन/विडियो कॉल के माध्यम से नए प्रस्तावों की जानकारी दी थी.

- बैंक ने महान चिकित्सक डॉ. विधान चन्द्र रॉय के सम्मान में तथा चिकित्सकों द्वारा समाज को दी गई मूल्यवान सेवाओं को याद करते हुए *'डॉक्टर दिवस'* मनाया. इस अवसर पर फ्रंटलाइन योद्धा के रूप में कोविड-19 से लड़ाई में चिकित्सकों के अथक प्रयास और प्रतिबद्धता को स्वीकारते हुए ग्राहकों को इ-मेलर्स भेजे गए.
- बैंक ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में किसानों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को याद करते हुए भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री चौधरी चरण सिंह के सम्मान में उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर 2020 को 'किसान दिवस' मनाया. इस अवसर पर समाज के लिए कृषक समुदाय की भूमिका और योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए तथा साथ ही इस क्षेत्र के लिए झंझटमुक्त वित्तपोषण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दर्शाते हुए बैंक के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, आदि पर व्यापक रूप से विडियो संदेश प्रसारित किए गए. इस अवसर पर बैंक से जुड़े लगभग 10 लाख किसानों को एसएमएस भी भेजे गए.
- बैंक ने कृषि और एमएसएमई उत्पादों के लिए ऋण प्रोसेसिंग प्रणाली (एलपीएस) शुरू की है जोकि सम्पूर्ण समाधान प्रस्तुत करेगा.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग खंड में मध्यम कॉर्पोरेट समूह (एमसीजी) और बृहत् कॉर्पोरेट समूह (एलसीजी) शामिल है.

अपने कॉरपोरेट बैंकिंग समूह के माध्यम से आपका बैंक पूरे उद्योग में औषधीय उत्पाद, एफ़एमसीजी, ऑटो पार्ट और इसके अनुषंगी, ऑटोमोबाइल, खाद्य प्रोसेसिंग, चीनी, सेरामिक्स, रासायनिक द्रव्य, निर्माण-कार्य, टेक्सटाइल, इस्पात, प्लास्टिक, दूरसंचार, सीमेंट, चमड़ा उत्पाद, कागज और कागज उत्पाद, रबर, धातु, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफ़सी), खान एवं खदान, इंजीनीयरिंग, विद्युत संबंधी मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक एवं विद्युत उपकरण, विद्युत शक्ति, तेल और गैस, कृषि एवं उससे संबंधित कार्यकलाप, परिवहन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और उससे संबंधित कार्यकलाप, आईटी कार्यकलाप एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण, आदि सहित विनिर्माताओं, व्यापारियों, वेंडरों के लिए उत्पाद और सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करता है.

आपका बैंक निधि-आधारित एवं गैर निधि आधारित कार्यशील पूँजी सीमाओं, अर्थात नकदी ऋण, निर्यातकों को निर्यात ऋण, बिल पुनर्भुनाई, साख पत्र (एलसी), बैंक गारंटी (बीसी), स्टैंडबाई साख पत्र (एसबीएलसी), क्रेता की साख पर उधार (बीसी), एलसी समर्थित बिल पुनर्भुनाई (एलसीबीडी), ऋण सुविधाओं के रूप में अल्पावधि और दीर्घावधि वित्तीय सहायता प्रदान करता है. ऋण सुविधाएं पूरी तरह से आवश्यकता आधारित हैं तथा इन्हें उचित सम्यक सावधानी बरतने और ग्राहक की वित्तीय अर्थक्षमता निर्धारित करने के बाद प्रदान किया जाता है.

मध्यम कॉर्पोरेट समूह

आपके बैंक का एमसीजी ₹ 250 करोड़ से अधिक और ₹ 750 करोड़ तक (एक्सपोजर पर ध्यान दिए बिना) के कुल कारोबार वाले मध्यम कॉर्पोरेट ग्राहकों की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है. इसमें कुल कारोबार पर ध्यान दिए बिना ₹ 250 करोड़ से कम कारोबार वाले में ₹ 15 करोड़ से अधिक कोई भी एक्सपोजर शामिल होगा. प्रभावी परिचालन के लिए देश भर में एमसीजी को 20 शाखाओं और 5 डेस्क के साथ 6 अंचलों में संगठित किया गया है. इस प्रकार का परिचालनगत ढाँचा बैंक को ग्राहकों पर बेहतर तरीके से फोकस करने, बेहतर गुणवत्ता वाले पोर्टफोलियो के निर्माण, अधिकतम पहुँच की सुविधा, सकेंद्रीकरण जोखिम से बचने और अपसेलिंग और प्रति-बिक्रय के माध्यम से बहु-उत्पाद पहुँच को सुनिश्चित करता है.

बृहत् कॉर्पोरेट समूह

एलसीजी सात अलग-अलग लोकेशनों से परिचालन करता है तथा बड़े कॉर्पोरेट/कॉर्पोरेट समूहों का ध्यान रखता है.

कॉर्पोरेट बैंकिंग की सीमा के भीतर चैनल वित्तपोषण और कॉर्पोरेट के डीलर/वेंडर के लिए वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पादों को ऑफर कर आपका बैंक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र पर भी उचित बल देता है. आपके बैंक की एलसीजी टीम उपयुक्त उत्पादों को विकसित करने और उपयुक्त समाधान प्रस्तुत करने के लिए रिटेल बैंकिंग, लेनदेन बैंकिंग, ट्रेजरी, आदि जैसे अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ मिल कर ध्यानपूर्वक कार्य करती है ताकि कॉर्पोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

अपने कायापलट रणनीति के अनुरूप, आपका बैंक अपने कॉर्पोरेट ऋण बही में संवृद्धि के संबंध में चयनशील रहेगा ताकि कैपिटल लाइट मॉडेल पर ज़ोर दिया जा सके और साथ ही अपने कारोबार पोर्टफोलियो संमिश्र में जोखिम को कम किया जा सके. इसके लिए आपका बैंक बेहतर मूल्यांकित कॉर्पोरेट खातों के फ्रेश अधिग्रहण और साथ ही 'ए' और उससे अधिक मूल्यांकन वाले ग्राहकों के लिए उपयोग बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा. इसी प्रकार बैंक मंजूर निधि आधारित और गैर-निधि आधारित सीमाओं के उपयोग और प्रति विक्रय में सुधार पर ध्यान केन्द्रित कर ब्याज और शुल्क आय संवृद्धि पर ध्यान देता है. बैंक दबावग्रस्त और अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के मामलों को अपग्रेड करने/समाधान को समय पर कार्यान्वित करने का प्रयास भी कर रहा है ताकि मानक अग्रिम बही में संवर्धन के साथ-साथ प्रावधान के रिवर्सल, यदि कोई हो, का लाभ उठाया जा सके.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने नई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की रोकथाम पर और मौजूदा ह्रासित आस्तियों से अधिकतम वसूली पर ज़ोर देना जारी रखा. मार्च 2021

के अंत में आपके बैंक की सकल अग्रिमों में 77.63% अर्जक आस्तियां, जबकि 22.37% अनर्जक आस्तियां थीं. बैंक द्वारा किए गए केंद्रित प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2019-20 के 6.35% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में नए एनपीए को रोकने में मदद मिली है और यह सकल अग्रिमों का केवल 1.91% रही.

वर्ष के दौरान ह्रासित आस्तियों से वसूली और अनर्जक आस्तियों के अर्जक आस्तियों के रूप में अपग्रेड ₹ 5,300 करोड़ की रही जिससे 31 मार्च 2021 तक बैंक को अंतिम स्तर पर एनपीए को ₹ 36,212 करोड़ तक कम करने में सहूलियत हुई.

मौजूदा विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में आपके बैंक ने प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) को 31 मार्च 2020 के 93.74% से बढ़ाकर 31 मार्च 2021 में 96.90% कर दिया है.

आपके बैंक के पास खाता विशेष आधारित समाधान रणनीतियों और कॉरपोरेट एनपीए की गहन निगरानी के लिए संकेंद्रित और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने हेतु समर्पित वर्टिकल अर्थात् एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) है.

आपके बैंक ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन आने वाले मामलों के लिए समर्पित केंद्रित डेस्क की स्थापना की है. यह समर्पित टीम विभिन्न टीमों के फील्ड से जुड़े तथा विभिन्न जटिलताओं का सामना करने में आए अनुभवों को अंगीकार करने और उन्हें साझा करने में सक्रिय भूमिका निभाती रही है जिससे बैंक इन मामलों को सफलतापूर्वक संभालने में सक्षम हुआ है.

यथा 31 मार्च 2021 को कुल मिला कर ₹ 44,652 करोड़ (अनर्जक आस्तियों/तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाली गई (टीडब्ल्यूओ) आस्तियों सहित) मूलधन बकायों के साथ कुल 245 मामले दिवाला एवं शोधन अक्षमता कोड, 2016 के अधीन कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अंतर्गत थे. आपका बैंक इनमें से अधिकांश मामलों को निपटाने में सफल रहा और वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कुल ₹ 1,133 करोड़ की वसूली की गई. इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य मामलों के 2021-22 में समाधान होने की संभावना है.

आपके बैंक के पास एक बेहतरीन *'एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रबंधन प्रणाली'* उपलब्ध है जो बैंक वेबसाइट के माध्यम से वसूली की निगरानी करने सहित ओटीएस प्रस्ताव की प्रोसेसिंग को शुरू से अंत तक सक्षम बनाने के साथ ही ओटीएस आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी प्रदान करती है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने ₹ 1,126.05 करोड़ की सकल मूल बकाया राशि के नौ खातों (तीन एनपीए खाते और छः टीडब्ल्यूओ खाते) की ₹ 408.74 करोड़ के प्रतिफल हेतु आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को सम्पूर्ण नकदी आधार पर बिक्री की. इन ₹ 408.74 करोड़ की वसूली में से आपके बैंक को ₹ 214.84 करोड़ एनपीए खातों में और ₹ 193.90 करोड़ टीडब्ल्यूओ खातों में प्राप्त हुए. वर्ष के दौरान बट्टे खाते से कुल ₹ 547 करोड़ की वसूली की गई.

आपके बैंक ने लागू कानूनों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) के अधीन प्रवर्तन कार्रवाई, ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) /न्यायालयों के साथ निरंतर फॉलो-अप को भी बनाए रखा जिसके लिए समर्पित नोडल अधिकारी की तैनाती शामिल है ताकि बिना किसी विलंब के वसूली प्रमाणपत्र/डिक्री प्राप्त की जा सके और उसका निष्पादन हो सके.

आपके बैंक ने 279 मामलों का वर्गीकरण इरादतन चूककर्ता के रूप में किया है तथा ऐसे उधारकर्ताओं/प्रवर्तकों/निदेशकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की पहल की है. 31 मार्च 2021 के अनुसार बैंक ने नौ मामलों में असहयोगी उधारकर्ताओं की घोषणा की है.

रिटेल वसूली

आपके बैंक ने रिटेल एनपीए मामलों में संकेंद्रित दृष्टिकोण के लिए एक अलग वर्टिकल अर्थात रिटेल संग्रहण एवं वसूली की भी स्थापना की है. आपके बैंक ने एनपीए/टीडब्ल्यूओ खातों के द्रुत समाधान हेतु ₹ 10 करोड़ तक के सकल मूलधन बकाया (जीपीओ) रिटेल एवं कॉर्पोरेट एनपीए खातों हेतु गैर-पक्षपातपूर्ण और गैर-विवेकपूर्ण एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना, अर्थात सरल कर्ज भुगतान योजना-II (एसकेबीवाई-II) शुरू की है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने रिटेल वसूली प्रक्रिया, अर्थात ऋण वापसी नोटिस निर्गमन, सरफेसी कार्रवाई-13(2) एवं 13(4), मुकदमा फ़ाइलिंग, जो कार्यान्वयन के अधीन है, के अंकीकरण की शुरुआत की है.

ऋण निगरानी समूह

आपके बैंक ने मई 2017 में एक ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) की स्थापना की थी. सीएमजी का मुख्य उद्देश्य दबाव के आरंभ होने की निगरानी, ऋण प्रशासन मानदंडों की निगरानी और ऋण की संरचित समीक्षा करना है.

सीएमजी विशेष उल्लिखित खातों (एसएमए), संभावित अनर्जक खातों और नियमित खातों की पहचान करता है जो दबाव के संबंध में आरंभिक चेतावनी संकेत दर्शाते हैं. आपके बैंक ने दिसंबर 2019 में बैंक-व्यापी एक पूर्ण स्वचालित और व्यापक 'ईडब्ल्यूएस प्रणाली' सफलतापूर्वक लागू की है जिसमें बैंक की आंतरिक प्रणालियों और बाह्य फीड से फीड डेटा हासिल करने का सामर्थ्य है. सभी कॉरपोरेट और रिटेल खातों के मामले में प्रारंभिक सीमा के साथ उच्च/मध्यम/कम जोखिम के अधीन जोखिम बकेटिंग की गई है जिससे उच्च जोखिम वाले खातों और एसएमए पूर्व स्थिति में आरंभिक दबाव के लक्षण दर्शाने वाले खातों को पहचानने में बैंक की क्षमता में वृद्धि हुई है. ईडब्ल्यूएस प्रणाली के माध्यम से आपके बैंक द्वारा नियमित अंतराल पर रिटेल पोर्टफोलियो के संबंध में आवश्यक बाजार विश्लेषण और अंतर-बैंक तुलना की जाती है.

एनपीए के रूप में इन खातों गिरावट को रोकने के लिए गहन अनुवर्ती कार्रवाई और निगरानी की जाती है. सीएमजी के पास अतिरिक्त विशेषताओं सहित आस्ति निगरानी टूल *'सजग'* और *'एसएमए ऐक्शन ट्रैकर'* है जो वास्तविक

समय आधार पर शाखाओं को एसएमए, संभावित एनपीए, ईडब्ल्यूएस खातों, अत्यंत जोखिम वाले खातों तथा अनुपालन के लिए लंबित ऋण प्रशासन मानदंडों (सीएपी) के विवरण प्रदान करता है. फील्ड स्टाफ द्वारा वसूली कार्रवाइयां एसएमए ऐक्शन ट्रैकर द्वारा कैप्चर की जाती हैं तथा सीएपी अद्यतन कार्रवाइयां *'सजग'* द्वारा कैप्चर की जाती हैं जो वास्तविक समय के आधार पर इन खातों की निगरानी को सक्षम बनाता है.

बैंक ने फरवरी 2021 में समर्पित रिटेल संग्रहण एवं रिटेल वसूली वर्टिकल की स्थापना कर अपने संग्रहण प्रयासों को तेज किया है. यह वर्टिकल कॉल सेंटर और संग्रहण एजेंसियों का व्यापक स्तर पर उपयोग कर रहा है तथा इससे संग्रहण एवं वसूली के संबंध में समाधान दर अधिक होने की संभावना है. एक एकीकृत डिजिटल संग्रहण मॉड्यूल भी विकसित किया जा रहा है जो बैंक को दबाव की पहचान में सहायता करेगा तथा संसाधनों (आंतरिक/बाह्य एजेंसियां) को प्रभावी रूप से नियोजित करेगा. भविष्यसूचक मॉडेलों से प्रकट होने वाले अधिक जोखिम वाले खाते संग्रहण वर्टिकल द्वारा संकेंद्रित संग्रहण के लिए तथा फील्ड स्टाफ द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई के लिए उपयोग में लाए जा रहे हैं.

ऋण मंजूरी की प्रभावकारिता के संबंध में समय पर फीडबैक तथा पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में गिरावट की पहचान, आरंभिक चेतावनी सिग्नल का पता लगाने और ऋण प्रशासन मानदंडों के अनुपालन के लिए अनुवर्ती कार्रवाई हेतु संरचित ऋण समीक्षा विधि (एलआरएम) का प्रयोग किया जाता है.

इन पहल कार्यों के कारण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर आरंभिक दबाव को कम करने एवं गिरावट को रोकने, सीएपी के अनुपालन और ऋण गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिली है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक का व्यापार वित्त (टीएफ) बृहत् और मध्यम कॉर्पोरेट को अधिकतम किफ़ायती कीमत पर उत्पादों और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है. उत्पादों की श्रृंखला में सामान्य रूप से सर्वाधिक प्रयुक्त आवक/जावक विप्रेषण, साख-पत्र (एलसी), बैंक गारंटी (बीजी), जटिल घरेलू और सीमा आर-पार व्यापार उत्पाद के लिए आपाती साख पत्र जिसमें वस्तुओं और सेवाओं के लिए आयात-निर्यात, लदान पूर्व और लदान पश्चात् निर्यात वित्तपोषण, अल्पावधि आयात व्यापार ऋण (क्रेता की साख पर उधार और आपूर्तिकर्ता की साख पर उधार), संरचित व्यापार वित्त (एसटीएफ़), मर्चेंटिंग व्यापार, पूँजी खाता लेनदेन, अर्थात विदेश में प्रत्यक्ष वित्त (ओडीआई), बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई), विलयन और अधिग्रहण, विदेश में कार्यालय खोलना आदि शामिल हैं.

अपनी रूपान्तरण योजना के भाग के रूप में आपके बैंक ने अपने को एक केन्द्रीकृत व्यापार प्रोसेसिंग प्रणाली के रूप में परिवर्तित किया है जो तीन मुख्य केन्द्रों, अर्थात मुंबई, चेन्नई और दिल्ली में हब और स्पोक मॉडेल के रूप में परिचालन करता है. केंद्रीकृत व्यापार प्रोसेसिंग प्रणाली बैंक के 12 अंचलों में स्थित सभी शाखाओं की जरूरतों का ध्यान रखता है तथा इस प्रकार मानकीकृत प्रोसेसिंग, सक्षम संचार और तीव्रतम प्रतिवर्तन काल (टीएटी) की सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक के पास, एडी श्रेणी 1 बैंक के रूप में 39 समर्पित टीएफ़ (व्यापार वित्त) केंद्र हैं जो सभी प्रकार के विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए प्राधिकृत हैं. आपके बैंक का कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्रत्येक लेनदेन के लिए मेकर और चेकर के दो व्यक्ति अनुमोदन सिद्धान्त पर काम करता है. बैंक अत्यधिक प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए अपने ग्राहकों को अधिकतम विदेशी मुद्रा दर प्रदान करता है और वायदा करार जैसे सामान्य बचाव टूल्स के जरिए अपने विदेशी मुद्रा एक्सपोजर का बचाव करता है.

बैंक अपने ग्राहकों को हमेशा उच्च मानकों वाली ग्राहक सेवा देने और समयबद्ध सुपुर्दगी का प्रयास करता है. आपका बैंक अपने बैंकिंग प्लेटफॉर्म को निरंतर विकसित और इसमें सुधार करता रहा है तथा साथ ही ग्राहक सम्बन्ध को बढ़ाने के लिए अंकीकृत व्यापार प्रोसेसिंग भी प्रदान करता है ताकि व्यापार परिचालन प्रक्रिया के प्रत्येक कदम को बाधारहित और सुविधाजनक बनाया जा सके. लेनदेन संबंधी कार्यनिष्पादन को त्रुटि रहित और और तेज करने के लिए बैंक ने कई आईटी पहल कार्य शुरूकिए हैं. बैंक के पास एक ई-व्यापार वित्त (आईडीबीआई ईट्रेड) प्लेटफॉर्म है जो 24X7 आधार पर बहुत ही जरूरी लचीलापन प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने विनियामकीय एवं सांविधिक मानकों और विनियमों तथा साथ ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन में नीतियाँ/प्रक्रियाएँ/मानकीकृत परिचालनगत कार्यविधि, परिचालन-संहिताएँ तथा व्यापक निगरानी प्रक्रिया निर्धारित की है.

आपके बैंक ने 24 घंटे धोखाधड़ी निगरानी के लिए सक्रिय, उपयुक्त परिचालनगत/अनुपालन एलर्ट्स तैयार किया है. आपका बैंक धन शोधन निवारक (एएमएल)/अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) दिशानिर्देश, व्यापक व्यापार आधारित धन शोधन (टीबीएमएल) रेड फ्लैगिंग प्रक्रिया और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान के लिए यूएस/ईयू द्वारा प्रतिबंधों का निरंतर अनुपालन करता है. आपका बैंक सिद्धांत के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मैरीटाइम ब्यूरो (आईएमबी) के जरिए प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय कार्गो संचलन, मर्चेन्ट व्यापार, श्रृंखला बिक्रियों, समुद्री चोरी का सत्यापन करता है. बैंक साख रिपोर्टों/डन एंड ब्राडस्ट्रीट रिपोर्टों के माध्यम से विदेशी पार्टियों के पूर्ववृत्तों, प्रमुख कार्यकलापों, कारोबार स्तर और भुगतान गति का सत्यापन करता है ताकि सभी हितधारकों के हितों की रक्षा की जा सके.

आपके बैंक की संशोधित बिल वित्त नीति साख पत्र समर्थित बिल भुनाई और इन्वाइस भुनाई पर विशेष जोर देते हुए भारतीय रुपये (आईएनआर) और विदेशी मुद्रा (एफसीवाई) में किए गए व्यापार से उत्पन्न होने वाले सभी वास्तविक बिलों की खरीद/भुनाई/ मोल-भाव को कवर करती है.

बैंक का स्विफ्ट परिचालन अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों और निर्बाध प्रक्रिया (एसटीपी) जिसकी सफलता दर लगभग 97% है, के साथ अत्यंत सुरक्षित परिवेश में की जानेवाली मेसेजिंग का कार्य देखने के लिए मुंबई में केंद्रित है. बैंक ने स्विफ्ट वैश्विक भुगतान नवाचार (जीपीआई) के लिए भी अभिदान किया है जो ग्राहकों को वास्तविक समय आधार पर अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों का पता लगाने की सुविधा प्रदान करता है.

बैंक ने द्विपक्षीय संपर्क प्रबंध एप्लीकेशन (आरएमए) के जरिए विश्व भर में लगभग 800 बैंकों के साथ प्रतिनिधि बैंकिंग व्यवस्थाओं का बहुव्यापी नेटवर्क विकसित किया है जिसके फलस्वरूप वह विश्व भर में व्यापारिक और गैर-व्यापारिक सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है. बैंक ने सीवाई करेंसी/एफएक्स4कैश प्लेटफ़ॉर्म का प्रयोग कर विश्व भर में 160 से अधिक मुद्राओं में धन प्रेषणों को संभालने के लिए प्रतिनिधि बैंकों के साथ व्यवस्था की है. बैंक निजी विनिमय केंद्रों के जरिए अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के कम मूल्य के अंतरणों को सुगम बनाता है.

आपके बैंक ने द्विपक्षीय रुपया भुगतान व्यवस्था (आरपीएम) के अंतर्गत इंडो-ईरान व्यापार लेनदेन निपटानों की देखेरेख करनेवाले नामित बैंकों में से एक बैंक के रूप में मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद में समर्पित व्यापार कक्षों की स्थापना की है ताकि सभी लेनदेनों की जांच-पड़ताल की जा सके. आपके बैंक ने विदेशी आस्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) विनियम, कार्यपालक आदेशों (ईओ) तथा मंजूर शिपिंग व्यवस्थाओं सहित विशेष रूप से निर्दिष्ट राष्ट्रों की सूची को ध्यान में रखते हुए सुपरिभाषित मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) और 'क्या करें, क्या न करें' दिशा-निर्देश लागू किए हैं. प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक मई 2019 से तेल आयात नहीं करता है और वर्तमान में मानवीय महत्व की वस्तुओं से संबंधित व्यापार लेनदेनों को ही देखता है. इसके साथ ही बैंक ने सभी ईरानी लेनदेनों को समवर्ती लेखापरीक्षा के दायरे में रखा है. ईरानी बैंकों के वोस्त्रो खातों में धारित भारतीय रुपये शेष का उपयोग केवल अनुमेय निर्यात निपटानों के लिए ही किया जाता है. इस संबंध में बैंक के प्रतिनिधि बैंकों को पारदर्शी प्रकटनों के साथ अद्यतित रखा जा रहा है. आपके बैंक ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप भारतीय रुपये में कार्यों एवं निपटान को स्पष्ट रूप से विभाजित कर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया है और इसके परिणामस्वरूप नियमित व्यापार/गैर-व्यापार लेनदेन निपटानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है.

आपके बैंक ने समयबद्ध निर्यात ऋण की उपलब्धता को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में निर्यात कारोबार में लगे अपने सभी ग्राहकों को भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बैंकों के लिए समग्र टर्नओवर निर्यात ऋण बीमा (ईसीआईबी) पॉलिसियों के अंतर्गत कवर किया है. बैंक ने ईसीजीसी फैक्टर के बिलों को निपटाने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति प्रदान की है जिससे ईसीजीसी के साथ हमारे संबंध मजबूत होने और शुल्क आय अर्जित होने की आशा है.

देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त परिचालन के क्षेत्र में गहरी पकड़ और विशेषज्ञता रखनेवाले योग्य, सुप्रशिक्षित और उच्च रूप से प्रेरित कार्यबल के समूह की मौजूदगी और साथ ही साथ तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण से आपके बैंक को अपने समग्र व्यवसाय में वृद्धि लाने और व्यापार वित्त सुविधा के जरिए गैर-ब्याज आय को बढ़ाने में सहायता मिली है. बैंक इस व्यवसाय क्षेत्र में लगे अपने समूचे कार्यबल को बाहरी प्रशिक्षण दिलाने के अलावा व्यापार वित्त प्रशिक्षण के दो स्तरों का अनुसरण करता रहा है. प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की यथार्थपरक स्थितियों से अवगत कराया जाता है तथा विषय से जुड़े केस अध्ययनों पर चर्चा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यबल अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों और विद्यमान सामयिक मुद्दों से भलीभाँति अवगत है.

यह प्रशंसनीय है कि सेवा में कमी, व्यापार के संबंध में विवाद या देश या अंतर्राष्ट्रीय न्यायालयों में क़ानूनों के उल्लंघन से संबन्धित कोई भी विधिक विवाद आपके बैंक के विरुद्ध नहीं रहा है.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों का प्रबंध करने हेतु उनके लिए एजेंट के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों जैसे कि प्रत्यक्ष करों, सीमा शुल्क और साथ ही वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक 14 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य प्राप्तियों की वसूली के लिए सक्रिय है. आपका बैंक कर भुगतानों के लिए 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करता है.

आपके बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से संबंधित देयों की ऑनलाइन वसूली करने के लिए परिचालन शुरू किया है. आपका बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से भारत सरकार द्वारा छोटी बचत योजनाओं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (एसएसए) ऑफर करने के लिए भी प्राधिकृत है. आपका बैंक केंद्रीय सिविल, डिफेंस और रेलवे पेंशन के संवितरण करने के लिए भी प्राधिकृत है.

नकदी प्रबंध सेवाएं

आपका बैंक कंपनियों को उनके संग्रहण में तेजी लाने, उनके थोक भुगतानों को दक्षता के साथ संभालने और उनके निधि-प्रवाह को सुचारू बनाए रखने हेतु अत्याधुनिक नकदी प्रबंधन सेवाएँ (सीएमएस) प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्ध है. कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुरूप आपका बैंक सीएमएस संग्रहण और भुगतान एवं संव्यवहार समाधानों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है तथा उन्हें उनकी नकदी स्थिति का पूर्ण नियंत्रण करने में सक्षम रखता है. आपका बैंक विविध समाधान जैसे राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच), वर्चुअल खाता सुविधा, उपयोगिता भुगतान, प्रत्यक्ष नामे सुविधाएं और अन्य ग्राहकोनुकूल ई-समाधान उपलब्ध कराता है जिन्हें ग्राहक प्रणालियों के साथ तकनीकी रूप से एकीकृत (होस्ट-टू-होस्ट) किया गया है. आपका बैंक भी भारतीय रेलवे के ई-भाड़ा भुगतान प्रणाली में भाग लेने के लिए अधिकृत है और रेलवे के 12 अंचलों में ई-भाड़े की वसूली कर रहा है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने फास्टैग जैसे नये सीएमएस उत्पाद आरंभ किए हैं जो टोल तथा पार्किंग शुल्कों के स्वचालित भुगतान के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी पहचान आधारित स्टिकर है. इसके अलावा आपके बैंक ने आईडीबीआई बैंक फास्टैग अधिप्राप्ति प्रणाली का इस्तेमाल कर इलेक्ट्रॉनिक रूप से टोल शुल्कों की वसूली के लिए टोल प्लाजा परिचालकों के लिए फास्टैग अधिप्राप्ति व्यवसाय भी शुरू किया है. ये भविष्यलक्षी उत्पाद हैं जो सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप शुरू किए गए हैं और इनसे बैंक के लिए राजस्व का

एक नया स्रोत जुडेगा और बैंक के लाभ में वृद्धि होगी. इसके अलावा आपके बैंक ने बिलरों के लिए भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) बिलर मॉड्यूल भी प्रारंभ किया है. इस प्रकार का पहला गठजोड़ हरियाणा सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के साथ किया गया और हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा 25 दिसंबर 2020 को लांच किया गया. यह प्रणाली पीएचईडी के लिए बीबीपीएस प्लेटफ़ॉर्म के साथ एकीकरण कर जल और सीवरेज बिलों की ऑनलाइन भुगतान सुविधा को सुगम बनाएगी. आपके बैंक ने बीबीपीएस लेनदेनों की संख्या और उसके परिणामस्वरुप राजस्व को बढ़ाने के लिए फिनटेक कंपनियों और सहभागी बैंकों के साथ और अधिक गठजोड़ करने के लिए बीबीपीएस एजेंट मॉड्यूल भी प्रारंभ किया है ताकि बैंक के लाभ में वृद्धि हो.

आपका बैंक अगस्त 2020 से वास्तविक समय खाता विधिमान्यकरण के लिए एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस आधारित सेवाओं के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम पर लाइव हो गया है. आपका बैंक ऐसे पहले नौ बैंकों में से एक है जो इस प्रकार की सेवाओं के लिए अब एनपीसीआई पर लाइव हैं.

आपका बैंक भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रमयोगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम), प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना (पीएम-केएमवाई) और प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना (पीएम-एल वी एम/ एनपीएस-ट्रेडर्स) के लिए एकमात्र प्रायोजक बैंक के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है और मार्च 2021 तक लगभग 60 लाख अधिदेशों को पंजीकृत किया है.

एलआईसी के लिए सीएमएस सुविधा

आपके बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं:

- एलआईसी पॉलिसीधारक अपनी नवीकरण प्रीमियम आपके बैंक की किसी भी रिटेल शाखा में और साथ ही साथ इसकी मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के जरिए अदा कर सकते हैं. इससे पॉलिसीधारकों को कोविड-19 की वजह से लगे लॉकडाउन के समय भी अपनी नवीकरण प्रीमियम को आसानी से जमा करने में मदद मिली है.
- चुनिंदा एलआईसी एजेंट बैंक की रिटेल शाखाओं में नवीकरण प्रीमियम से एकत्र राशि जमा कर सकते हैं.

आपका बैंक एलआईसी के पॉलिसीधारकों की वार्षिकी अदायगी और अन्य प्रबंध व्ययों के लिए उसके मंडल कार्यालयों, पेंशन एवं समूह योजनाओं (पी एंड जीएस) तथा वैयक्तिक पेंशन पॉलिसी (आईपीपी) कार्यालयों को सीएमएस सेवाएं उपलब्ध कराता है. आपका बैंक एलआईसी शाखाओं के लिए सीएमएस वसूली सुविधाएं भी प्रदान करता है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के ट्रेजरी परिचालनों में मुख्य रूप से मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी से संबंधित कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुपालन जैसे आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर), सांविधिक चल निधि अनुपात (एसएलआर), चल निधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) आदि को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है.

सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)

विनियामकीय सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) 18.25% से कम होकर 11 अप्रैल 2020 से 18.00% हो गया. रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को यह विशेष छूट दी गई है कि वे परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) सीमा को 31 मार्च 2023 तक अपनी निवल मांग एवं आवधिक देयताओं (एनडीटीएल) के 22% तक बढ़ा सकते हैं, बशर्ते यह आधिक्य 1 सितंबर 2020 और 31 मार्च 2022 के बीच अर्जित की गईं एसएलआर प्रतिभूतियों के कारण हुआ हो. आपके बैंक द्वारा एसएलआर रखरखाव विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप रहा है. एसएलआर बही के ब्याज दर जोखिम का सक्रिय रूप से प्रबंधन न केवल जोखिम को रोकने के लिए बल्कि साथ ही पूंजी प्रतिलाभ बुक करने के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव से लाभ उठाने के लिए भी किया गया है.

चलनिधि एवं आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) प्रबंध

आपके बैंक का ट्रेजरी चलनिधि के सक्रिय प्रबंधन के लिए रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ), दीर्घावधि पुनर्वित्त रेपो परिचालन (एलटीआरओ) सहित मीयादी रेपो और खुले बाजार के परिचालन (ओएमओ) जैसे विभिन्न लिखतों और साथ ही त्रिपक्षीय रेपो डीलिंग प्रणाली (टीआरईपीएस), क्लीयरक्रॉप रेपो ऑर्डर मैचिंग सिस्टम (सीआरओएमएस) तथा मांग एवं सूचना पर देय अन्य बाजार लिखतों/ प्लेटफॉर्म का प्रयोग करता है. अधिशेष चलनिधि को जमा प्रमाणपत्र (सीडी), चलनिधि म्यूचुअल फंड, मांग/सूचना पर देय/मीयादी राशि आदि विभिन्न अल्पावधि लिखतों में नियोजन किया जाता है. आपके बैंक ने विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को बनाए रखा.

कोविड-19 के प्रभाव को कम करने के लिए आरबीआई ने दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ) तथा लक्षित दीर्घावधि रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) जैसे विभिन्न उपाय लागू किए थे. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंतिम माह के दौरान एलटीआरओ विंडो में सहभागिता की थी और बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान एलटीआरओ उधारों की बकाया राशि का समय-पूर्व भुगतान कर दिया गया. ग्राहकों के लिए 24x7x365 एनईएफ़टी और आरटीजीएस सुविधा के लागू किए जाने के अनुसरण में आपके बैंक ने चौबीसों घंटे उपलब्धता आधार पर चलनिधि के प्रभावी प्रबंधन के लिए यथोचित कदम उठाए हैं.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) के संबंध में बासेल III ढांचे का अनुपालन किया है तथा उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्तियों (एचक्यूएलए) की पहचान के लिए बिक्री योग्यता परीक्षण किया है.

बैंक ने उच्च लागत वाली थोक जमाराशियों पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए सचेत प्रयास किए हैं. आपके बैंक ने ऐसी जमाराशियों

से संबंधित ग्राहक आधार में विविधता और विघटन को भी सुनिश्चित किया है.

प्राथमिक डीलर (पीडी)

पीडी कार्यकलापों के एक भाग के रूप में आपका बैंक अतरल / अर्ध-तरल सरकारी प्रतिभूतियों के मामले में बाजार तैयार करने संबंधी गतिविधियों में शामिल रहा है. बैंक की ट्रेजरी ने बैंक के पास खाताधारी गिल्ट खाताधारकों को ग्राहकों की सहायक खाताबही (सीएसजीएल) सेवा भी उपलब्ध कराई. ट्रेजरी ने सीएसजीएल एवं गैर-सीएसजीएल ग्राहकों की तरफ से भारत सरकार/ राज्य विकास ऋण (एसडीएल) की प्राथमिक नीलामी में सक्रिय रूप से भाग लिया. रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपका बैंक द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए गिल्ट खाताधारकों को वेब आधारित तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ऑर्डर मिलान सेगमेंट (एनडीएस-ओएमएस) मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करता है. बैंक के *'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक'* पोर्टल ने रिटेल निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों को ऑनलाइन और एटीएम के माध्यम से खरीदने की सुविधा प्रदान करना जारी रखा.

फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव

आपके बैंक की ट्रेजरी के पास एक सक्रिय फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव डेस्क है. फॉरेक्स इंटरबैंक डेस्क अपने ग्राहकों को अधिकतम संभव बेहतर फॉरेक्स दर उपलब्ध कराता है. डेरिवेटिव डेस्क बैंक के ग्राहकों की हेजिंग संबंधी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए नवोन्मेषी समाधान उपलब्ध कराता है.

ट्रेजरी बिक्री

आपके बैंक की ट्रेजरी देश भर के 18 केंद्रों पर विदेशी मुद्रा, निश्चित आय और डेरिवेटिव उत्पादों के प्रभावी विपणन के लिए एक सेल्स टीम द्वारा समर्थित है. यह बिक्री टीम अपने कॉरपोरेट और खुदरा ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करती है तथा मुद्राओं और ब्याज दरों में उनके एक्सपोजर का प्रभावी ढंग से प्रबंध करने हेतु समाधान प्रदान करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क करती है. आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा व्यापार को बढ़ाने, मौजूदा संबंधों में प्रगाढ़ता लाने और साथ ही नए ग्राहको को जोड़ने के लिए कई अभियान चलाए हैं. आंतरिक हितधारकों और ग्राहकों के बीच ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आपके बैंक ने आईडीबीआई फॉरेक्स फेस्ट, ट्रेजरी एंड ट्रेड फेस्ट जैसी विभिन्न पहलें भी की हैं. कोविड-19 जनित प्रतिबंधों के चलते व्यापक रूप से ग्राहकों के साथ जुड़ने के लिए और साथ ही उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाए गए फॉरेक्स एवं ब्याज दर हेजिंग उत्पादों के दायरे और पहुँच को विस्तारित करने हेतु वेब कॉल आयोजित किए गए. बैंक की अनुकूलता एवं उपयुक्तता नीति के अनुसार ग्राहकों को डेरिवेटिव उत्पादों की पेशकश की जाती है.

वित्तीय संस्था समूह (एफ़आईजी)

आपका बैंक एक समर्पित वित्तीय संस्था समूह (एफ़आईजी) स्थापित कर रहा है ताकि देशी और विदेशी वित्तीय संस्थाओं (एफ़आई) को बैंक के विभिन्न उत्पादों/ सेवाओं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा सके. यह समूह व्यापार, नकदी प्रबंध सेवाएँ, भुगतान, ट्रेजरी, फॉरेक्स, डेरिवेटिव, मुद्रा बाजार एवं पूँजी बाजार तथा रिटेल बैंकिंग से संबंधित उत्पादों/सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए कवरेज समूह के रूप में कार्य करेगा. एफ़आईजी कवरेज के क्षेत्र को बढ़ाने और वित्तीय संस्था कारोबार को विस्तारित करने के लिए भी कार्य करेगा.

कारोबार निरंतरता योजना

आपका बैंक सीबीडी बेलापुर, मुंबई में ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र का संचालन करता है. केंद्र के पास एकीकृत परिचालन की सुविधा है जिसमें विविध बाजार खंड शामिल हैं जो ट्रेजरी के सभी महत्वपूर्ण कार्यों को सुचारु रूप से संचालित कर सकते हैं. ट्रेजरी ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के दौरान कार्य करना जारी रखा और निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित की.

बेंचमार्क्स का प्रस्तुतीकरण

ट्रेजरी परिचालन में सक्रिय खिलाड़ी होने के कारण, आपका बैंक एफबीआईएल पोल्ड टर्म माईबोर एवं एफबीआईएल पोल्ड एफसी-रुपी ऑप्शन वोलेटिलिटी के लिए फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के प्रस्तुतकर्ताओं में से एक बना रहा.

सीमा पार शाखाएँ

आपके बैंक की एक समुद्रपारीय शाखा दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में है और एक अंतर्राष्ट्रीय शाखा गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर, गुजरात में है.

डीआईएफसी, दुबई में स्थित आपके बैंक की विदेश शाखा ने परिचालन के 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं. डीआईएफसी शाखा अपने भारतीय ग्राहकों के भारतीय परिचालन और साथ ही सीमा पार उद्यमों की निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं और व्यापार वित्त उत्पादों की श्रृंखला प्रदान करने के लिए प्राधिकृत है. इसके अतिरिक्त डीआईएफसी शाखा, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से बाहर और अन्य गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों से परिचालन करने वाले स्थानीय उद्यमियों को कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है. समुद्रपारीय परिचालनों को तर्कसंगत बनाने हेतु सरकार के निदेशों के आधार पर आपका बैंक समुद्रपारीय परिचालनों को तर्कसंगत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है.

गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर में स्थित भारत के पहले और एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में आपके बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू), ने 6 मई 2016 से अपना परिचालन शुरू किया. आईबीयू, जीआईएफटी के विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) के अंतर्गत आता है और इसका कामकाज अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफ़एससीए) द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अभिशासित होता है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रेटिंग में कार्रवाई यथा 31 मार्च 2021 को रुपया संसाधनों के लिए वर्तमान रेटिंग के साथ निम्नानुसार है :

रुपया उधार के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग	केयर
रेटिंग संबंधी कार्रवाई	फरवरी-2021	सितंबर-2020@	अगस्त-2020	दिसंबर-2020
सावधि जमाराशियाँ	एफएए / स्टेबल	एमएए- / स्टेबल	इंड टीए/ निगेटिव	-
अल्पावधि उधार राशियाँ (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+^	इंड ए1	केयर ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर II बांड))	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए/ स्टेबल	इंड ए निगेटिव #	-
हाइब्रिड अपर टियर II बांड	क्रिसिल ए- / स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+/ स्टेबल	-	-
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल ए- / स्टेबल	वापस लिया गया	-	-
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल ए+ / स्टेबल	[इक्रा] ए (हाइब्रिड)/ स्टेबल	इंड ए/ निगेटिव	केयर ए+/स्टेबल

टिप्पणी :

@ - आउटलुक निगेटिव से अपग्रेड कर स्टेबल कर दिया है

^ - रेटिंग को अपग्रेड कर A1 से A1+ किया गया है

 # - लोअर टियर II बांडों की रेटिंग वापस ले ली गई है

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग दो अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच रेटिंग्स (फिच) तथा एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स (एस एंड पी) द्वारा की जाती है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) तथा स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) में परिवर्तन और यथा 31 मार्च 2021 को वर्तमान रेटिंग निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	फिच रेटिंग - रेटिंग संबंधी कार्रवाई		
	अप्रैल 2020	जून 2020	दिसंबर 2020
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबी+/ निगेटिव	बीबी+/ निगेटिव	बीबी+/ निगेटिव
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	सीसीसी	सीसीसी	सीसीसी+&

टिप्पणी :

& - अपग्रेड कर सीसीसी+ कर दिया गया है.

विदेशी मुद्रा उधारों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग - रेटिंग संबंधी कार्रवाई		
	अप्रैल 2020	जून 2020	अक्तूबर 2020
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (सीआर)	बीबी/निगेटिव	बीबी/निगेटिव	बीबी/ निगेटिव
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बी-	बी-	बी-

टिप्पणी:

विदेशी रेटिंग एजेंसियों (अर्थात् एसएंडपी तथा फिच रेटिंग) द्वारा रेटिंग किए हुए एमटीएन बांड 30 नवंबर 2020 को पूर्णतः पुनः अदा कर दिए गए थे. इस प्रकार बैंक 21 मई 2021 को एमटीएन बांड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न निगमों के किए गए रेटिंग अनुबंध / करार समाप्त कर दिए. तदनुसार, विदेशी मुद्रा उधारियों की रेटिंग वापस ले ली गई है.

दीर्घावधि रुपया उधार राशियाँ

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने कुल ₹ 2,101.20 करोड़ के तीन ऋण पूंजी लिखतों के संबंध में परिपक्वता से पूर्व क्रय विकल्प का प्रयोग किया. बैंक ने परिपक्वता तारीख को ₹ 40 करोड़ के एक ऋण पूंजी लिखत का मोचन किया.

विदेशी मुद्रा संसाधन

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अल्पावधि चलनिधि और निधीयन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा (एफसी) में सफलतापूर्वक अल्पावधि उधार राशियों को जुटाया.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 985.13 मिलियन यूएस डॉलर की दीर्घावधि विदेशी मुद्रा उधार राशियों का सफल मोचन किया जिसमें 750.63 मिलियन यूएस डॉलर के मध्यम अवधि नोट (एमटीएन) बांड / पुनर्वित्त द्विपक्षीय ऋण और 234.50 मिलियन यूएस डॉलर के एक्जिम बैंक पुनर्वित्त ऋण और सिडबी पुनर्वित्त ऋण की समयपूर्ण अदायगी शामिल हैं.

लंदन अंतर- बैंक प्रस्तावित दर (लाइबोर) परिवर्तन

2017 में, यूके वित्तीय संचालन प्राधिकरण (एफ़सीए) ने दिसंबर 2021 की समाप्ति तक लंदन अंतर-बैंक प्रस्तावित दर (लाइबोर) को समाप्त करने की अपनी इच्छा की घोषणा की थी. अपनी इस घोषणा के अग्रक्रम में एफ़सीए ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान उन पाँच मुद्राओं में, जिनमें लाइबोर प्रकाशित की जाती है, सभी 35 लाइबोर सेटिंग के लिए भावी समापन तारीखों की घोषणा की.

लाइबोर के दायरे से निकलकर वैकल्पिक संदर्भ दरों की ओर मुड़ने की संक्रमण स्थिति से निपटने के लिए आपके बैंक ने बोर्ड अनुमोदित नीति कार्यान्वित की है जिसमें लाइबोर से जुड़े एक्सपोजरों के मूल्यांकन और इस संक्रमण की स्थिति से उत्पन्न होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियोजित कार्रवाइयों को स्पष्ट किया गया है. अभिशासन ढाँचे के एक भाग के रूप में और साथ ही लाइबोर संक्रमण कार्यक्रम को मार्गदर्शन देने और उसका निरीक्षण करने के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया है. बकाया डेरिवेटिव पोर्टफोलियो पर लाइबोर की समाप्ति से पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए आपके बैंक ने 13 जनवरी 2021 को इंटरनेशनल स्वैप्स एंड डेरिवेटिव्स असोसिएशन (आईएसडीए) द्वारा जारी प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं.

जोखिम प्रबंध

आपके बैंक की जोखिम प्रबंध रणनीति तीन बुनियादी बातों अर्थात् पहचान, मापन और निगरानी पर अनिवार्य रूप से ध्यान केंद्रित करती है. पहचान प्रक्रिया जहाँ आगे के विश्लेषण और मूल्यांकन के लिए समर्थ बनाती है वहीं मापन बैंक को जोखिमों को स्वीकार करने, उससे बचने, उन्हें कम अथवा अंतरित करने में सक्षम बनाता है. इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने जोखिम प्रबंधन साधनों के माध्यम से आपके बैंक को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाया है तथा उसमें विश्वास पैदा किया है. उचित सीमाओं और प्रक्रियागत पहलुओं को दर्शानेवाली एक सुपरिभाषित नीति की रूपरेखा बैंक की समग्र रूप से जोखिम वहन करने की क्षमता के अंतर्गत बैंक को जोखिम कम करने और इसका प्रबंधन करने में मदद करती है. कारोबार सक्रियता के मूल तत्वों, बैंकिंग नवोन्मेष और विनियामकीय परिवर्तनों को समझते हुए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों में और अधिक सुधार को सुनिश्चित करने के लिए नीति को आवधिक रूप से अद्यतित किया जाता है. आपका बैंक सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता फैला कर और निर्णय लेने में इसे एक अत्यावश्यक मानदंड बना कर अपनी जोखिम प्रबंध संस्कृति में लगातार सुधार का प्रयास करता है. जहां निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) पर समग्र जोखिम प्रबंधन की जिम्मेदारी है, वहीं दिन-प्रति-दिन की गतिविधियों का संचालन जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किया जाता है. जोखिम प्रबंधन प्रणाली और इसकी प्रक्रियाओं को विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुसार लगातार अद्यतित किया जाता है. एक सुदृढ़ और तकनीकी रूप से उन्नत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के लिए आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन आर्किटेक्चर (आईआरएमए) लागू किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान, अर्थात् जोखिम मूल्यांकन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (सीओआरई) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण और परिचालनगत जोखिमों की पहचान और मापन में मदद करता है जिससे उपयुक्त जोखिम प्रबंधन रणनीति तैयार करने में मदद मिलती है. इसके अलावा आपके बैंक में उसके आस्ति एवं देयता प्रबंध (एएलएम), निधि अंतरण मूल्य-निर्धारण (एफटीपी), लाभप्रदता प्रबंध (पीएफटी) और ऋण जोखिम प्रबंध (एलआरएम) आवश्यकताओं के लिए सुस्थापित ऑरेकल वित्तीय सेवाएं विश्लेषण एप्लीकेशन (ओएफएसएए) भी कार्यान्वित है जिसे मापन तथा उत्पाद विशेषताओं की सूक्ष्म बारीकियों को कैप्चर करने लिए समुन्नत बनाया जा रहा है.

बासेल मानकों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के अंतर्गत रिजर्व बैंक के पिलर-I दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की तिमाही आधार पर गणना करता है. इसके अलावा, बैंक मासिक आवधिकता पर जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) के लिए पूंजी की आवाजाही पर भी कड़ी नजर रखता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में बैंकों के लिए 31 मार्च 2016 से चरणबद्ध तरीके से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. रिज़र्व बैंक की दिनांक 29 सितम्बर 2020 की अधिसूचना के अनुसार बासेल-III पूंजी विनियमनों की परिवर्ती व्यवस्थाओं की समीक्षा कर 31 मार्च 2021 को प्रयोज्य सीसीबी 1.875% विनिर्दिष्ट किया गया. तद्नुसार यथा 31 मार्च 2021 को आपके बैंक की 'कुल पूंजी + पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी)' का अनुपात न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा के अनुरूप 10.875% रहा. 31 मार्च 2021 को आपके बैंक का 'कुल पूंजी+सीसीबी' अनुपात 15.59% रहा. इसी प्रकार, आपके बैंक का 'सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) + सीसीबी' अनुपात 7.375% की विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 13.06% रहा. 31 मार्च 2021 को आपके बैंक का 'टियर 1 + सीसीबी' अनुपात 8.875% की विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 13.06% रहा. यथा 31 मार्च 2021 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 3.50% की लागू न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 6.08% रहा.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है. यह नीति बैंक को पिलर-I में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक व्यापक दबाव परीक्षण की रूपरेखा कार्यान्वित की है. यह दबाव परीक्षण रूपरेखा आपके बैंक को असाधारण लेकिन संभाव्य घटनाक्रमों में अपने कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का सामना करने के लिए उपयुक्त अग्रसक्रिय रणनीति बनाने में सक्षम बनाती है. इस रूपरेखा में परिस्थिति विश्लेषण और प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण को भी शामिल किया गया है. परिदृश्य विश्लेषण में बैंक की पूंजी और लाभप्रदतता के संदर्भ में सकल एनपीए के और अधिक बढ़ने, एनपीए की गैर निधि आधारित सुविधाओं एवं तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए खातों के क्रिस्टलीकरण और गैर तरल प्रतिभूतियों का प्रभाव शामिल है. आपके बैंक ने अपनी ऋण सहायता वाले विभिन्न क्षेत्रों पर कोविड-19 महामारी के कारण पड़ने वाले उन हानिकारक प्रभावों का आरंभिक आकलन करने के लिए भी अलग से परिदृश्य तैयार किए हैं, जो बैंक की लाभप्रदता पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं. इस रूपरेखा में प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण प्रणाली शामिल की गई है ताकि पूंजी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले दबाव के स्तर का पता लगा कर इसे पूर्व-निर्धारित स्तर पर लाया जा सके. आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर 3 अपेक्षाओं के अनुसार प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर प्रकटनों को आपके बैंक की वेबसाइट पर रखा जाता है, जो उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है. आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना हेतु मूलभूत सांकेतिक दृष्टिकोण (बीआईए) अपनाता है. प्रभावी नियंत्रण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कारोबार खंडों में प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) और जोखिम व नियंत्रण स्व-आकलन (आरसीएसए) की व्यापक

रूपरेखा लागू की गई है. आपका बैंक बाजार जोखिम के लिए विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी पर्याप्तता निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. आरएएम/अंक आधारित आंतरिक रेटिंग के अतिरिक्त, बैंक ने उच्च मूल्य वाले कॉरपोरेट और एमएसएमई ऋणों के जोखिम वर्गीकरण के लिए मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स भी विकसित किया है. ऋण नीति दस्तावेज की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की जाती है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिमों व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों तथा कार्यान्वयन प्रणालियों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं. इंटीग्रेटेड ट्रेजरी मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के कार्यान्वयन के साथ, आपके बैंक की निगरानी और रिपोर्टिंग को कवर करने वाले बाजार जोखिम प्रबंधन प्रभावकारिता को और मजबूत किया गया है. ट्रेजरी के मिड ऑफिस द्वारा सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी की जाती है जो ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस और बैक ऑफिस से स्वतंत्र है. ट्रेजरी मिड-ऑफिस ने एक मजबूत गैर-एसएलआर बॉन्ड पोर्टफोलियो बनाने के लिए इन-हाउस आंतरिक रेटिंग आधारित मॉडल के विकास के माध्यम से गैर-एसएलआर बांडों की आंतरिक रेटिंग शुरू की है.

चलनिधि प्रबंध

बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति-देयता प्रबंध समिति (आल्को) व्यवसाय रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति-देयता प्रबंध कार्यकलाप कार्यात्मक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आल्को सहयोग समूहों जैसे तुलन-पत्र प्रबंध, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय, बजट एवं आयोजना आदि के बीच समन्वय के जरिए संपन्न किए जाते हैं. आल्को निर्देश तथा एएलएम कार्रवाइयाँ व्यवसाय समूहों और वर्टिकलों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं. विनियामिकीय दिशानिर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2017 से बैंक के चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) की गणना दैनिक आधार पर की जाती है. वित्त वर्ष 2020 -21 के दौरान बैंक का औसत एलसीआर 155.59% था.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी), जोखिम प्रबंधन विभाग में ओआरएम अनुभाग तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है.

आपके बैंक में विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों/परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं. यह मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के ज़रिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंधन करता है और इस संबंध में हुई प्रगति से निदेशक मंडल की ओआरएमसी और आरएमसी को आवधिक रूप से अवगत कराता है. पूरे बैंक से परिचालन जोखिम हानि की घटनाओं को समेकित किया जाता है और मूल कारणों के विश्लेषण के साथ ओआरएमसी को प्रस्तुत किया जाता है. परिचालगत जोखिम हानि संबंधी आंकड़ें तिमाही आधार पर रिजर्व बैंक को भी प्रस्तुत किए जाते हैं.

आपका बैंक उपार्जन और पूंजी पर दबावग्रस्त परिचालनगत जोखिम संबंधी हानियों के मूल्यांकन के लिए अर्ध वार्षिक आधार पर दबावग्रस्त परीक्षण कार्रवाई भी करता है. इसके साथ ही परिचालनगत जोखिम के लिए बोर्ड अनुमोदित जोखिम वहन सीमा में किसी उल्लंघन का मापन और रिपोर्टिंग भी की जाती है. वर्तमान में परिचालनगत जोखिम विनियामकीय पूंजी और जोखिम भारित आस्तियों की गणना के लिए बैंक ने मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) को अपनाया है.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन संबंधी जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रियाएं हैं. आपके बैंक को कारोबार निरंतरता प्रबंधन के बैंक व्यापी कवरेज के लिए आईएसओ 22301:2012 प्रमाणन से सम्मानित किया गया है.

बीसीएम के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की गई है. इस योजना का उद्देश्य कारोबार व्यवधान/आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करना है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों के नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन बीसीपी तथा डीएमपी की आघात सहनशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, संपूर्ण ड्रिल और मॉक इवैक्यूएशन ड्रिलों सहित आपदा बहाली के माध्यम से

आवधिक परीक्षण किया जाता है. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डीएबी) से सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने अपने आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने परिचालनों में गोपनीयता के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई स्थित अपने डेटा केंद्र और चेन्नई स्थित आपदा रिकवरी (डीआर) साइट पर एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. 24X7 कार्यरत रहने वाला एसओसी, बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा, एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों जैसे फायरवाल्स, राऊटर्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) डिवाइस/ इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम (आईपीएस) डिवाइस, विशेषाधिकारकृत पहचान प्रबंध (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् फिनेकल ई-बैंकिंग एप्लीकेशन (एफ़ईबीए), मोबाइल बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिजर्व बैंक की सिफ़ारिशों और बैंकों के लिए रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा ढांचे को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है जिसमें मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), जो बैंक के मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) को रिपोर्ट करते हैं, के नेतृत्व में एक विशेष सूचना सुरक्षा समूह का गठन शामिल है.

ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, नैक्सट-जेनरेशन - फायरवाल समाधान, मोबाइल युक्ति प्रबंधन, हनीपॉट समाधान, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे, इंड पॉइंट एवं यूएसबी एनक्रिप्शन, डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी) सॉल्यूशन, एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएस), वेब-एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ) आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती है. बैंक ने साइबर सुरक्षा जोखिम निगरानी समिति (सीएसआरएमसी) का गठन किया है जो वीएपीटी/एपसेक प्रक्रिया के माध्यम से पहचानी गई किसी भी सुभेद्यता को जारी रखने के संबंध में दिशानिर्देश जारी करती है. इसके साथ ही, आपका बैंक अपने सूचना सुरक्षा ढाँचे की जाँच करने और उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित की जाने वाली साइबर ड्रिलों, टेबल-टॉप अभ्यासों, फ़िशिंग सिमुलेशन अभ्यासों और इसकी सूचना सुरक्षा सेट-अप के स्वास्थ्य की जांच करने और ब्रीच रेडिनेस अभ्यासों में भी सहभागिता करता है और साथ ही ऐसे अभ्यासों को आयोजित भी करता है. सूचना सुरक्षा जागरूकता को बैंक में कार्यग्रहण करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए प्रवेश कार्यक्रम में अनिवार्य सत्र के रूप में शामिल किया गया है. बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) में आयोजित सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम कार्यक्रम में भाग लिया. कर्मचारियों के लिए नियमित सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ, ग्राहकों को सुरक्षा भंग करने के प्रयासों को कम करने/ विफल करने के लिए मेल, एसएमएस, एटीएम और पोस्टरों के जरिए विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों को भी सूचित किया जाता है. परिमाप और अंतिम बिंदु दोनों स्तरों पर समाधानों को शामिल करते हुए मजबूत सूचना सुरक्षा ढांचे के भीतर सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना और प्रणालियों को कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक का डेटा सेंटर (डीसी), आपदा रिकवरी केंद्र (डीआर) के साथ-साथ नजदीकी डीआर केंद्र (एनडीआर) नवीनतम आईएसओ 27001 : 2013 सूचना सुरक्षा मानकों के साथ प्रमाणित हैं. आपके बैंक का नजदीकी डीआर केंद्र महत्वपूर्ण संव्यवहार प्रणालियों के लिए शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करता है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति (आईएसएससी) सूचना प्रणालियों में आईटी जोखिम को कम करने के लिए निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करती है. साइबर सुरक्षा की दशा, विभिन्न सुरक्षा घटनाएं और नीतियां आवश्यक निर्देशों के लिए बोर्ड की आईटी रणनीति समिति (आईटीएससीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. नीतियों को आईटीएससीबी द्वारा अनुमोदन के लिए बोर्ड को अनुशंसित किया जाता है.

प्रबंधन, नियंत्रण और प्रणालियां

मानव संसाधन

ज्ञानार्जन एवं विकास

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कोविड-19 से प्रेरित प्रतिबंधों के बावजूद आपके बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद और इसके 10 अंचल प्रशिक्षण केन्द्रों ने 490 वर्चुअल इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और विभिन्न वर्टिकलों के 11,718 प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों यथा - रिटेल बैंकिंग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम और कृषि ऋण, ग्रामीण ऋण वितरण एवं निगरानी, एनपीए प्रबंधन, संरचित रिटेल आस्तियां (ऋण/ बिक्री/ संग्रहण/ परिचालन), लेखा परीक्षा, साइबर सुरक्षा, दस्तावेजीकरण, भूमिका आधारित रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, रिटेल संग्रहण, व्यापार वित्त, ट्रेजरी, जोखिम, वित्त एवं लेखा, नेतृत्व/ व्यवहारिक प्रशिक्षण और अनिवार्य प्रशिक्षण प्रदान किए गए.

बैंक ने यौन उत्पीड़न (पीओएसएच) रोकथाम, डिजिटल बैंकिंग, सतर्कता निवारक, साइबर सुरक्षा, फिनेकल आदि के मॉड्यूलों में मिश्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार ग्राहक सेवा कार्यक्रम, महिला अधिकारियों, राजभाषा, बैंक प्रतिनिधि और कारोबार सुलभकर्ताओं के लिए टियर II प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

बैंक के स्वतंत्र निदेशकों में से छः निदेशकों तथा आपके बैंक के एक निदेशक को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मेनेजमेंट (एनआईबीएम), इंस्टीट्यूट फॉर डेवलेपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) आदि के द्वारा आयोजित पांच कार्यक्रमों यथा- जोखिम अभिशासन संरचना, सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम, तालमेल बनाने, नवोन्मेषण और स्केल के लिए बैंकों और फिनटेक की अभिरूपता पर वेबिनार, सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम और स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम, में नामित किया गया.

आपके बैंक ने अपने संबंधित कार्यक्षेत्रों में अपेक्षित एक्सपोजर प्रदान करने के लिए 904 अधिकारियों को 83 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया. शाखा बैंकिंग/ संचालन, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण (पीएसएल), क्रेडिट प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, व्यापार वित्त, ट्रेजरी, फोरेक्स, डीलिंग रूम, निर्यात वित्त और व्यापार अनुपालन, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल उधार, कॉरपोरेट अभिशासन एवं अनुपालन, लेखा परीक्षा, एचआर एनालिटिक्स, प्रबंधन में महिला, धोखाधड़ी प्रबंधन एवं एनालिटिक्स, डेटा माइनिंग और मशीनी अध्ययन, साइबर सुरक्षा, आईटी परियोजना प्रबंधन, सेवा उद्यम, मेंटरशिप, प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण आदि विषयों पर प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे, एनआईबीएम, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी)- पुणे, फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफईडीएआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ), एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए), आईडीआरबीटी, क्रिसिल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (आईबीबीआई), नेशनल एकेडमी ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एनएएचआरडी), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-अहमदाबाद (आईआईएम-ए), पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), एनआईएसएम, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईआईटी), मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज, इंटरटेक (इं) प्रा. लि., टीम लीज, एएलएमयूएस रिस्क कंसल्टिंग एलएलपी, एशियन कॉलेज ऑफ टीचर्स, आदि जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया गया.

ज्ञानार्जन संस्कृति के भाग के तौर पर बैंक अपनी शिक्षण प्रबंधन प्रणाली यथा ओजस के माध्यम से ई-लर्निंग को बढ़ावा दे रहा है ताकि कर्मचारियों को शिक्षण के लिए लागत प्रभावी ढंग से अतिरिक्त चैनल उपलब्ध कराए जा सकें. ओजस में विभिन्न प्रकार के बैंकिंग संबंधी विषयों को शामिल करते हुए लगभग 300 अद्यतित ई-लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं जिसमें व्यवहार-कौशल संबंधी विषय और हिंदी में कार्यात्मक मॉड्यूल भी शामिल हैं. सभी अनिवार्य ई-लर्निंग प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों को ग्रेड एफ (मुख्य महाप्रबंधक) तक के अधिकारियों के लिए आई-पेस प्रणाली में पांच अंकों का प्रावधान रखते हुए वार्षिक मूल्यांकन से भी जोड़ा गया है. समग्र रूप से वर्ष के दौरान 13,261 अधिकारियों ने ई-लर्निंग प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों को पूरा किया है.

जेएनआईबीएफ और जेडटीसी ने आईडीबीआई ट्रस्टीशिप प्राइवेट लि., भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, एआरसीआई इंडिया लिमिटेड, माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशन एसोसिएशन-पश्चिम बंगाल, माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन ऑफ यूपी, ओडिशा स्टेट एसोसिएशन ऑफ फाइनेंशियल इनक्लूजन आदि जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के लिए 17 बाह्य कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें 425 प्रतिभागियों ने सहभागिता की.

कोविड-19 महामारी के दौरान कर्मचारियों के लिए पहल कार्य

- **प्रोत्साहन का भुगतान:** आपके बैंक ने कोविड-19 महामारी के परिणामस्वरूप लगाए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान अपनी सभी पारंपरिक और भौतिक शाखाओं के साथ-साथ वैकल्पिक बैंकिंग चैनलों के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करते हुए हमारे सम्मानित ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सेवाएं प्रदान की हैं. निरंतर सेवाएं प्रदान करने के अपने समर्पित प्रयासों में, बैंक के आठ स्टाफ सदस्यों ने भी महामारी के कारण अपना अमूल्य जीवन खो दिया. आपके बैंक ने अथक सेवाएं प्रदान करने के लिए सराहना के रूप में, उन कर्मचारियों को जिन्होंने अप्रैल-जुलाई 2020 में लॉकडाउन की शीर्ष अवधि के दौरान काम किया था, विशेष मौद्रिक प्रोत्साहन प्रदान कर पुरस्कृत किया.

- **कोविड-19 के कारण होने वाली कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में परिवार को मुआवजे की मंजूरी:** चूंकि बैंक कर्मचारी दिन-प्रति-दिन आधार पर सामान्य रूप से जनता के साथ व्यवहार करते हैं, इसलिए उन पर वायरस से संक्रमित होने का खतरा बना रहता है. लॉकडाउन की अवधि खत्म होने और सामान्य स्थिति फिर से शुरू होने के बाद भी संक्रमण के जोखिम/संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. इस बात को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने सेवा के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में कर्मचारियों के कानूनी वारिसों को समग्र रूप से ₹ 20 लाख का मुआवजा प्रदान किया है.

- **विशेष छुट्टी की मंजूरी:** आपका बैंक ऐसे कर्मचारियों को विशेष छुट्टी मंजूर कर रहा है जो ड्यूटी के दौरान कोविड-19

पॉजिटिव पाए गए अथवा जिन्हें क्वारंटीन रहने के लिए निर्देश दिए गए.

- **चिकित्सा व्यय का भुगतान:** हालांकि नई बीमारी होने के कारण कोविड-19 के इलाज के खर्च को बैंक की चिकित्सा अनुसूची के तहत कवर नहीं किया गया था, आपके बैंक ने कोविड-19 से प्रभावित कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति प्रदान करने का निर्णय लिया है.

- **क्वारंटीन सुविधा:** आपके बैंक ने कोविड-19 पॉजिटिव लक्षण वाले और बिना लक्षण वाले (जिन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है) कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों, जो आमतौर पर कर्मचारी के साथ रहते हैं, के लिए क्वारंटीन सुविधा प्रदान करने के लिए अपोलो हॉस्पिटल के साथ करार किया है. इस सुविधा के अंतर्गत, आपका बैंक उन कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति प्रदान कर रहा है जो इस समझौते के तहत अपोलो अस्पताल द्वारा अभिनिर्धारित होटलों में क्वारंटीन सुविधा का लाभ उठाते हैं. चूंकि यह सुविधा केवल प्रमुख शहरों में उपलब्ध है, इसलिए आपका बैंक, बैंक के चिकित्सा अधिकारी/डॉक्टर/स्थानीय प्राधिकारियों की लिखित सलाह पर अन्य शहरों में सरकार/राज्य/स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित केंद्रों/संस्थानों/होटलों/हॉलों में क्वारंटीन सुविधा का लाभ उठाने वाले कर्मचारियों को भी प्रतिपूर्ति कर रहा है.

कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति

आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बच्चों के लिए डॉ. बी.आर. अम्बेडकर छात्रवृत्ति प्रदान की है.

अधिकारियों की तैनाती और नियोजन

कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक के पास संगठनात्मक और विनियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुदृढ़ स्थानांतरण व्यवस्था है. स्थानांतरण का उद्देश्य कारोबार और सहयोगी क्षेत्रों के कार्यात्मक पहलुओं से अच्छी तरह परिचित कराने के साथ-साथ अधिकारियों के लिए स्थानीय एक्सपोजर प्रदान करना है. कर्मचारियों के नियोजन का उद्देश्य व्यापक और विशाखीकृत परिचालन क्षेत्रों के एक्सपोजर के माध्यम से अधिकारियों की दक्षता और कौशल को विकसित करना है. यह कार्य क्षमता निर्माण ढांचे के माध्यम से भी किया जाता है जिसमें ज्ञान उन्नयन और मौजूदा कौशल सेटों में वृद्धि के जरिए विशेष हस्तक्षेप के द्वारा व्यक्तिगत कौशलों में इष्टतम वृद्धि की परिकल्पना की गई है. इसके अतिरिक्त, संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों सहित अधिकारियों का स्थानांतरण सामान्यतः अधिकारियों की तैनाती और नियोजन नीति के अनुसार किया जाता है.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यतः मैत्रीपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. अधिकारियों/ कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान निकालने हेतु रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक ने संघों और यूनियनों के साथ बैठकें की हैं. यूनियन और संघ भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और तत्पर रहे हैं.

आई-पेस - नई कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 से पुनः संरचित कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली (पीएमएस) लागू की है तथा इसे और अधिक विशिष्ट, मापनीय, हासिल करने योग्य, सुसंगत एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से इसे आई-पेस (आईडीबीआई बैंक- कार्य निष्पादन निर्धारण एवं सतत मूल्यांकन) जैसा सटीक नाम दिया गया है. नए पीएमएस का उद्देश्य अधिकारियों के प्रदर्शन को संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ संरेखित करना और बैंक के रणनीतिक व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ सभी स्तरों पर कार्य निष्पादन आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना है. आई-पेस में एक समान भूमिकाओं के लिए मानकीकृत मुख्य परिणाम क्षेत्र (केआरए), मानकीकृत केआरए के लिए समान महत्व देना तथा अधिकांश मापनीय केआरए के लिए सिस्टम/ डैशबोर्ड से सीधी सहबद्धता शामिल है. इसे लागू किए जाने के बाद से आपका बैंक आई-पेस तुलनात्मसक रैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत अपने अधिकारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर रहा है, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ अधिकारियों के प्रदर्शन को संरेखित करना और बैंक के रणनीतिक व्यावसायिक उद्देश्यों पर ध्यान-केंद्रण, दिशा-निर्धारण और सामान्य समझ के साथ सभी स्तरों पर कार्य निष्पादन आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना है.

आरक्षण नीति

यथा 31 मार्च 2021 को बैंक की कुल श्रमशक्ति संख्या में अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा)/ अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आरूक) का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार है:

श्रेणी	अपिव	अजा	अजजा	ईडब्ल्यूएस
अधिकारी	3,929	2,183	968	69
एक्जीक्यूटिव	361	131	66	48
लिपिक	49	68	26	-
अधीनस्थ स्टाफ	116	132	47	-
कुल	**4,455**	**2,514**	**1,107**	**117**

आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाओं पर लागू होने वाली भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है. आपके बैंक ने अजा/अजजा/अपिव तथा दिव्यांगों (पीडबल्यूडी) के लिए क्रमशः महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (ज़ेडएलओ) की नियुक्ति की है. सीएलओ और ज़ेडएलओ आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपका बैंक अजा/अजजा/अपिव के कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु अजा/अजजा/अपिव कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ आवधिक बैठकें (तिमाही) आयोजित करता है. आपके बैंक ने अजा/अजजा/आपिव वर्ग के कर्मचारियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करने के लिए शिकायत रजिस्टर भी बनाया है और इन शिकायतों के समाधान के लिए समुचित कार्रवाई की जाती है. आपके बैंक ने आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण रजिस्टर/रोस्टर बनाए हैं. बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों के लिए अलग आरक्षण रोस्टर भी बनाया है.

नए पहल कार्य

- **ऑनलाइन मोड के माध्यम से भर्ती:** महामारी के कारण आपके बैंक ने कैम्पस भर्ती और ऑनलाइन मोड के माध्यम से विभिन्न संवर्गों में स्पेशलिस्ट अधिकारियों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की.
- **वर्क फ्रॉम होम:** कोविड-19 महामारी के फैलने के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान और ऐसे समय में उपस्थित कर्मचारियों की संख्या पर लगे प्रतिबंध के कारण आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की सुविधा आरंभ की ताकि इस विकट समय के दौरान कार्यालय का काम बाधित न हो.

उत्तराधिकार योजना नीति (एसपीपी)

आपके बैंक ने मुख्य महा प्रबन्धकों और महा प्रबंधकों के कतिपय संवेदनशील पदों पर उत्तराधिकार योजना आरंभ की. यह नीति वरिष्ठ पदों के लिए लीडरशिप प्रक्रिया के सृजन के लिए समग्र ढांचा उपलब्ध कराती है ताकि जब चिन्हित महत्वपूर्ण पद खाली हो तो कारोबार निरंतरता सुनिश्चित की जा सके,

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

आपके बैंक ने अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिला को तुरंत सहायता देने और अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न झेलनेवाली महिला की शिकायत सीधे समिति के सदस्यों के पास दर्ज कराने के लिए एसएमएस/ई-मेल आधारित शिकायत प्रणाली कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के निवारण को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक को इस संबंध में 7 (सात) शिकायतें प्राप्त हुई जबकि पूर्ववर्ती वर्षों में प्राप्त 4 (चार) शिकायतों पर निष्कर्ष लंबित था. संबन्धित आंतरिक समितियों ने शिकायतों का समाधान किया और यथा 31 मार्च 2021 को 4 (चार) शिकायतों पर निष्कर्ष लंबित था.

कर्मचारियों को विधिक तथा वित्तीय सहायता प्रदान करना

बैंक के कामकाज को सद्भावपूर्वक निष्पादित करने से उत्पन्न मामलों पर बाहरी व्यक्तियों/ सरकारी एजेंसियों/ निजी पक्षों द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ जानबूझकर की गई झूठी शिकायतों से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने उक्त योजना लागू की है जो निदेशकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों को वित्तीय और विधिक सहायता उपलब्ध कराती है.

निदेशक एवं अधिकारी देयता बीमा पॉलिसी (डी एंड ओ पॉलिसी)

आपके बैंक ने डी एंड ओ पॉलिसी खरीदी है जिसका उद्देश्य वास्तविक या तथाकथित 'गलत कार्य', जो सद्भावपूर्वक कर्तव्य निर्वहन के दौरान निर्णयों और कार्रवाई से हुआ हो, के परिणाम के प्रति निदेशकों और अधिकारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है.

भर्ती और स्टाफिंग

यथा 31 मार्च 2021 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,319 था. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
लिपिकीय स्टाफ	503
एक्ज़ीक्यूटिव	942
अधिकारी*	15,327
अधीनस्थ स्टाफ	547
कुल	**17,319**

नोट अधिकारियों की संख्या के अंतर्गत एमडी व सीईओ, डीएमडी (2), मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी तथा संविदागत कर्मचारी (ट्रेजरी प्रमुख, डेटा एनालिटिक्स प्रमुख, मुख्य तकनीकी अधिकारी, सलाहकार चिकित्सक ,बैंक चिकित्सा अधिकारी (3) शामिल हैं)*

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों में 551 व्यक्तियों की भर्ती की जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

ग्रेड	कुल
अधिकारी ग्रेड ए	316
अधिकारी ग्रेड बी	17
अधिकारी ग्रेड डी	1
लिपिकीय $	5
अधीनस्थ स्टाफ $	3
एक्जीक्यूटिव	208
संविदा पर सलाहकार चिकित्सक	1
कुल	**551**

नोट: $ - लिपिकीय और अधीनस्थ स्टाफ संवर्ग में भर्ती अनुकंपा नियुक्ति के रूप में की गई है.

बुनियादी संरचना प्रबंधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अनेक प्रमुख सिविल परियोजनाएं हाथ में लीं. आपके बैंक ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड से ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली में 36 आवासीय फ्लैटों और 150 कार पार्किंग के साथ 1,22,088 वर्ग फुट क्षेत्रफल के वाणिज्यिक परिसर का अर्जन किया है. इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 36 आवासीय फ्लैटों सहित 150 कार पार्किंग स्थल बैंक को सौंप दिया गया है. 1,22,088 वर्ग फुट के वाणिज्यिक परिसर में से 99,662 वर्ग फुट जगह बैंक को सौंपी गयी है और इसके इंटीरियर फर्निशिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है. एनबीसीसी (इंडिया) ने बाकी वाणिज्यिक स्थान (22,426 वर्ग फुट) को कुछ विशिष्ट जनहित याचिका (पीआईएल) के लंबित निर्णय के कारण अभी तक बैंक को नहीं सौंपा है.

आपके बैंक का नया अंचल कार्यालय जिसका लखनऊ में परिचालन वित्तीय वर्ष 2019-20 में आरंभ हो चुका था अब इसे अपने पूर्ववर्ती स्थान से नए पट्टे परिसर में शिफ्ट किया गया है.

आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2021-22 में अपने मौजूदा 12 अंचलों की संख्या में वृद्धि करते हुए पटना और भोपाल में दो और अंचल शामिल करने की योजना बना रहा है, जिसके लिए वर्तमान में पट्टे पर परिसर के चयन की प्रक्रिया चल रही है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का एक समर्पित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन का मूल्यांकन करता है और साथ ही यह बैंक के भीतर आंतरिक नियंत्रणों, जोखिम प्रबंधन और अभिशासन की प्रभाविकता सुनिश्चित करता है. लेखापरीक्षा कार्यकलाप के अंतर्गत जोखिम विभिन्न कारोबार एवं सपोर्ट वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों (अंका), क्षेत्रीय कार्यालयों (क्षेका), शाखाओं और गैर-शाखा खंडों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों की लेखापरीक्षा और जोखिम आधारित लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को अपनाया गया. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी), बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख में कार्य करता है.

आईएडी के कार्य (i) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति; (ii) समवर्ती लेखापरीक्षा नीति; (iii) सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा नीति द्वारा अभिशासित हैं. जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति के हिस्से के रूप में लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न लेखापरीक्षा अर्थात् शाखा लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा का आयोजन करता है. शाखाओं की लेखापरीक्षा पर गहराई से ध्यान केंद्रित करने और अनुवर्तन कार्यों को पर्याप्त और प्रभावी रूप से पूरा करना सुनिश्चित करने हेतु आपके बैंक में अपने सभी अंचलों में अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) बनाए गए हैं. लेखापरीक्षा गतिविधियों को एक वेब आधारित एप्लिकेशन-लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली के जरिये संपन्न किया जाता है, जिसे लेखापरीक्षा इकाइयों के संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालनों की निगरानी हेतु तत्काल आधार पर एक्सेस किया जाता है. आईएडी (i) धोखाधड़ी निगरानी समूह (ii) सतर्कता प्रणाली (iii) स्टाफ जवाबदेही समिति सचिवालय (iv) लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) और (v) वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संबंधी कार्य का भी प्रबंध करता है.

उपयुक्त रूप से अर्हता प्राप्त और कौशलपूर्ण लेखापरीक्षा कार्य जहां कहीं भी आवश्यक हो परिचालनगत प्रक्रियाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधार हेतु शिफ़ारिशें भी करता है और प्रबंधन को समय रहते ही फीडबैक उपलब्ध कराता है ताकि सुधारात्मक कारवाई की जा सके.

लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर)

लेखा परीक्षा विभाग सांविधिक शाखा लेखापरीक्षा (एसबीए) और बैंक की शाखाओं के सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (एससीए) द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी को लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) को अंतिम रूप देने के लिए संकलित और साझा करता रहा है. शाखाओं द्वारा जानकारी/डेटा इनपुट करने और प्रधान कार्यालय में एससीए द्वारा उपयोग के लिए समेकित रिपोर्ट जेनरेट करने हेतु आईएडी द्वारा एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित कर लागू की गई है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको-एफआर)

लेखा परीक्षा विभाग (i) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता; और (ii) ऐसे नियंत्रणों की परिचालनगत प्रभावशीलता तथा सभी सक्रिय मुद्दों को समय पर और प्रभावी रूप से बंद करने की सुनिश्चितता सत्यापित करने

के प्रयोजन से नियुक्त किए गए बाहरी परामर्शदाता द्वारा चिन्हित किए गए जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स के परीक्षण के लिए समन्वय व पर्यवेक्षण कर रहा है. संबंधित कार्यकलापों को नियमित आधार पर सुग्राही बनाया जा रहा है ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि सभी सक्रिय मुद्दों को बंद करने के प्रयास में नियंत्रणों के लिए पर्याप्त जांच की गई है.

सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा

सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नए पहल कार्य शुरू किए गए जिसमें लेखापरीक्षा कार्य के क्षेत्र के विस्तार सहित अन्य बातों के साथ-साथ बढ़ती साइबर सुरक्षा की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा के कवरेज की लेखापरीक्षा का कार्य शामिल है. इसके अलावा लेखापरीक्षा योजना में लेखापरीक्षा इकाई के अंतराल को नियत करने के लिये टियर आधारित एप्लिकेशनों पर विचार किया गया ताकि सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य किये जा सके. लंबित लेखापरीक्षा टिप्पणियों को बंद करने के लिये निगरानी प्रक्रिया को मजबूत किया गया और समय-समय पर उच्च प्रबंधन तंत्र को इसकी स्थिति से अवगत कराया गया.

आईएस लेखापरीक्षा के दौरान टिप्पणियों/सिफ़ारिशों संबंधी सुझावों ने आईटी प्रणालीगत नियंत्रणों की प्रभावोत्पादकता और सक्षमता को बढ़ाया है ताकि वे प्रबंधन को इस संबंध में उपयुक्त आश्वासन दे सकें कि बैंक में कारोबारी/परिचालनगत प्रक्रियाओं सहित नियोजित आईटी इनफ्रास्ट्रक्चर सूचना प्रणाली अपने ध्येय को प्रभावी रूप से पूरा करते हैं तथा आईटी प्रणालियों में जोखिमों का पूर्ण समाधान कर लिया गया था अथवा वे स्वीकार्य सीमाओं के भीतर थे.

ऑफसाइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस)

ऑफ साइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस) शाखाओं और नियंत्रणाधीन कार्यालयों को दैनंदिन परिचालनों में वर्तमान नीतियों/प्रक्रियाओं से विचलन होने पर सावधान करने तथा उनमें तत्काल सुधार/अनुपालन करने का एक महत्वपूर्ण साधन है. मौजूदा ऑफ साइट निगरानी प्रणाली अपवाद नियमों पर संबंधित वर्टिकलों के साथ चर्चा कर वार्षिक समीक्षा की गयी. प्राप्त फीडबैक/सुझावों और आंतरिक समीक्षा के आधार पर ऑफ साइट निगरानी प्रणाली को मजबूत करने हेतु विभिन्न श्रेणियों में छह नए नियम शामिल किए गए जबकि 12 वर्तमान नियमों में संशोधन किया गया.

समवर्ती लेखापरीक्षा

समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली अनियमितताओं/चूकों का पता लगाने के लिए बैंक की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडबल्यूएस) का भाग है जो जोखिमों को नियंत्रित रखने में आंतरिक और विनियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघनों की रोकथाम करने और धोखाधड़ी वाले लेनदेनों को रोकने में सहायता करती है. समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली दरअसल एक नियंत्रण प्रक्रिया है जो मजबूत आंतरिक लेखांकन प्रणालियों और प्रभावी नियंत्रणों की स्थापना हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारतीय रिज़र्व बैंक के सम्बद्ध दिशानिर्देशों के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा शाखाओं/ अन्य गैर शाखा इकाइयों जैसे ट्रेज़री, केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू) और खुदरा आस्ति केन्द्रों (आरएसी) में की जाती है, जिनकी पहचान जोखिम बोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर होती है. इसके अलावा, प्रधान कार्यालय के अभिनिर्धारित कार्यपरक प्रभागों की भी समवर्ती लेखापरीक्षा होती है तथा सभी व्यापार वित्त केंद्रों को समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल किया गया है. बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित समवर्ती लेखापरीक्षा नीति के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा को रिज़र्व बैंक द्वारा जमाओं के न्यूनतम 50% और अग्रिमों के न्यूनतम 50% को कवर करने संबंधी मानदंड की तुलना में बैंक की जमाओं के 70% और अग्रिमों के 70% भाग को कवर करना आवश्यक है. तदनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए सीए के अंतर्गत लगभग 767 लेखापरीक्षित इकाइयां (रिटेल व कॉर्पोरेट शाखाएं, आरएसी, ट्रेड फ़ाइनेंस केंद्र, करेंसी चेस्ट, ऋण समाधान केंद्र, गैर शाखा खंड आदि) कवर की गईं और इसके लिए बाहरी सनदी लेखाकार फर्मों की सेवाएं ली गई थीं. रिपोर्ट की गुणवत्ता तथा समय पर प्रस्तुति हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्यनिष्पादन पर अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय और कॉर्पोरेट सेंटर लगातार गहन निगरानी रखते हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

आपके बैंक ने वार्षिक आधार पर चुनिंदा खातों की विस्तृत समीक्षा के लिए ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है. निम्नलिखित परिभाषित मानदंडों के आधार पर समीक्षाधीन अवधि के दौरान मंजूर किए गए नए प्रस्तावों में से उधारकर्ता खाते ऋण लेखापरीक्षा के लिए अभिनिर्धारित किए जाते हैंः (i) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले सभी नए प्रस्ताव (संवितरण की तारीख से 3-6 महीने के अंदर) और सीमाओं के नवीकरण/नवीकरण-सह- वृद्धि के प्रस्ताव; (ii) बचे हुए प्रस्तावों में से बिना किसी क्रम से चुने गए (5%) प्रस्ताव; (iii) निवेश ग्रेड से नीचे (यदि वित्तीय वर्ष के दौरान निवेश ग्रेड से परिवर्तित हुए हों); और (iv) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले अधिग्रहण संबंधी मामले.

छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा (आईए/एसआईए)

वर्ष 2020-21 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा विभिन्न शाखाओं/आरएसी में कुल 83 छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखा परीक्षाएं की गईं. इन एसआईए से प्राप्त महत्वपूर्ण टिप्पणियों, आईएडी की परामर्शी सूचनाओं और उन पर किए गए सुधारात्मक उपायों की रिपोर्टिंग कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) को की गई. आईएडी द्वारा की गई जांच, नीतियों, उत्पाद संबंधी दिशानिर्देशों, कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और नियंत्रणों की बहाली तथा शाखाओं की बेहतर समग्र निगरानी सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं. आईए/एसआईए

द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रारंभिक संकेतकों ने अंचल कार्यालयों को समय पर वसूली/कानूनी कार्रवाई आरंभ करने में तथा खातों को एनपीए बनने से रोकने में सहायता की.

एसआईए/आईए से सामने आई चूक/कमियों को शाखाओं और साथ ही नियंत्रण इकाइयों के साथ साझा किया जाता है ताकि ऐसी चूक की पुनरावृत्ति से बचा जा सके और न केवल शाखा स्तर पर बल्कि पर्यवक्षीय स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को मजबूत करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके.

धोखाधड़ी निगरानी

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) के अंतर्गत एक समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफ़एमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाइयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है और साथ ही इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक परामर्श देता / परिपत्र भी जारी करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है. धोखाधड़ी की त्वरित रिपोर्टिंग और धोखाधड़ी के मामलों की समय सीमा के अंतर्गत रिपोर्टिंग हेतु विभिन्न आंतरिक परिपत्र जारी किए गए जिनमें रिजर्व बैंक को धोखाधड़ी की समय पर रिपोर्टिंग करने के महत्व को दोहराया गया.

आपके बैंक ने धोखाधड़ी के मामलों को कम करने के लिए ₹ 1 करोड़ और उससे ऊपर के सभी ऋण और बंधक संबंधी दस्तावेजों की विधिक लेखा-परीक्षा /सम्यक जांच-पड़ताल करता है और लेखापरीक्षा संबंधी अपनी टिप्पणियों को संबन्धित टीमों/ वर्तिकलों/विभागों के साथ साझा करता है ताकि विधिक लेखापरीक्षा के दौरान पाई गयी कमियों /विसंगतियों को नोट किया जाए और बैंक के हितों की रक्षा करने के लिये सुधारात्मक उपायों के संबंध में अपेक्षित मार्गदर्शन भी देता है.

अप्राधिकृत इलेक्ट्रोनिक बैंकिंग लेन-देन (यूईबीटी) के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति ने अंचल परिचालन प्रबन्धकों को ₹ 2 लाख की डीओपी निर्धारित की है ताकि वे उपयुक्त मामलों में शीघ्रता से शैडो क्रेडिट उपलब्ध करा सकें.

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक में धोखाधड़ी प्रबंधन समूह (एफआरएमजी) है जो उद्यमव्यापी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) के कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित रखता है और ईएफआरएमएस प्रणाली के जरिये नियमों को तैयार कर विभिन्न प्रणालियों द्वारा किए गए संदिग्ध लेन-देनों पर निगरानी रखता है. मोबाइल और रिटेल नेट बैंकिंग के लिये अनुकूल प्रमाणीकरण समाधान का कार्यान्वयन का कार्य पूरा हो चुका है और आपका बैंक कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग के समाधान के कार्यान्वयन को पूरा करने के अग्रिम चरण में है. वर्ष के दौरान आपका बैंक डेबिट कार्ड के संदिग्ध लेन-देनों नेटवर्क टूल के जरिये 24x7 आधार पर निगरानी रख रहा है और बैंक ने इस चैनल को कवर करने के लिये अपनी ईएफ़आरएमएस प्रणाली भी आरंभ की है. आपका बैंक क्रेडिट कार्ड लेन-देनों को कवर करने के लिये ईएफआरएमएस समाधान के कार्यान्वयन के अग्रिम चरण में है. बैंक वेंडरों द्वारा उपलब्ध कराये गए निगरानी तंत्रों का प्रयोग कर मर्चेंट संस्थापना (एमई) लेनदेन पर भी निगरानी रखता है और प्रायोगिक आधार पर नेटवर्क टूल का प्रयोग कर यूनीफाईड पेमेंट इंटरफ़ेस पर निगरानी रखना भी आरंभ किया है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई में पूर्ण रूप से गठित सतर्कता विभाग परिचालनरत है जिसके विभागाध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं. आपके बैंक ने अंचल स्तर पर सतर्कता गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करने और बेहतर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से अंचल सतर्कता ढांचे को गठित किया है.

आपके बैंक के सीवीओ द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यकलापों का व्यापक कार्यक्षेत्र/ दायरा है तथा इसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा किए गये अथवा संभवतः किए जाने वाले भ्रष्ट कार्यों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्रित करना शामिल है. सीवीओ, बैंक के सतर्कता मामलों से संबंधित सभी कार्यों को करते/ देखते हैं जिनमें (i) सतर्कता मामलों पर कार्यवाही करना, सतर्कता इंगित करने वाली और सत्यापन किए जाने लायक आरोपों से संबद्ध शिकायतों की जांच करना; (ii) छानबीन रिपोर्टों पर कार्यवाही करना जिन्हें आगे अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ भेजा जाए; (iii) जहां कहीं भी आवश्यकता हो मामलों को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को उनके विचारार्थ/ सूचना हेतु भेजना; (iv) भ्रष्टाचार/ कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना और; (v) विभिन्न विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय और संपर्क करना शामिल हैं.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग का समर्पित वेबपेज है जिस पर विभाग के कार्यों की जानकारी, बैंक की सभी शाखाओं/ कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले सीवीसी के मानक नोटिस के प्रारूप, सीवीसी व सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) द्वारा तथा आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी महत्वपूर्ण परिपत्र/ दिशानिर्देशों और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इससे आपके बैंक को अपने अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरुकता के स्तर को बढ़ाने में मदद मिली है.

सतर्कता कार्य में *'निवारक सतर्कता'* और *'दंडात्मक सतर्कता'* दोनों अंश शामिल हैं. निवारक सतर्कता एक सतत प्रक्रिया है जो मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा के प्रयास द्वारा यह सुनिश्चित करता है कि सेट प्रणालियों और प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है, विवेक का कम उपयोग किया जा रहा है,

और सतर्कता मामलों पर कर्मचारियों के साथ-साथ बैंक के हितधारकों के बीच जागरूकता लाना सुनिश्चित करता है.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए कुछ सतर्कता निवारक उपायों में विभिन्न शाखाओं में अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने और स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अस्पष्ट अनुपालन की जांच हेतु ऑफ़साइट/ औचक सतर्कता दौरे (एसवीवी) तथा स्वतः संज्ञान आधार (स्टाफ/ बाह्य तत्वों द्वारा किसी भी संदिग्ध अनुचित कार्यों की जानकारी प्राप्त होने पर) पर निरीक्षण करना शामिल है. इसके अलावा, बैंक अधिकारियों के आस्ति व देयताओं की विवरणियों (एआरएएल) की जांच, बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों आदि की जांच भी सतर्कता विभाग द्वारा किए जाते हैं.

भ्रष्टाचार से निपटने के प्रयासों के तहत साथ ही साथ सीवीसी के निदेशों द्वारा जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, आपके बैंक ने 27 अक्टूबर 2020 से 02 नवंबर 2020 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2020 को *'सतर्क भारत, समृद्ध भारत'* विषय के रूप में मनाया था. इस अवसर पर, आपके बैंक ने स्टाफ के सदस्यों के लाभ के लिए एक विशेष ई-पत्रिका जारी की और स्टाफ सदस्यों तथा उनके बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे लेख-लिखना, ऑनलाइन क्विज़, कॉइन-ए-कैप्शन, हास्य-चित्र आदि जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया. इसके अतिरिक्त, फील्ड अधिकारियों के लाभ हेतु टेंडरिंग/ ई-टेंडरिंग पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया. आम जनता/ नागरिकों के बीच जागरुकता फैलाने के लिए, आपके बैंक के अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं और अन्य ग्राहक-संपर्क प्लेटफॉर्मों पर प्रमुख स्थानों पर वीएडब्लू 2020 बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए.

विनियामकीय अनुपालन

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रणों की संरचित प्रणाली और विभिन्न स्तरीय समीक्षा के ज़रिए भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. कार्यपालक निदेशक पद के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में स्थित अनुपालन विभाग संचालित होता है. विभाग सभी वैधानिक और विनियामक दिशानिर्देशों के प्रसार और आंतरिकीकरण का समन्वय करता है. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक अनुपालन नीति लागू की है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टियर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों / एजेंसियों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल से अवगत कराया जाता है. आपके बैंक ने *'सर्मो+'* नामक उन्नत तकनीकी एप्लिकेशन के कार्यान्वयन द्वारा निचले स्तर तक आंतरिक अनुपालन पद्धति को मजबूत बनाया. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट की जाने वाली अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली को भी स्वचालित कर दिया है जिससे समय पर अनुपालन प्रस्तुति और उपयुक्त डेटा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक श्रेणी का एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है. आपके बैंक ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके ज़रिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आपके बैंक ने भारत सरकार के निदेशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा अधिनियम व नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु संगठित प्रयास किए. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल कार्यालयों और शाखाओं द्वारा नियमित रूप से विशेष प्रयास किए गए. बैंक की वेबसाइट पर आपके बैंक के उत्पादों एवं योजनाओं के बारे में हिन्दी में विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के लिए वर्ष के दौरान अपने प्रयास निरंतर जारी रखे. आपके बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन जैसे अभय, पेएप्ट और एमपासबुक हिंदी का विकल्प प्रदान करते हैं. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा डिजिटल बैंकिंग से संबंधित विभिन्न अभियान हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किए गए. ग्राहकों को सूचना देने के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर, बैनर तथा अन्य तथ्यपरक सामग्रियों को हिंदी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रदर्शित किया गया. भारत सरकार की प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आने वाली योजनाओं जैसे - अटल पेंशन योजना (एपीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) आदि से संबंधित प्रचार अभियानों में हिंदी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग किया गया.

आपके बैंक ने दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की गईं और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक के विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके बैंक द्वारा सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण अपनाए गए सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने अपने अधिकांश राजभाषा कार्यक्रमों, बैठकों, कार्यशालाओं, निरीक्षणों आदि का आयोजन ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया.

आपका बैंक का प्रयास दैनंदिन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना है और इसके कारोबार की विभिन्न मंचों पर प्रशंसा हुई है तथा वर्ष के दौरान पुरस्कार भी प्राप्त हुए है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- आपके बैंक की तिमाही हिंदी गृह पत्रिका *'विकास प्रभा'* को वर्ष के दौरान एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स (एबीसीआई) द्वारा तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. जब कि बैंक ने *'आंतरिक पत्रिका'* श्रेणी में गोल्ड ट्राफी प्राप्त की, इसने *'विशेष कॉलम (भाषा)'* में रजत तथा *'फीचर्स (भाषा)'* श्रेणी में कांस्य जीता.
- भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने अपने निरीक्षणों के दौरान आपके बैंक में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की सराहना की.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने की अपनी परिकल्पना को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और *अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी संचालित* वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह पर जोर दिया है.

आपके बैंक के पास एक समर्पित 24x7 ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) है, जो सीबीडी-बेलापुर, नवी मुंबई और हैदराबाद में स्थित है, ताकि ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान और विभिन्न चैनलों से प्राप्त ग्राहक शिकायतों का त्वरित निवारण किया जा सके. हमारे ग्राहकों की विविधता का सम्मान करते हुए और उन्हें स्वीकार कर उनके साथ संवाद को निजीकृत करने का प्रयास के उद्देश्य से हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, ग्राहक सेवा केंद्र 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सेवाएं प्रदान करता है. विविध और अनगिनत ग्राहक सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा, ग्राहक सेवा केंद्र कारोबार सृजन गतिविधियों को सक्रिय रूप से करता है और आपके बैंक के वसूली प्रयासों को सुविधाजनक और पूर्ण भी करता है. प्रासंगिक बने रहने और तेजी से बदलते माहौल में अपने आप को ढालने और ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए आपका बैंक समय-समय पर अपनी नीतियों जैसे ग्राहक सेवा नीति, शिकायत निवारण नीति और ग्राहक अधिकार नीति की समीक्षा करता है और यह सुनिश्चित करता है कि नीतियां अद्यतन घटनाक्रम के अनुरूप हैं. ग्राहकों की शिकायतों का उचित और समय पर निवारण और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चत करना बैंक का मूल ध्येय है. ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक बोर्ड-अनुमोदित शिकायत निवारण नीति कार्यान्वित की है जो शिकायत समाधान और ग्राहक सेवा सुपुर्दगी के प्रति इसके दृष्टिकोण को दर्शाती है. सभी चैनलों से प्राप्त शिकायतों पर इस नीति के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है जिसमें एक समय-आधारित एस्केलेशन मैट्रिक्स भी शामिल है जिसके तहत यदि शिकायत का समाधान एक तय समय सीमा के भीतर नहीं किया जाता है, तो उसे अगले उच्च अधिकारी के पास प्रेषित कर दिया जाता है. इस उद्देश्य के लिए, बैंक ने अपने 12 अंचल कार्यालयों में से प्रत्येक में शिकायत निवारण अधिकारियों (जीआरओ) और प्रधान कार्यालय में एक प्रधान नोडल अधिकारी (पीएनओ) को पदनामित किया है. इसके अलावा, आंतरिक लोकपाल योजना 2018 के अनुसार, ऐसी शिकायतें, जिन्हें बैंक अस्वीकार करने /आंशिक रूप से समाधान करने का प्रस्ताव करता है, उन्हें ग्राहक को जवाब देने से पहले आंतरिक लोकपाल (आईओ) के पास भेज दिया जाता है. बैंक की अपनी मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) है, जो प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने, निगरानी और उनका समय पर समाधान करती है. विभिन्न ग्राहक संपर्क बिन्दुओं और नियामकों से प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि इस सिस्टम में की जाती है और एक एसएमएस के माध्यम से ग्राहक को इसकी सूचना भेजी जाती है. इस सिस्टम में पूर्व-निर्धारित टर्नएराउंड टाइम (टीएटी) के अनुसार ऑटो अलर्ट तंत्र सहित इनबिल्ट एस्केलेशन मैट्रिक्स है. ग्राहक बैंक के वैबसाइट/ नजदीकी शाखा/ संपर्क केंद्र के माध्यम से अपनी शिकायत की स्थिति को आसानी से ट्रैक कर सकता है. शिकायत समाधान में विलंब के मामले में, बैंक एसएमएस अलर्ट के जरिये ग्राहक को इसकी सूचना देता है. इसके अलावा अनधिकृत इलेक्ट्रानिक बैंकिंग लेन-देनों को रोकने/कम करने के लिए आपके बैंक के पास ऐसे कई विभिन्न माध्यम हैं जिनके द्वारा ग्राहक ऐसे लेन-देनों की रिपोर्ट तत्काल और 24x7 आधार पर कर सकता है. सुविधाजनक बैंकिंग के अपने प्रयासों और ग्रीन पहल के अंतर्गत बैंक ने विभिन्न चैनलों जैसे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और इंटरैक्टिव वॉइस रेस्पोंस (आईवीआर) के जरिए डेबिट कार्ड पिन सृजन की सुविधा दी है ताकि इससे ग्राहकों को बेहतर सहूलियत हो सके.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) एवं बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) जैसी वरिष्ठ स्तर की दो समितियां स्थापित की हैं, जो हर तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करती हैं. ये समितियां बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा ग्राहकों को मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के फीडबैक की समीक्षा करती हैं. ये समितियां ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों और फीडबैक की भी समीक्षा करती हैं और इनके समाधान में तत्परता के लिए आवश्यक निर्देश भी प्रदान करती हैं और ग्राहक सेवा सुधार की प्रक्रिया में बदलाव भी करती हैं.

आपका बैंक नियमित आधार पर ग्राहक से फीडबैक प्राप्त करता है तथा ग्राहकों की खुशी के लिए प्रक्रियाओं/उत्पादों में सुधार हेतु इसका प्रयोग करता है. बैंक वार्षिक आधार पर जमाकर्ता संतुष्टि सर्वेक्षण भी करता है और निष्कर्षों का

मूल्यांकन कर इससे प्राप्त जानकारी का उपयोग उत्पाद/ प्रक्रिया/ सिस्टम में सुधार के लिए करता है. अपने ग्राहकों को दी गयी ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आपका बैंक सभी शाखाओं में गुप्त खरीददारी कार्यकलाप भी आयोजित करता है.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में ग्राहक सेवा के क्षेत्र में कई पहल कार्य किये हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **डोरस्टेप बैंकिंग:** बैंक 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग जनों को डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है. इन सेवाओं में नगदी पिक-अप और डिलीवरी करना, लिखत / एनईएफटी/ आरटीजीएस अनुरोध पिक-अप, मांग ड्राफ्ट (डीडी) / जमा प्रमाणपत्र/ चेक बुक की सुपुर्दगी और केवाईसी दस्तावेजों और जीवन प्रमाणपत्र की प्रस्तुति शामिल है.
- **पुन: -केवाईसी के लिए ऑनलाइन सुविधा:** कम जोखिम वाले ग्राहकों के मामले में जहां उनकी पहचान और पते की स्थिति में कोई बदलाव नहीं है, आरबीआई इस आशय के लिए स्व-प्रमाणन को पुन:-केवाईसी के रूप में पर्याप्त होने की अनुमति देता है. उपर्युक्त के अनुपालन में, आपके बैंक ने ऐसे कम जोखिम वाले ग्राहकों के लिए समय-समय पर पुष्टि और केवाईसी के अद्यतन के लिए अतिरिक्त सुविधाएं अर्थात् बैंक से प्राप्त एसएमएस या ई-मेल लिंक के माध्यम से या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं.
- **संपर्क केंद्र के माध्यम से विवरण के विकल्प के लिए अनुरोध:** जिन ग्राहकों ने खाता खोलने के समय पासबुक का विकल्प चुना था, लेकिन ईमेल विवरण मोड पर माइग्रेट करना चाहते हैं, उन्हें इस अनुरोध के लिए शाखा में जाना आवश्यक था. ग्राहक को और अधिक सुविधा देने के लिए, यदि ग्राहक की ई-मेल आईडी बैंक के रिकॉर्ड में अद्यतित है, तो आपका बैंक संपर्क केंद्र के माध्यम से ई-मेल विवरण मोड में माइग्रेशन का अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है.
- **व्हाट्सएप बैंकिंग:** बैंकिंग अनुभव को 24x7 सुचारू बनाने के लिए, आपके बैंक ने 13 अक्टूबर 2020 को व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा शुरू की है, जिसमें खाता शेष पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, शाखा / एटीएम लोकेटर, ब्याज दरें, चेक बुक और ई-मेल स्टेटमेंट अनुरोध जैसी सेवाएं शामिल हैं.
- **वीडियो केवाईसी (वी-केवाईसी) सुविधा:** ग्राहक को बैंक की किसी भी शाखा में गए बिना या व्यक्तिगत रूप से बैंक के किसी कर्मचारी से मिले बिना ही वीडियो केवाईसी (वी-केवाईसी) के माध्यम से खाता खोलने की अनुमति होगी. इस सुविधा के तहत आपका बैंक अपने कर्मचारिके साथ लाइव विडियो सत्र के जरिए पूर्ण केवाईसी खाता खोलने की सहूलियत प्रदान करता है.
- **आई-क्विक खाता खोलने की सुविधा:** बैंक ने नए खातों के लिए आई-क्विक खाता खोलने की सुविधा आरंभ की है, जो लोगों को ग्राहक के पैन और आधार कार्ड को सत्यापित कर संपर्क रहित और कागज रहित मोड के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा देता है. यह प्रतिबंधों सहित सीमित केवाईसी खाता है. ग्राहक को 12 महीनों के भीतर पूर्ण केवाईसी पूरा करने और खाते को किसी भी नियमित स्कीम कोड में अपग्रेड करने की आवश्यकता है.

कॉरपोरेट संप्रेषण

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, आपके बैंक के विज्ञापन प्रयासों में इसकी सकारात्मक, न्यू नॉर्मल में स्थिर छवि को बनाए रखने और अपने उत्पादों और सेवाओं के रिकॉल मूल्य को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विज्ञापन और प्रचार संबंधी पहल कार्यों में आवास ऋण, ऑटो ऋण जैसे प्रमुख खुदरा उत्पादों के साथ-साथ आई-क्विक और फास्टैग जैसे नवोन्मेषी उत्पादों की विशेषताओं को उजागर करने वाले अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया था. इन अभियानों में उत्पादों की विशिष्ट विशेषताओं पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया और यह लागत प्रभावी माध्यमों जैसे अस्थायी ओओएच (घर से बाहर) प्रदर्शन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, रेडियो, आदि द्वारा किए गए. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए सूचना सुरक्षा जागरूकता पर एक छोटा वीडियो-आधारित अभियान चलाया.

विश्वसनीय ब्रांड, रीडर्स डाइजेस्ट 2020 ने आपके बैंक को *'निजी बैंक श्रेणी'* में उपभोक्ता सर्वेक्षण के आधार पर *'ट्रस्टेड ब्रांड अवार्ड'* से सम्मानित किया.

विज्ञापन क्षेत्र की ही तरह आपके बैंक ने जनसंपर्क (पीआर) क्षेत्र में भी कई पहल कार्य किए. आपके बैंक के जन संपर्क अभियानों का उद्देश्य समाचारों के सकारात्मक पहलू को बनाए रखना और मीडिया में बैंक की छवि को बढ़ाने के साथ ही साथ हितधारकों की अनुभूति को सुदृढ़ करना भी था. आपके बैंक को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया में अपने पहल कार्यों के लिए सकारात्मक प्रतिसाद मिला. आपके बैंक ने महामारी प्रभावित अवधि के दौरान त्रैमासिक वित्तीय परिणामों की घोषणा के लिए पहली बार सुरक्षित वातावरण में मीडिया के साथ बातचीत के लिए वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट, 'idbibankofficial' के लॉन्च द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया. बैंक ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपनी गतिविधियों को जारी रखा और फेसबुक, लिंक्डइन, ट्विटर और यूट्यूब पर अपने आधिकारिक ब्रांड पेज / हैंडल के माध्यम से संचार किया.

आंतरिक संप्रेषण

आपके बैंक के आंतरिक संप्रेषण का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण गतिविधियों सहित, लेकिन यहीं तक ही सीमित नहीं, विचारों के प्रभावी आदान-

प्रदान पर ध्यान केंद्रित करना था. इससे बैंक के विभिन्न विभागों और शाखाओं के बीच पारस्परिक सहयोग सुनिश्चित किया गया ताकि कर्मचारियों के बीच सामुदायिक भावना को जागृत किया जा सके और सामूहिक लक्ष्य के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से भरोसे के स्वस्थ संबंध को विकसित किया जा सके.

कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और उनके साथ जुड़ने के लिए विभिन्न पहल कार्य किए गए. इसमें, अन्य बातों के साथ- साथ, बैंक के इंट्रानेट पर शीर्ष प्रबंधन के संदेशो को प्रदर्शित करना और विशेष अवसरों, जैसे - स्थापना दिवस / नव वर्ष / दीपावली आदि पर कर्मचारियों को ईमेलर प्रेषित करना आदि शामिल हैं. अन्य पहेलों में आपके बैंक के डिजिटल समाचार पत्र *'अभ्युदय'* का मासिक परिचालन शामिल था. इसके माध्यम से कर्मचारियों को बैंक की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया तथा, साथ ही कर्मचारियों को शीर्ष प्रबंधन से संदेश/ मेलर्स भी पहुंचाए गए. आपके बैंक ने एक डिजिटल अवतार के रूप में अपनी त्रैमासिक गृह पत्रिका *'श्री वयम्'* भी प्रकाशित की, जो वर्तमान कर्मचारियों और साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न विषयों पर उनके अनुभवों और विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करती है. सोशल मीडिया समुदाय को बड़ा और मजबूत बनाने की दृष्टि से आपके बैंक ने सभी कर्मचारियों के लिए एक कर्मचारी समर्थक कार्यक्रम, *'आईडीबीआई बैंक सोशल मीडिया चैंपियन अभियान'* शुरूकिया.

सूचना प्रौद्योगिकी

विगत वर्ष आपके बैंक ने, न केवल कोविड-19 महामारी के कारण तकनीकी चुनौतियों का सामना किया, बल्कि तकनीकी-आधारित सेवाओं की गति, सॉफ्टवेयर / हार्डवेयर के उन्नयन और इसके संवर्धन को भी बनाए रखा. आपके बैंक ने अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे को तेजी से जुटाकर नियमित बैंकिंग सेवाओं में महामारी संबंधी बाधाओं का पूर्वानुमान कर उसे कम करने के लिए अपने कर्मचारियों के लिए अपने घर से ही निर्बाध रूप से अपना कार्य निष्पादन करने में सक्षम बनाया. आपके बैंक की समय पर पहल, जैसे कि अपने कर्मचारियों को लैपटॉप का शीघ्र आबंटन, कर्मचारियों को आधिकारिक ई-मेल उपलब्ध कराना और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नियंत्रण सहित बैंक के सिस्टम का वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन)/वर्चुअल डेस्कटॉप इन्फ्रास्ट्रक्चर (वीडीआई) आधारित एक्सेस प्रदान कर यह सुनिश्चित किया गया कि अपने ग्राहकों के पास अत्यावश्यक बैंकिंग सेवाओं और कार्यात्मकताओं की निर्बाध पहुंच हो. आपके बैंक ने ई-टेंडरिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंस-आधारित बोली प्रक्रियाओं में स्विच ओवर और इसे अपनाते हुए आईटी से संबंधित खरीद में निरंतरता सुनिश्चित की.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक की प्रमुख उपलब्धियों में मुख्य डेटा केंद्र (डीसी) स्थान पर सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) का उन्नयन और चेन्नई में आपदा सुधार (डीआर) स्थान पर एक एसओसी की स्थापना, डोमेन-आधारित संदेश प्रमाणीकरण कार्यान्वयन, ईमेल स्पूफिंग का पता लगाने और रोकने के लिए रिपोर्टिंग और अनुरूपता (डीएमएआरसी) एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म, बैंक के सिस्टम के अनधिकृत उपयोग के प्रयासों का पता लगाने, हटाने और उसके रोकथाम के लिए हनी पॉट समाधान के कार्यान्वयन, शाखा नेटवर्क उपकरणों/लिंक्स पर केंद्रीकृत निगरानी और उससे संबन्धित मुद्दों के समाधान को सक्षम करने के लिए एक एंटरप्राइज नेटवर्क मॉनिटरिंग सॉल्यूशन (ईएनएमएस) का कार्यान्वयन, उच्चतम शुद्धता के साथ नेटवर्क में कंप्यूटर घड़ी के समय के सिंक्रनाइज़ेशन के लिए सैटेलाइट/जीपीएस आधारित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल (एनटीपी) समाधान का कार्यान्वयन और उन्नयन विनियामक अनुपालन और बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त करने के लिए बैंक का एटीएम स्विच संस्करण शामिल है. एंटरप्राइज डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू) परियोजना के तहत, विभिन्न ऋण उत्पादों के लिए एनपीए पूर्वानुमान, कृषि/ एमएसएमई के पोर्टफोलियो के लिए मंथन पूर्वानुमान, क्रॉस-सेल/अप-सेल मॉडल, ग्राहक प्रोफाइलिंग और विभाजन, आदि के लिए विभिन्न विश्लेषणात्मक / पूर्वानुमान वाले मॉडल बनाए गए थे. इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ताओं के लिए विभिन्न कारोबारी कार्यों के लिए डेटा सेट बनाए गए, जिससे वे चलते-फिरते वांछित रिपोर्ट बना सकते हैं.

एप्लिकेशन नवोन्मेष डोमेन के भीतर, आपके बैंक ने अपने ग्राहकों के डिजिटल अनुभव को बढ़ाने के लिए विभिन्न लिनक्स और विंडोज आधारित एप्लिकेशनों को आरंभ किया है. इन एप्लिकेशनों में वीडियो केवाईसी खाता खोलना (वीएओ) शामिल है, जिसमें ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार सीधे अपने घर या कार्यालय से बिना कोई भौतिक फॉर्म भरे या बिना किसी शाखा में गए, बैंक में अपना बचत खाता खोल सकते हैं और व्हाट्सएप बैंकिंग की सुविधा जो बैंक के ग्राहकों को व्हाट्सएप एप्लिकेशन के माध्यम से विभिन्न आवश्यक बैंकिंग सेवाओं जैसे खाता शेष की जानकारी, अंतिम पाँच लेन-देन का विवरण, ब्याज दरों के साथ-साथ बैंक की आस-पास की शाखाओं/एटीएम के विवरण का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है. आपके बैंक ने पूर्ण रूप से डिजीटल ऋण प्रोसेसिंग प्रणाली (एलपीएस) भी शुरू की है जोकि पूरी तरह से स्वचालित और पूर्ण रूप से एकीकृत प्लेटफॉर्म है जो ग्राहकों को विभिन्न एमएसएमई और कृषि ऋण उत्पादों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम बनाता है. इन एप्लिकेशन को न्यूनतम भौतिक हस्तक्षेप से निर्बाध और सीधे तरीके से संसाधित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप शीघ्र टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) और महत्वपूर्ण लागत की बचत होगी.

आपका बैंक कई प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों/संवर्द्धन को लागू करने के अग्रिम चरण में है, जिसमें वॉयस वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) और एसएमएस-आधारित ओटीपी के विकल्प के रूप में सॉफ्टवेयर टोकन-आधारित प्रमाणीकरण का कार्यान्वयन, मोबाइल / इंटरनेट बैंकिंग जैसे कारोबार महत्वपूर्ण एप्लिकेशन की सक्रियता से निगरानी के लिए एप्लिकेशन कार्यनिष्पादन निगरानी समाधान का कार्यान्वयन, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), कृत्रिम आसूचना (एआई) जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण का पता लगाने के लिए एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस प्रबंधन (एपीआईएम) का कार्यान्वयन और 24x7 ग्राहक सहायता के लिए चैट बॉट सुविधा और डीसी एवं डीआर दोनों स्थानों पर अगली पीढ़ी के एसओसी के निर्माण के लिए सुरक्षा व्यवस्था, स्वचालन और प्रतिक्रिया (एसओएआर), नेटवर्क व्यवहार विसंगति खोज (एनबीएडी), पैकेट कैप्चर (पीसीएपी), उपयोगकर्ता एवं इकाई व्यवहार विश्लेषण (यूईबीए) और आशंका आसूचना प्लेटफ़ार्म (टीआईपी)

जैसे नयी पीढ़ी सुरक्षा तकनीकियों की उपयोगिता की खोज का कार्यान्वयन शामिल है.

डेटा शोधन और संवर्धन के क्षेत्र में, आपके बैंक ने स्वचालित डेटा प्रवाह (एडीएफ़) एप्लिकेशन को सफलतापूर्वक लागू किया और भौतिक हस्तक्षेप को हटाते हुए रिटर्न सृजन की प्रक्रिया को लगातार परिष्कृत कर रहा है. आरबीआई ने विनियामक प्रस्तुतियों के लिए सिस्टम-से-सिस्टम दृष्टिकोण के माध्यम से बैंकों के डेटा को एकत्रित करने के लिए एकल रेपोजिटॉरी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस) आरंभ की है. आपका बैंक आरबीआई द्वारा लिए गए 45 रिटर्न के एडीएफ आउटपुट को एक्सबीआरएल फॉर्मेट में बदलने की प्रक्रिया में है. आपके बैंक ने अत्याधुनिक उद्यम-व्यापी डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू) के निर्माण द्वारा समर्थित डेटा-अनुकूल निर्णय लेने वाले संगठन होने की दिशा में अपनी यात्रा शुरू की है. ईडीडब्ल्यू के भाग के रूप में, आपके बैंक ने (i) 150 से अधिक महत्वपूर्ण रिपोर्ट तथा डैशबोर्ड को हैंडहेल्ड डिवाइस पर सक्रिय करके शीर्ष प्रबंधन के निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाया है, (ii) 600 से अधिक रिपोर्ट और डैशबोर्ड बनाए हैं जो बैंक भर में विभागों के पास उपलब्ध हैं, (iii) यात्रा के दौरान फील्ड अधिकारियों के लिए ग्राहकों की जानकारी एक्सेस करने हेतु उनके डेस्कटॉप और मोबाइल पर 360° ग्राहक व्यू के साथ-साथ ग्राहक संपर्क प्रबंधन (सीआरएम) जारी किया है. आपके बैंक ने निर्णय लेने के लिए उपलब्ध डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए, ईडीडब्ल्यू परियोजना के अंतर्गत *आईक्लीन* नामक एक केंद्रीकृत डेटा-क्लींजिंग एप्लिकेशन की शुरुआत की है जो अनुचित /अवैध महत्वपूर्ण डेटा तत्वों की पहचान करता है और उन त्रुटियों को सुधारने के लिए एक सरल इंटरफ़ेस प्रदान करता है. विपणन अभियान अब केंद्रीकृत सीआरएम प्रणाली के माध्यम से चलाए जा रहे हैं. चूक होने वाले उधारकर्ताओं को अब पूर्वानुमानीय एनालिटिक्स के माध्यम से पहचाना जा रहा है और न्यूनतम गिरावट सुनिश्चित करने के लिए उनका पालन किया जा रहा है. इसके अलावा, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के ईएएसई सुधार के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसार, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, ग्राहक सेवा चैनल, एसएमएस बैंकिंग और मिस्ड कॉल बैंकिंग सहित सभी चैनलों के माध्यम से डिजिटल पहल को आपके बैंक में सीआरएम एप्लिकेशन के जरिये कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक के पास डेटा एनालिटिक्स के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र है, जो कारोबारी क्षेत्रों, निर्णय रणनीतियों, पूर्वानुमान मॉडल और रूल इंजनों के लिए काम करता है. आपका बैंक आनेवाले ग्राहकों, ग्राहकों के सूक्ष्म विभाजन, उनके व्यावहारिक स्वरूप, सुचारु और निर्बाध लेनदेन, व्यय-व्यवहार, जोखिम पोर्टफोलियो आदि की गहरी अंतरदृष्टि के लिए प्रौद्योगिकी और एनालिटिक्स को उन्नत करता रहा है ताकि इसके डिजिटल प्रभाव को बढ़ाया जा सके और इसके डिजिटल अभियान को अधिक प्रभावी, तीव्र एवं किफायती बनाया जा सके. पूर्वानुमान मॉडल, बकाया भुगतान क्षमता के संबंध में उधारकर्ताओं के व्यवहार की भविष्यवाणी करने में आपके बैंक की मदद कर रहे हैं. अत्याधुनिक एनालिटिक्स का उपयोग करते हुए, आपका बैंक एनालिटिक्स-आधारित पूर्व-अर्हता और पूर्व-अनुमोदित प्रस्ताव पेश कर रहा है. आपका बैंक कारोबार क्षमता और ऋण जोखिम का विश्लेषण-आधारित मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है. संविभाग गुणवत्ता सूचकांक आपके बैंक को केंद्रित दृष्टिकोण के साथ वास्तविक समय के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई करने में मदद करेगा.

केंद्रीकृत परिचालन

आपके बैंक के पास एक केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू) है जहां विभिन्न परिचालनगत गतिविधियां होती हैं जैसे मीयादी जमाराशियों के ब्याज पर स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस), नगदी आहरण एवं उदारीकृत विप्रेषण योजना (एलआरएस) के अंतर्गत टीडीएस, जमा शिक्षा और जागरूकता कोष (डीईएएफ़), डेबिट कार्ड/ प्रीपेड कार्ड/ पिन मेलर/ चेक बुक /वेल्कम किट/ खाता विवरण तथा ग्राहकों की अन्य सुपुर्दगियों की प्रस्तुति और वितरण. सीपीयू केंद्रीकृत रूप से बैंक के इंटरनेट बैंकिंग संचालन का कार्य भी देखता है. डीमैट खाता खोलने, अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (अस्बा), सिंडिकेट अस्बा और प्रतिभूति पर ऋण (एलएएस) आदि जैसे परिचालन सीपीयू में केंद्रीकृत हैं. अन्य बैंकों के साथ वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) सामंजस्य और समन्वय का कार्य सीपीयू द्वारा नियंत्रित किया जाता है.

इसी प्रकार, आपके बैंक की छह क्षेत्रीय प्रोसेसिंग इकाइयाँ (आरपीयू) हैं जो बचत बैंक खाता, चालू खाता और सावधि जमा खाते खोलने और रखरखाव जैसी गतिविधियों को देखती हैं. उक्त आरपीयू वर्तमान में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और अहमदाबाद में कार्यरत हैं.

इन विविध गतिविधियों का केंद्रीकरण आपके बैंक को टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) घटाने और लागत के युक्तिकरण के साथ-साथ ग्राहक सुविधा बढ़ाने के लिए निर्बाध सेवाओं को सुनिश्चित करने में मदद करता है.

खुदरा आस्ति परिचालन

आपके बैंक के पास सीपीयू के अंतर्गत एक खुदरा आस्ति परिचालन (आरएओ) विभाग है जो संरचित खुदरा आस्ति (एसआरए) ऋण खातों और इसके प्रकारों के लिए बैकएंड परिचालन का कार्य देखता है. यह विभाग सभी ऋणोत्तर संवितरण गतिविधियों को संभालता है, जिसमें भौतिक फ़ाइलों की सुरक्षा, प्रलेखीकरण और वित्तीय मापदंडों के लिए फाइलों की जांच और सभी खातों की रखरखाव गतिविधियां शामिल हैं. आपके बैंक द्वारा अपने खुदरा ऋण क्षेत्र पर दिए गए जोर को ध्यान में रखते हुए और साथ ही इसकी बढ़ी हुई मात्रा को संभालने के लिए, बैंक ने दो नए खुदरा आस्ति परिचालन केंद्र खोले हैं और देश के विभिन्न स्थानों पर अन्य तीन खुदरा आस्ति परिचालन केंद्र खोलने की प्रक्रिया जारी है. आपके बैंक ने तेजी से और त्रुटि मुक्त निष्पादन के लिए खुदरा आस्ति परिचालन में कई मौजूदा प्रक्रियाओं को स्वचालित भी किया है.

शाखा परिचालन सहायता एवं नीति

आपका बैंक कर्मचारियों को बैंकिंग परिचालनों, सेवाओं आदि की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनके दैनंदिन परिचालनों के संबंध में ज्ञान प्रदान करने में सबसे आगे है. यह सुनिश्चित करता है कि आपके बैंक के कार्यबल

ने बैंक के सभी हितधारकों को उत्पादों, परिचालनों और सेवाओं पर अद्यतन जानकारी से सेवा प्रदान किया है.

आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति के अनुपालन में और अपनी सभी शाखाओं में नोट छँटाई / नोट अधिप्रमाणन करने वाली मशीनें लगाई हैं. वर्ष के दौरान, बैंक ने हुबली में एक नया करेंसी चेस्ट (सीसी) खोला है. इसी के साथ, बैंक के देश भर में 24 सीसी हैं. ये सीसी सभी संबद्ध शाखाओं से प्राप्त नकदी संसाधित करते हैं और एटीएम के माध्यम से तथा शाखाओं के माध्यम से वितरण के लिए स्वच्छ नोट उपलब्ध कराते हैं.

देशी भुगतान तथा विप्रेषण सेवाएं (डीपीआरएस)

आपका बैंक विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों के माध्यम से कागज-आधारित भुगतान लिखत के भुगतान एवं संग्रह और निधि अंतरण के प्रोसेसिंग की सुविधा प्रदान करता है. चेन्नई, दिल्ली और मुंबई में चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) के माध्यम से समाशोधन गतिविधियों के कार्य को संभालने के लिए तीन केंद्रीकृत समाशोधन ग्रिड केंद्र हैं. सभी इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और विप्रेषण सेवाओं की परिचालनगत गतिविधियों का कार्य देखने के लिए मुंबई से एक केंद्रीयकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रोसेसिंग केंद्र (ईटीपीसी) कार्य करता है. किसी भी ग्रिड केंद्र या ईटीपीसी में आपातकालीन स्थिति के दौरान निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए, लागत-प्रभावी कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) लागू की गई है.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

चूंकि आपके बैंक के पिछले तीन वर्षों का औसत निवल लाभ (सीएसआर उद्देश्य के लिए) हानि दर्शाता है, कंपनी अधिनियम, 2013 में दिये गए व्यापक दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीएसआर के अंतर्गत किसी भी राशि के व्यय की आवश्यकता नहीं है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक की सभी प्रस्तावित सीएसआर परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं. इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान सीएसआर शून्य रहा.

Management Discussion and Analysis

Business Environment

The coronavirus pandemic, which initially emerged as a health crisis, translated into a severe economic and social challenge not only over the course of the Calendar Year (CY) 2020 but also continued well into CY 2021 with the emergence of *'second wave'* of the COVID-19 pandemic. Major economies experienced their sharpest deceleration in economic growth during this period. However, proactive measures by the policymakers such as expansionary fiscal policy, use of monetary policy tools to boost liquidity in the financial system, rollout of mass vaccination drive, among others, have aided in abating risks to economic recovery in the near future to some extent.

On the domestic front, the economic impact of the pandemic was apparent in the growth readings. As per the Provisional Estimates of National Income, 2020-21, India's real Gross Domestic Product (GDP) contracted by 7.3% in FY 2020-21 as compared to a growth of 4.0% in FY 2019-20. The Gross Value Added (GVA) at basic price, which captures sectoral performance, also contracted by 6.2% in FY 2020-21 as compared to a growth of 4.1% in FY2019-20 due to contraction in both Industry and Services sector which offset the growth evidenced in the Agriculture sector.

Against this backdrop, the Government of India (GoI) and the Reserve Bank of India (RBI) adopted an all-inclusive and co-ordinated policy approach to address the growth concerns confronting the economy. Various fiscal and monetary measures such as the AatmaNirbhar Bharat Abhiyaan, wide-ranging announcements in the Union Budget 2021-22, accommodative monetary policy stance, deployment of unconventional monetary policy tools, among other measures, have aided in providing the necessary impetus to growth.

Going forward, factors such as strengthening and broad-basing of growth impulses, mass rollout of vaccination programme, sector-specific budget announcements, increase in budgeted capital expenditure, continued thrust on investment in infrastructure sector, etc. are expected to improve India's near-term growth outlook. Additionally, a moderate inflation outlook may enable the RBI to maintain an accommodative policy stance to support growth, mitigate the adverse impact of the pandemic and return the economy to a higher growth path. The need for a concerted policy intervention – both fiscal and monetary – to propel the economy to a higher growth trajectory on a sustainable basis cannot be overstated.

Business Review

The year just past brought about unprecedented challenges across the globe as the effects of the COVID-19 pandemic disrupted not just regular business operations but also everyone's day-to-day lives. Like many other companies across all sectors of the economy, your Bank too felt the impact of the coronavirus pandemic in multiple ways. Despite the challenges that persisted, the Bank continued to forge ahead, and the financial results posted by your Bank are a testimony to its commitment to excellence and the hard work and dedication put in by the Management Team and staff across the board. There were valuable lessons learnt as the year progressed, as everyone at your Bank was forced to change the way things worked. While facilitating remote working for majority of its staff, your Bank strived to maintain highest levels of service quality for its customers, in consonance with its perspective of ensuring the well-being of its stakeholders and their families without compromising on the service standards. The Bank's business continuity protocol were also put to test and the fact that it was business as usual for all our stakeholders bears witness to the robustness of these protocols.

Notwithstanding the changed operating environment, the broad contours of the Bank's business strategy remained similar. Seeking to cement its position as a retail-focussed bank, the Bank continued to strategically augment its business in retail and priority sector segments, even as it pruned its corporate exposure. Accordingly, the Bank undertook initiatives to ensure growth in its Retail, Agri and MSME (RAM) asset book, which are inherently granular in nature, in order to achieve a more stable and diversified asset mix. On the liability front, your Bank focussed on scaling up its low-cost deposit base, i.e. CASA deposits, while reducing reliance on institutional deposits in order to become more competitive by driving down the cost of deposits and cost of funds. The fundamental thought behind the Bank's strategy is to establish a strategic framework that would allow it to expand its business operations in a risk-calibrated and granular manner.

Being in the extremely competitive domain of banking, the Bank has constantly endeavoured to remain relevant. Thus, during the year, the Bank introduced an array of new offerings as well as revamped the existing bouquet of products and services, keeping in view the changing preferences/ priorities of its customer base. Forging strong long-term relationship with its customers has been one of the basic tenets of the Bank's strategy. Towards this end, the Bank has been committed to ensure seamless customer experience by taking steps such as increasing touchpoints, increased digitalisation of processes, adding to the functionality of its mobile/ internet/ phone banking services etc. In terms of physical presence, as

on March 31, 2021, your Bank served its customers through its network of 1,886 branches, comprising 426 branches at metro centres, 464 branches at urban centres, 585 branches at semi–urban centres and 409 branches at rural centres (including 255 Financial Inclusion branches) across India, one overseas branch at Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai and one International Banking Unit (IBU) at Gujarat International Finance Tec–City (GIFT), Gandhinagar. Further, the network comprised 3,388 ATMs and 58 e-lounges. Furthermore, the Bank has been leveraging data analytics and Customer Relationship Management (CRM) module to gain better insights into customer requirements to offer customised financial solutions.

Post majority stake acquisition by the Life Insurance Corporation of India (LIC) in January 2019, your Bank has identified specific actionable points and implemented several measures to leverage the potential business synergies between the two entities. This has helped the Bank in garnering business in crucial areas such as low-cost deposit book, viz. CASA book as well as retail asset book. By acting as a Corporate Agent of the LIC, the Bank has been leveraging its distribution channel/ touchpoints to promote the LIC's insurance products as well as to provide collection/ payments related requirements to various offices of the LIC through its branch/ digital channels.

According utmost priority to addressing its asset quality issues, your Bank has been taking various measures to ensure expeditious resolution and recovery of NPAs. Besides setting up two separate verticals, viz. NPA Management Group (NMG) for corporate cases and Retail Collection & Recovery for retail cases, your Bank has also set up a centralised dedicated desk for cases under Corporate Insolvency Resolution Process (CIRP) to ensure maximum recovery from the exisiting impaired cases. To ensure better asset quality in future, the Bank has set up a dedicated Credit Monitoring Group (CMG) with the objective of identifying Special Mention Accounts (SMAs), probable Non-Performing Accounts (NPAs) and regular accounts showing Early Warning Signals (EWS) of stress in order to prevent slippage of these accounts into NPA by ensuring intensive follow-up and monitoring of these accounts.

The strategic measures taken by the Bank enabled it to turn around its financials during the year. Consequentially, based on the Bank's commitment to comply with the norms of minimum regulatory capital, Net Non-Performing Asset (NNPA) and Leverage ratio on an on-going basis and its compliance to the parameters defined in the Prompt Corrective Action (PCA) framework, the Reserve Bank of India (RBI), vide its letter dated March 10, 2021, decided to lift the restrictions imposed on the Bank under the PCA framework, subject to certain conditions and continuous monitoring.

The road ahead for the Bank seems promising, albeit still challenging. Your Bank has achieved a growth momentum which must not only be sustained but built further. The exit from the PCA framework has opened up the possibility for the Bank to undertake a wide range of banking activities, which may aid in further boosting its business performance. The Bank has also undertaken organisational restructuring to provide the necessary thrust on critical areas. While the Bank will continue to place emphasis on growing the share of the retail and small & medium-sized enterprises, it may explore avenues to grow the corporate credit book, especially in mid-size units, in a risk-calibrated manner. The Bank remains cognisant of the challenges posed by the COVID-19 pandemic and is continually re-assessing and re-aligning its operational strategies as it continues to serve its customers. Your Bank will continue to accord due importance to ensuring a robust risk management, compliance and corporate governance structure to maintain its reputation and win the trust of all its stakeholders. These strategic endeavours are aimed at helping the Bank to carve a niche for itself as one of the most trusted banks in the banking space. Your Bank believes that commitment and excellence is integral when commencing a journey. The Bank has embarked on a new journey on notional terms as it has exited the PCA framework. The tenacity showed by the Bank over the years is expected to stand it in good stead as it forges ahead on its growth path, based on the foundations of its commitment to its stakeholders and excellence in banking standards.

Retail Banking

Retail Liability Products

Your Bank has undertaken a host of initiatives to digitise all possible customer journeys in response to the changed consumer needs and behaviour, especially in the aftermath of the COVID-19 pandemic.

As part of this endeavour, your Bank has launched WhatsApp banking services, Account Opening/ Re-KYC through Video KYC (VAO) and online account opening through Mobile Application (I-Quick). These Digital-to-Customer (D2C) initiatives are in line with your Bank's vision of completely contactless and paperless modes of banking, which would facilitate the customers to undertake routine transactions remotely without the need to physically visit the branches.

In line with the trend observed in the industry, your Bank continued to rationalise its cost of deposits by effecting progressively downward interest rate revision on savings and term deposits during the year. Your Bank also revised charges for a few facilities offered in savings bank account, current account and overdraft account.

NRI Services

Your Bank offers a wide range of products across the broad spectrum of deposits, investments, remittances and loans services to meet the banking and financial needs of the Indian Diaspora globally. Your Bank continued to undertake product/ process enhancements for boosting its Non-Resident Indian (NRI) business and enhancing remote service delivery in overseas locations.

Your Bank also continued to engage with its NRI clients through the quarterly newsletter, viz. *NRI Sampark,* which showcases its bouquet of products and services.

Retail Assets

Your Bank continues to target a progressively larger retail business portfolio to facilitate a more balanced business mix, in keeping with its intended positioning as a full-service new generation commercial bank. Pursuant to the same, your Bank offers a bouquet of retail asset products primarily aimed to meet the needs of retail customers. Retail asset products on offer include housing loans, Loan Against Property (LAP), personal loans, education loans, auto loans, among others. While these products are periodically reviewed, and modifications/ innovations/ customisations are added to the features of the existing products, the Bank also introduces new products on a regular basis.

Your Bank targeted a moderate growth in retail asset book during FY 2020-21 as a conscious decision with a view to avert any additional stress due to external uncertainties brought about by the COVID-19 pandemic. Accordingly, the Bank registered a Structured Retail Asset (SRA) book growth of around 2.74% on an annualised basis with a Compound Annual Growth Rate (CAGR) growth of 10.99% over the past four years. Your Bank continued to maintain a robust structured retail asset portfolio with minimal slippages.

In order to achieve higher growth in a focussed manner, your Bank has formed a separate SRA vertical. Under the new SRA vertical, the Retail Asset Centres (RACs) will function as dedicated Credit & Operations unit with sales function delinked from the RACs, which will help in ensuring credit quality and improved operational efficiencies.

To meet the challenges posed by pandemic and divergent needs of its customers, your Bank undertook various measures under structured retail asset products, some of which are given hereunder:

- In response to the economic crisis due to the COVID-19 pandemic, the moratorium relief package rolled out by the GoI/ RBI was implemented in true spirit, wherein your Bank granted moratorium to all the eligible SRA term loan customers outstanding as on March 1, 2020, unless a borrower specifically opted out of it. The moratorium for payment of installments was available till August 31, 2020.
- Under the Guaranteed Emergency Credit Line (GECL) scheme rolled out by the Government, your Bank extended additional funding by way of working capital term loan to MSMEs/ business enterprises and individual borrowers who had availed loans earlier for business purpose.
- In line with the RBI directive, your Bank introduced loan resolution plan for SRA borrowers having financial stress on account of the COVID-19 pandemic.
- In line with *'Housing for All'* initiative of the Government for promoting affordable housing, IDBI Bank extended sudsidy benefit under the Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY) - Credit-Linked Subsidy Scheme (CLSS) to numerous home loan borrowers.

Credit Cards

Your Bank offers five credit card variants under three different network schemes, viz. (i) RuPay Scheme - Winning Select, (ii) Visa Scheme - Royale Signature, Aspire Platinum & Imperium Platinum and (iiii) Mastercard Scheme - Euphoria World. These card variants are targeted at different customer segments depending on their profile and needs.

During the year, your Bank entered into an agreement with LIC Cards Services Ltd. (LICCSL) to launch co-branded credit cards. Various new credit card features were added in the Bank's mobile banking applications, viz. GO Mobile+, Abhay Card Control as well as the credit card net banking facility. To promote the usage of credit cards during the festive season, your Bank had launched Festive Delight campaign during the October 2020-January 2021 period. Your Bank entered into strategic tie-ups with various merchants, viz. Flipkart, Tata Cliq, PayTM Mall, Swiggy, Ease My Trip (EMT), Akbar Travels etc. to extend various discounts and cashback offers to incentivise card usage by the cardholders. In view of the plausible financial stress on its customer base on account of the COVID-19 induced lockdown/ restrictions, your Bank extended the moratorium facility, resolution framework and ex-gratia payment for eligible customers in line with the regulatory and statutory guidelines.

Digital Banking

The COVID-19 pandemic saw an exponential growth in digital banking channels as customers exhibited preference for this mode on account of being contactless and convenient. Your Bank continued to revamp and strengthen its digital infrastructure for smooth, convenient, safe and secure *'Anytime, Anywhere'* banking experience.

Your Bank is committed to significantly promoting and enhancing the distribution of various digital products, viz. debit cards (both physical and virtual), mobile banking, internet banking, Point of Sale (PoS), Digital PoS, internet payment gateway, in line with the DigiDhan Mission of the Government.

मोटर वाहन / Motor vehicles	8
कंप्यूटर / Computers	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	6

आस्ति Asset	अनुमानित उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Useful Life (in Years)
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	
क) फर्नीचर और फिक्सचर्स a) Furniture and fixtures	10
ख) पर्सनल कंप्यूटर b) Personal Computers	3

x. लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

Leasehold land is amortized over the period of lease.

xi. ₹ 2.50 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 6 वर्ष होती है.

Computer Software individually costing more than ₹ 2.50 Lacs is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 6 years.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में,
B. In case of IDBI Assets Management Limited,

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास और ह्रास को घटाकर अर्जन लागत पर दर्शाया जाता है. लागत मूल्य में आस्तियों के अर्जन एवं संस्थापन से संबंधित मालभाड़ा, शुल्क, कर और प्रासंगिक व्यय शामिल होते हैं. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से भविष्य में लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि की संभावना हो. मौजूदा अचल आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्जों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.

Fixed assets are carried at cost of acquisition less accumulated depreciation and impairment. Cost includes freight, duties, taxes, and incidental expenses related to the acquisition and installation of the assets. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing fixed assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred.

ii. मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को विचार में लेने के बाद तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per schedule II of the Companies Act 2013. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी Class of Fixed Assets	मूल्यह्रास की दर (% में) - एसएलएम आधार पर (01 अप्रैल 2015 से लागू) Rate of Depreciation (In%)- SLM basis (applicable from April 01, 2015)
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & Fixtures	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	19.00
आईटी हार्डवेयर IT Hardware	33.33
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं Consumer durables with Employees	33.33

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को 5 वर्ष की अवधि के दौरान पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.

Computer software individually costing more than ₹ 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, Computer software individually costing less than ₹ 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/acquisition.

iv. कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.

The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में,
C. In case of IDBI Intech Limited,

i. अचल आस्ति को उनकी संचित मूल्यह्रास/ परिशोधन और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण की लागत को दर्शाया जाता है. लागत में लक्षित प्रयोग के लिए कार्यशील परिस्थितियों में लाने हेतु आस्ति के अधिग्रहण में हुए सभी व्यय शामिल होते हैं.

Fixed assets are stated at cost of acquisition less accumulated depreciation / amortization and impairment loss, if any. Cost includes all expenses incurred for acquisition of assets to bring these to working conditions for intended use.

ii. सॉफ़्टवेयर उत्पाद विकास लागतों को व्यय के रूप में तब तक खर्च किया जाता है जब तक कि परियोजना की तकनीकी और व्यावसायिक व्यवहार्यता, भविष्य के आर्थिक लाभ, कंपनी के पास सॉफ़्टवेयर को पूरा करने और उपयोग करने या बेचने का इरादा और क्षमता है तथा लागत को विश्वसनीयता के साथ मापने की बात सिद्ध नहीं हो जाती. जिन लागतों को पूंजीकृत किया जा सकता है, उनमें सामग्री की लागत, प्रत्यक्ष मानव-शक्ति और उपरि लागत शामिल हैं जिसका संपत्ति को उसके इच्छित उपयोग के लिए तैयार करने में प्रत्यक्ष योगदान है.

The intangible assets like softwares, on which propriety rights continue with the company, are capitalized at costs. Research costs are expensed as incurred. Software product development costs are expensed as incurred unless technical and commercial feasibility of the project is demonstrated, future economic benefits are probable, the Company has an intention and ability to complete and use or sell the software, and the costs can be measured reliably. The costs which can be capitalized include the cost of material, direct man-power and overhead costs that are directly attributable to preparing the asset for its intended use.

iii. अचल संपत्तियों की लागत जो रिपोर्टिंग तिथि पर उनके इच्छित उपयोग के लिए अभी तक तैयार नहीं हैं, उन्हें पूंजीगत कार्य-प्रगति के रूप में दिखाया गया है.

The cost of the fixed assets that are not yet ready for their intended use at the reporting date are shown as capital work-in progress.

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. के मामले में
D. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

i. अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (₹ 5000/- से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written down Value basis as prescribed in schedule II of the Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than ₹ 5,000/-) are depreciated in the year of acquisition.

ii. लेखांकन मानक एएस-26 के अनुसरण में आस्तियों को संचित परिशोधन घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्तियों का परिशोधन आस्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जाता है.

In accordance with Accounting Standards AS-26, Intangible Assets are stated at cost of acquisition less accumulated amortization. Amortization of intangible assets is provided on Written down Value method on the basis of estimated useful life of the asset.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज़ लि. के मामले में,
E. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited,

i. मूर्त आस्तियों के मामले में संपत्ति की मदें, संयंत्र और उपकरण की पहचान आरंभ में लागत पर की जाती है और तत्पश्चात संचित मूल्यह्रास तथा हानि को घटाकर मूल लागत पर की जाती है. संपत्ति की मदों, संयंत्र और उपकरणों के मूल्यह्रास की गणना कंपनी अधिनियम की अनुसूची II में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके आकलित उपयोगी जीवनकाल पर मूल्य ह्रासित राशि पर सीधी रेखा पद्धति के द्वारा निम्नानुसार की जाती है.

In case of Tangible Assets, Items of property, plant and equipment are initially recognized at cost and subsequently carried at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses. Depreciation on items of property, plant and equipment is calculated using the straight-line method to allocate their depreciable amounts over their estimated useful lives as specified in Schedule II to the Companies Act as follows:

भवन - 60 वर्ष / Buildings – 60 years

कम्प्यूटर - 3 वर्ष / Computers – 3 years

फर्नीचर एवं फिक्सचर - 10 वर्ष / Furniture& Fixtures – 10 years

कार्यालय उपकरण - 5 वर्ष / Office Equipment's – 5 years

सभी मूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में ₹ 5000 से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.

All Tangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

ii. **अमूर्त आस्तियों के मामले में,** अर्जित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर लाइसेंसों को आरंभ में लागत पर पूंजीकृत किया जाता है जिसमें खरीदी मूल्य (किसी भी छूट अथवा रिबेट को घटाकर) और आस्ति को उसके नियत प्रयोग के लिए तैयार करने हेतु लगे अन्य प्रत्यक्ष रोप्य लागत को शामिल किया जाता है. सॉफ्टवेयर की मूल लागत में प्रत्यक्ष व्यय जो कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के कार्यनिष्पादन को बढ़ाता और विस्तारित करता हो और जिसे उसके ब्योरे से से आगे और विश्वसनीय रूप से आँका जा सकता है, को शामिल किया जा सकता है. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के रखरखाव से संबंधित खर्च वहन किए जाने पर उसे व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है.

In case of Intangible Assets, Acquired computer software licences are initially capitalised at cost, which includes the purchase price (net of any discounts and rebates) and other directly attributable cost of preparing the asset for its intended use. Direct expenditure which enhances or extends the performance of computer software beyond its specifications and which can be reliably measured is added to the original cost of the software. Costs associated with maintaining the computer software are recognized as an expense when incurred.

पूंजीकरण हेतु पात्र सॉफ्टवेयर विकास पर व्यय को विकास के अधीन अमूर्त आस्तियों के रूप में लिया जाता है जहां पर कि ऐसी आस्तियां उनके नियत उपयोग हेतु तैयार नहीं हैं.

Expenditure on software development eligible for capitalisation are carried as Intangible assets under development where such assets are not yet ready for their intended use.

अमूर्त आस्तियों को सीधी रेखा पद्धति के आधार पर उनके अनुमानित उपयोगी मूल्य पर परिशोधित किया जाता है. परिशोधन हेतु प्रयोग अमूर्त आस्तियों का अनुमानित उपयोगी मूल्य है:

Intangible assets are amortized on a straight line basis over their estimated useful lives. The estimated useful lives of intangible assets used for amortization are:

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर - 3 वर्ष / Computer Software -3 years

वेब ट्रेडिंग पोर्टल - 3 वर्ष / Web Trading Portal – 3 years

बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज कार्ड - 21 वर्ष / Bombay Stock Exchange Card – 21 years.

प्रबंधन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग राइट के आर्थिक मूल्य का अनुमान उसके उपयोग मूल्य के आधार पर लगाता है.

Management estimates the economic value of Bombay Stock Exchange Trading Rights based on the value in use.

सभी अमूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में ₹ 5000 से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.

All Intangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. संपत्ति, संयत्र और उपकरण, जिनकी एकल लागत ₹ 5000/- अथवा कम हो, को खरीदी /अधिग्रहण के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Property, Plant and Equipment, individually costing ₹ 5000/- or less are fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का आंकलित उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा और समायोजन यथा उपयुक्त रूप से प्रत्येक तुलन-पत्र में की जाती है. किसी भी प्रकार के संशोधन के प्रभावों को परिवर्तनों के उत्पन्न होने पर लाभ व हानि विवरणी में दर्शाया जाता है
The residual values and estimated useful lives of property, plant and equipment are reviewed, and adjusted as appropriate, at each balance sheet date. The effects of any revision are recognized in profit or loss when the changes arise.

ऊ. एजिस फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेस कंपनी लि. के मामले में,
F. In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited,

I. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत कोई भी लागत शामिल हैं. मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे दर्शाया गया है :
Fixed assets are stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The Depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on estimated useful life for each class of asset in the manner specified in Schedule II of the Companies Act, 2013, as stated below:

आस्ति **Asset**	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) **Useful Life (in Years)**
भवन / Building	60
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold improvements	3
संचार नेटवर्क व सर्वर Communication networks and servers	6
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण Computers and peripheral equipments	3
कार्यालय उपकरण / Office equipment	5
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture & fixtures	10
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8
बिजली व उपकरण Electrical Installations and Equipments	10

II. सॉफ्टवेयर युक्त अमूर्त आस्तियों को परिशोधन घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. इन्हें इनके उपयोग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सॉफ्टवेयर में महत्वपूर्ण उन्नयनों को तब पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित होता है कि इस प्रकार का उन्नयन आस्ति को उसके मूल रूप से निर्धारित मानकों से अधिक भावी आर्थिक लाभ उत्पन्न करने में समर्थ बनाएगी और इस प्रकार का व्यय विश्वसनीय ढंग से आंका और आस्ति पर जोड़ा जा सकता है. अनुवर्ती व्ययों का परिशोधन सॉफ्टवेयर के शेष उपयोगी जीवनकाल के दौरान किया जाता है. सॉफ्टवेयर के सपोर्ट तथा रख-रखाव के व्ययों को उस अवधि के राजस्व खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं.
Intangible assets comprising software are stated at cost less amortization. These are amortized using Straight Line Method over a period of 3 years from the date of being put to use. Significant improvements to software are capitalized when it is probable that such improvement will enable the asset to generate future economic benefits in excess of its originally assessed standards of performance and such expenditure can be measured and attributed to the asset reliably.

Subsequent expenditures are amortized over the remaining useful life of the software. The expenses for support and maintenance of software are charged to Revenue Account in the period in which they are incurred.

ऋ. आईडीबीआई म्यूचुअल फ़ंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में,
G. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Company Limited,

I. **स्वामित्व वाली आस्ति: / Owned Asset:**

स्वयं के उपयोग के लिए ली गई आस्ति पर उनके संचित मूल्यह्रास और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मूल लागत को दर्शाया जाता है. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत में क्रय मूल्य, शुल्क, कर और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने की स्थिति में लाने से संबंधित अन्य प्रत्यक्ष लागत शामिल है.

Assets held for own uses are stated at original cost less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost of Property, plant and equipment comprises purchase price, duties, levies and any directly attributable costs of bringing the assets to its working condition of the intended use.

आस्ति हेतु मूल्यह्रास राशि आस्ति की लागत या लागत के लिए प्रतिस्थापित अन्य राशि, आंकलित अवशिष्ट मूल्य घटाकर है.

Depreciable amount for asset is the cost of an asset, or other amount substituted for cost, less its estimated residual value.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण आंकलित उपयोगी जीवनकाल जो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुरूप है और मूल्यह्रास की पद्धति निम्नानुसार उल्लिखित की गई है:

The estimated useful life of Property, plant and equipment which is in line with schedule II to the Companies Act 2013 and the method of depreciation is set out herein below:

आस्ति Assets	उपयोगी जीवनकाल Useful Life	मूल्यह्रास की पद्धति Method of Depreciation
संयंत्र एवं उपकरण Plant & Equipment's	15 वर्ष 15 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
फर्नीचर एवं फिक्सचर Furniture and Fittings	10 वर्ष 10 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
विद्युत उपकरण Electrical Equipment's	10 वर्ष 10 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
वाहन Vehicles	8 वर्ष 8 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
कार्यालय उपकरण Office Equipment's	5 वर्ष 5 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
कम्प्यूटर Computers	3 वर्ष 3 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
मोबाइल फोन Mobile Phones	3 वर्ष 3 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method

II. अमूर्त आस्तियां / Intangible Assets

अमूर्त आस्तियों को संचित परिशोधन और ह्सित हानियों से घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्ति की पहचान, जहां यह संभावना है कि आस्ति के कारण भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम के लिए प्रवाहित होंगे और जहां उसकी लागत विश्वसनीय तरीके से मापी गयी हो, की जाती है. अमूर्त आस्तियों की परिशोधन राशि सीधी रेखा पद्धति पर उसके उपयोगी जीवनकाल के सर्वश्रेष्ठ आंकलन पर आबंटित की गयी है.

Intangible Assets are stated at cost of acquisition, less accumulated amortization and impairment losses. An intangible asset is recognized, where it is probable that the future economic benefits attributable to the asset will flow to the enterprise and where its cost can be reliably measured. The amortizable amount of intangible assets is allocated over the best estimate of its useful life on a straight-line basis.

9 प्रतिभूतीकरण लेन-देन: / Securitization Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतीकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं (एसपीवी) को बिक्री की जाती है, जो इसके बदले में निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णत: अमान्य कर दिया जाता

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम को एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitisation of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognised when the control over the contractual rights in the securitised assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortised over the life of the securities issued/ to be issued by the SPV to which the assets are sold.

10 प्रतिभूतीकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री: Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतीकरण कंपनी (एससी)/पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्रतिभूति रसीद (एसआर)/ प्रभाव अंतरण प्रमाणपत्र (पीटीसी) के भुनाई मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य में से निम्नतर आधार पर की गई है.

Sale of financial assets to Securitisation Companies (SCs) / Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass Through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset.

पूरी तरह से प्रावधान की गई आस्तियों अर्थात संदिग्ध आस्तियों की बिक्री और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए मामलों में प्रतिभूति रसीदों (एसआर) की बैंक की निवेश बही में एक रुपये के रूप में गणना की जाती है.

In case of sale of assets which are fully provided and Technically Written off, the Security Receipts (SRs) are reckoned at Rupee one in the investment book of the Bank.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य(एनबीवी) (अर्थात बही मूल्य धारित प्रावधान हटाकर) से कम मूल्य पर किया जाता है तो कमी को उस वर्ष के लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है . बैंक अनर्जक आस्तियों की बिक्री में किसी भी कमी अर्थात् जब बिक्री एनबीवी से कम हो, को पूरा करने के लिए आरबीआई की अनुमति से प्रतिचक्रीय/ अस्थायी प्रावधानों का प्रयोग करता है.

In case the sale value is at a price below the Net Book Value(NBV) (i.e., book value less provision held), the shortfall is be debited to the profit and loss account of that year. The Bank also uses, with permission of RBI, countercyclical/floating provisions for meeting any shortfall on sale of NPAs i.e. when the sale is at a price below the NBV.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है तो अतिरिक्त प्रावधान को राशि के प्राप्त होने वाले वर्ष में ही प्रत्यावर्तित कर दिया जाता है. तथापि, आधिक्य प्रावधान का ऐसा प्रत्यावर्तन आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त नकद राशि तक सीमित है.

In case, sale value is higher than the NBV, the excess provision is reversed to the profit and loss account in the year in which cash amounts are received. However, such reversal of excess provision is limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset.

11 विदेशी मुद्रा लेन-देन: / Foreign Currency Transactions:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,
A. In case of IDBI Bank Limited,

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख के प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं की गई हैं, की शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाएं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.

Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognized.

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.

Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are valued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profits/ losses are recognized in the Profit and Loss Account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.

Profits/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, are recognized on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.

Contingent liabilities in respect of outstanding forward exchange contracts are calculated at the contracted rates of exchange and those in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को 'एकीकृत विदेशी परिचालनों' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. आस्तियों व देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित औसत तिमाही बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है. इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Operations of foreign branch are classified as `Integral Foreign Operations'. Assets and Liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) Income and Expenditure items are translated at quarterly average rates. The resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss Account.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि. के मामले में,
B. In case of IDBI Assets Management Limited,

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेनदेन के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss.

इ. एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में,
C. In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited,

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं, यदि कोई हों, का रूपान्तरण वर्ष के अंत में समाप्त दर पर किया जाता है. निपटान/रूपान्तरण पर होने वाले परिणामी विनिमय लाभ या हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे, जैसा लागू हो, में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are recorded at the exchange rates prevailing at the date of the transaction. Monetary assets and liabilities in foreign currency, if any, are translated at the year-end closing rates. The resultant exchange gain or loss arising on settlement/translation is recognized in the Revenue or Profit and Loss Account as applicable.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज़ लि. के मामले में,
D. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited,

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अंत में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को सम्बद्ध वर्ष के दौरान आय या व्यय के हिसाब में लिया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

उ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में,
E. In case of IDBI Intech Limited,

विदेशी मुद्रा में संव्यवहार, संव्यवहार के समय प्रभावी विनिमय की मूल दर पर दर्ज किए जाते हैं. विदेशी मुद्रा संव्यवहार के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक वस्तुएं तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग कर पुनःस्थापित किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप होने वाले निवल विनिमय अंतर को लाभ और हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currency are recorded at the original rate of exchange in force at the time transactions are effected. Exchange differences arising on settlement of foreign currency transactions are recognized in the Statement of Profit and Loss. Monetary items denominated in foreign currency are restated using the exchange rate prevailing at the date of the Balance Sheet and the resulting net exchange difference is recognized in the Statement of Profit and Loss.

मुद्रा दरों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाली अस्थिरता को कम करने की दृष्टि से, कंपनी विदेशी मुद्रा वायदा संविदाएं निष्पादित करती है. फॉरवर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट और अन्य समान लिखत जो पूर्वानुमानित लेनदेन के संबंध में नहीं हैं, उन्हें लेखांकन मानक ('एएस') 11 यथा 'विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव' में के दिशानिर्देशों का उपयोग करते हुए लेखांकित किया गया है. इन वायदा विनिमय संविदाओं और एएस-11 द्वारा कवर किए गए अन्य समान लिखतों के संबंध में संविदा की प्रकृति और उद्देश्य के आधार पर या तो संविदाओं को रिपोर्टिंग तिथि पर अग्रिम दर/ उचित मूल्य के आधार पर दर्ज किया जाता है, या रिपोर्टिंग तिथि पर स्पॉट विनिमय दर के आधार पर दर्ज किया जाता है.

With a view to minimize the volatility arising from fluctuations in currency rates, the Company enters into foreign exchange forward contracts. Forward exchange contracts and other similar instruments that are not in respect of forecasted transactions are accounted for using the guidance in Accounting Standard ('AS') 11, 'The effects of changes in foreign exchange rates'. For such forward exchange contracts and other similar instruments covered by AS-11, based on the nature and purpose of the contract, either the contracts are recorded based on the forward rate/fair value at the reporting date, or based on the spot exchange rate on the reporting date.

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस के मामले में,
F. In case of IDBI Trusteeship Services Limited,

विदेशी मुद्रा में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुनः दर्शाया जाता है. निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the profit & loss account.

12 कर्मचारी लाभ: / Employee Benefits:

i. अंशदान के देय होने पर निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में किए गए भुगतान को वर्ष के लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

ii. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्वलक्षित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है.

For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

13 खंड रिपोर्टिंग: / Segment Reporting:

समूह चार खंडों यथा- होलसेल बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, ट्रेजरी सेवाएं तथा अन्य परिचालन में कार्य करता है. इन खंडों का निर्धारण एएस-17 के अनुसार योजनाओं व सेवाओं के स्वरूप व जोखिम प्रोफाइल, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, संगठनात्मक संरचना तथा बैंक की आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली के आधार पर किया गया है.

The Group operates in four segments wholesale banking, retail banking, treasury services and other operations. These segments have been identified in line with AS-17 on segment reporting after considering the nature and risk profile of the products and services, the target customer profile, the organization structure and the internal reporting system of the Bank.

खंड राजस्व, परिणाम, आस्तियों व देयताओं में प्रबंधन द्वारा प्रत्येक खंड हेतु आबंटित व अनुमानित किए अनुसार अभिनिर्धारणीय राशि शामिल है. जिन आस्तियों व देयताओं को अभिनिर्धारणीय खंडों में आबंटित नहीं किया जा सकता है उन्हें गैर-आबंटित आस्तियों व देयताओं के रूप में पुनर्समूहित किया जाता है.

Segment revenue, results, assets, and liabilities include the amounts identifiable to each of the segments as also amounts allocated, as estimated by the management. Assets and liabilities that cannot be allocated to identifiable segments are grouped under unallocated assets and liabilities.

14 कराधान: / Taxation:

कर व्यय में चालू एवं आस्थगित कर शामिल हैं. / **Tax expense comprises of current and deferred tax.**

i. चालू कर आय कर की वह निर्धारित राशि है जो किसी अवधि के लिए करयोग्य आय (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग्य) है. इसकी गणना आय कर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों तथा आय परिकलन और प्रकटन मानकों (आईसीडीएस) के अनुसार की जाती है.

Current tax is the amount of Income tax determined to be payable (recoverable) in respect of taxable income (tax loss) for a period calculated in accordance with the provisions of the Income Tax Act, 1961 and the Income Computation and Disclosure Standards (ICDS).

ii. वर्ष के बहियों और कर लाभों के बीच समय अंतरालों हेतु आस्थगित कर को उन कर दरों एवं कानूनों का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है जो तुलनपत्र की तारीख को पर्याप्त रूप से अधिनियमित किये गये हों. समय अंतरालों से उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियों को इनकी भविष्य में वसूली की पर्याप्त निश्चितता की सीमा तक हिसाब में लिया जाता है.

Deferred tax for timing differences between the book and tax profits for the year is accounted for, using the tax rates and laws that have been substantively enacted as of the balance sheet date. Deferred tax assets arising from timing differences are recognized to the extent there is reasonable certainty that these would be realized in future.

iii. अनवशोषित हानियों के मामले में आस्थगित कर आस्तियां तभी मानी जाती हैं जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि ऐसी आस्थगित कर आस्ति भावी कर योग्य लाभों में से वसूल की जा सकती हैं.

Deferred tax assets in case of unabsorbed depreciation/ losses are recognized only if there is virtual certainty that such deferred tax asset can be realized against future taxable profits.

iv. विभागीय अपीलों सहित जिन विवादित करों के लिए प्रावधान नहीं किया जाता है, उन्हें आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत शामिल किया जाता है.

Disputed taxes not provided for including departmental appeals are included under Contingent Liabilities.

v. आईडीबीआई बैंक ने कराधान कानून (संशोधन) अधिनियम, 2019 के माध्यम से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 बीएए के अनुसार कम कर दर का विकल्प चुना है, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान करता है कि एमएटी कम कर का विकल्प चुनने वाली देशी कंपनियों के लिए लागू नहीं होगा.

IDBI Bank has opted for the lower tax rate as per Section 115BAA of the Income Tax Act, 1961 through Taxation Laws (Amendments) Act, 2019 which provides, inter alia, that MAT would not be applicable for the domestic companies opting for the lower tax.

vi. न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) के संबंध में कर जमा का निर्धारण आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 115 जेएए के प्रावधानों के अनुसार युक्तियुक्त साक्ष्य के आधार पर इस शर्त के साथ किया जाता है कि कंपनी सांविधानिक समय-सीमा के अंतर सामान्य आय कर का भुगतान करेगी तथा प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को इसकी समीक्षा की जाती है.

In respect of certain subsidiaries, tax credit is recognized in respect of Minimum Alternate Tax (MAT) as per the provisions of Section 115JAA of the Income tax Act, 1961 based on convincing evidence that the it will pay normal income tax within the statutory time frame and is reviewed at each balance sheet date.

vii. समेकित वित्तीय विवरणों में, आस्थगित कर आस्तियों और देनदारियों की गणना एकल इकाई स्तर पर की जाती है और समेकित रिपोर्टिंग के लिए एकत्रित की जाती है.

In the consolidated financial statements, deferred tax assets and liabilities are computed at an individual entity level and aggregated for consolidated reporting.

15 दलाली एवं नए निधि प्रस्ताव व्यय: / Brokerage &New Fund Offer expenses:

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में / **In case of IDBI Asset Management Limited**

दलाली: असीमित अवधि वाली इक्विटी लिंक्ड कर बचत योजना के मामले में अदा की गई अपफ्रंट दलाली को 36 महीने की अवधि में परिशोधित करना होता है तथा अन्य असीमित अवधि वाली योजना के मामले में इसे भरपाई अवधि में परिशोधित करना होता है. सीमित अवधि वाली योजनाओं के मामले में अपफ्रंट दलाली को परिपक्वता अवधि के दौरान परिशोधित करना होता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Brokerage: Upfront Brokerage paid in case of open ended Equity Linked Tax Saving schemes are to be amortized over the period of 36 months and in case of any other open ended scheme , over the claw back period. In case of closed ended schemes upfront brokerage to be amortized over the tenure of the scheme.

नए निधि प्रस्ताव (एनएफओ): नए निधि अंतर को आरंभ करने संबंधी व्ययों को उस वर्ष के लाभ हानि विवरण में प्रभारित करना होता है जिसमें वे खर्च किए गए हैं और सीमित अवधि वाली योजनाओं के लिए इसे योजना की अवधि के लाभ और हानि विवरण पर प्रभारित करना होता है.

New Fund Offer (NFO): Launch expenses relating to New Fund Offer are to be charged to the Statement of Profit and Loss in the year in which they are incurred and for close ended scheme it is to be charged to the Statement of Profit and Loss over the tenure of the scheme

16 पट्टे (एएस-19): / LEASES (AS-19) :

क) लीज/किराये के आधार पर ली गई संपत्तियां बैंक के विकल्प पर नवीकरणीय/ रद्द करने योग्य हैं.

a) The properties taken on lease/ rental basis are renewable/ cancellable at the option of the Bank

ख) बैंक द्वारा किया गया पट्टा सहमत अवधि के लिए है और पट्टे की अवधि के दौरान भी पट्टे को पारस्परिक सहमति से एक कैलेंडर माह का लिखित नोटिस देकर समाप्त करने का विकल्प है.

b) The lease entered into by the Bank are for agreed period with an option to terminate the leases even during the tenure of lease period by giving mutually agreed calendar month notice in writing.

ग) परिचालन पट्टों के लिए भुगतान किए गए पट्टे के किराए की संबंधित वर्ष के लाभ और हानि खाते में व्यय के रूप में गणना की जाती है.

c) Lease rent paid for operating leases are recognised as an expense in the Profit & Loss account in the year to which it relates.

17 प्रति शेयर उपार्जन : / Earnings Per Share:

i. समूह एएस 20 के अनुसार मूल एवं न्यूनीकृत प्रति शेयर उपार्जन की सूचना देता है. प्रति शेयर मूल उपार्जन की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को उस अवधि में बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है.

The Group reports basic and diluted Earnings per Share in accordance with AS 20. Basic Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the weighted average number of equity shares outstanding for the year.

ii. प्रति शेयर न्यूनीकृत उपार्जन उस संभावित न्यूनीकरण को दर्शाते हैं जो उस अवधि के दौरान प्रतिभूतियों या इक्विटी शेयर जारी करने की अन्य संविदाओं का उपयोग या परिवर्तन करने पर हो सकता है. प्रति शेयर न्यूनीकृत उपार्जन की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और वर्ष के अंत में बकाया न्यूनीकृत संभाव्य इक्विटी शेयरों की संख्या से भाग देकर की जाती है.

Diluted Earnings per Share reflect the potential dilution that could occur if securities or other contracts to issue equity shares were exercised or converted during the period. Diluted Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the sum of the weighted average number of equity shares and dilutive potential equity shares outstanding at the year end.

18 आस्तियों की अनर्जकता : / Impairment of Assets:

जब भी किसी घटना अथवा परिस्थितियों में हुए परिवर्तन ऐसे संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव-राशि वसूली योग्य नहीं है तो अचल आस्तियों की अनर्जकता की समीक्षा की जाती है. धारित तथा उपयोग की जाने वाली आस्तियों की वसूली क्षमता का आकलन अनुमानित चालू वसूली योग्य मूल्य अथवा उपयोग मूल्य की तुलना आस्ति की रखाव राशि से करके किया जाता है. यदि ऐसी आस्तियां अनर्जक मानी गई हों तो निर्धारित होने वाली अनर्जकता को उस आस्ति की दर्ज लागत से उसके चालू अनुमानित वसूली योग्य मूल्य अथवा उपयोग मूल्य की तुलना में आधिक्य से मापा जाता है.

Fixed Assets are reviewed for impairment whenever events or changes in circumstances warrant that the carrying amount of an asset may not be recoverable. Recoverability of assets to be held and used is measured by a comparison of the carrying amount of an asset to the estimated current realizable value and value in use. If such assets are considered to be impaired, the impairment to be recognized is measured by the amount by which the carrying amount of the asset exceeds estimated current realizable value of the asset or value in use.

19 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां:

Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets:

i. एएस 29 के अनुरूप प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के मामले में, बैंक द्वारा कोई प्रावधान तभी हिसाब में लिया जाता है जब पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभों सहित संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और जिसके लिए दायित्व संबंधी विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

In conformity with AS 29, Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets, the Bank recognizes provisions only when it has a present obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation, and when a reliable estimate of the amount of the obligation can be made.

ii. प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य पर बट्टाकृत नहीं किया जाता और उनका निर्धारण तुलनपत्र की तारीख को देयता के निपटान के लिए अपेक्षित सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर किया जाता है.

Provisions are not discounted to its present value and are determined based on best estimate required to settle the obligation at the balance sheet date.

iii. किसी प्रावधान के निपटान के लिए अपेक्षित व्यय के संबंध में संभावित प्रतिपूर्ति का निर्धारण तभी किया जाता है जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि इसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी.

Reimbursement expected in respect of expenditure required to settle a provision is recognized only when it is virtually certain that the reimbursement will be received.

iv. आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण किया जाता है और न ही इनका प्रकटन किया जाता है.

Contingent Assets are neither recognized nor disclosed.

20 योजना से संबंधित व्यय: / Scheme related expenses:

आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के संबंध में, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनिमय 1996 अधिनियम द्वारा निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक होने वाले आईडीबीआई म्यूचुअल फंड योजना के व्यय कंपनी द्वारा वहन किए जा सकते हैं. तथापि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस प्रकार का कोई भी व्यय लाभ-हानि लेखे को प्रभारित नहीं किया गया है. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड पर लगाये जाने वाले सचिवीय तथा अन्य प्रभारों के एक भाग को युक्तियुक्त एवं साम्यिक आधार पर प्रभाजित किया है और ऐसे व्यय लाभ-हानि लेखा में दर्शाये जाते हैं.

In case of IDBI MF Trustee Company Limited, Expenses of the scheme of IDBI Mutual Fund in excess of the limits prescribed by the Securities and Exchange Board of India (Mutual Fund) Regulations Act 1996 can be borne by the Company. However, during the period under review no such expenses are charged to profit and loss account. IDBI Asset Management Limited has apportioned a part of the Secretarial and other charges attributable to the IDBI MF trustee company Limited on a reasonable and equitable basis and such expenses are charged to the Profit and Loss account.

21 अन्य: / Others:

एजीस फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में / In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited,

i) **अर्जन लागत:** / Acquisition Costs:

अर्जन लागतें ऐसी लागतें होती हैं जो भिन्न-भिन्न होती हैं और प्राथमिक रूप से बीमा संविदा के अर्जन से जुड़ी होती हैं तथा ये उसी अवधि में व्यय की जाती हैं, जिस अवधि में उपगत होती हैं.

Acquisition costs are costs that vary with and are primarily related to acquisition of insurance contracts and are expensed in the period in which they are incurred.

ii) **प्रदत्त लाभ:** / Benefits Paid:

प्रदत्त लाभ में पॉलिसी लाभ का दावा निपटान, यदि कोई हो, शामिल है.

Benefits paid comprise of policy benefits and claim settlement costs, if any.

मृत्यु, राइडर आहरण एवं अभ्यर्पण दावे सूचना मिलने के बाद हिसाब में लिए जाते हैं. उत्तरजीविता लाभ दावे व परिपक्वता दावे देय होने पर हिसाब में लिए जाते हैं. संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत किए गए आहरण एवं अभ्यर्पण सहबद्ध यूनिटों के निरस्त होने पर संबंधित योजनाओं में हिसाब में लिए जाते हैं. दावों पर पुनर्बीमा वसूलियां संबंधित दावों की अवधि में ही हिसाब में ली जाती हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Death, rider, withdrawals and surrender claims are accounted for on receipt of intimation. Survival benefit claims and maturity claims are accounted when due. Withdrawals and Surrenders under linked policies are accounted in the respective schemes when the associated units are cancelled. Reinsurance recoveries on claims are accounted for, in the same period as the related claims.

iii) **बीमांकिक देयता मूल्यांकन:** / **Actuarial liability valuation:**

जीवन बीमा के मामले में प्रवर्तनशील बीमा पॉलिसियों के संबंध में तथा ऐसी पॉलिसियों के संबंध में जहाँ प्रीमियम तो जारी नहीं है, लेकिन देयता विद्यमान है, उनके संबंध में बीमांकिक देयता का निर्धारण नियुक्त बीमांकक द्वारा स्वीकार्य बीमांकक प्रथाओं, बीमा अधिनियम, 1938, बीमा संविधि (संशोधन) अधिनियम 2015 द्वारा यथासंशोधित, इरडा विनियमों तथा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों व भारतीय बीमांकक संस्थान के बीमांकक प्रथा मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप सकल प्रीमियम पद्धति से किया जाता है. संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत देयताएं यूनिटों के मूल्य व मृत्यु एवं रूग्णता जोखिमों के संबंध में भावी गैर यूनिट रिजर्व का योग करने के बाद पॉलिसी प्रभार घटाकर निकाली जाती हैं.

सनदी लेखाकार/Chartered Accountants
फर्म पंजीयन संख्या/FRN : 100186W

कृते एम पी चितले एंड कं.
For M P Chitale & Co.
सनदी लेखाकार/Chartered Accountants
फर्म पंजीयन संख्या/FRN : 101851W

सतीश केलकर
Satish Kelkar
साझेदार (स. सं. 038934)/Partner (M.No. 038934)

आशुतोष पेडणेकर
Ashutosh Pednekar
साझेदार (स. सं. 041037)/Partner (M.No. 041037)

स्थान : मुंबई / Place: Mumbai
दिनांक : 03 मई 2021 / Date: May 03, 2021

समेकित नकदी प्रवाह विवरण 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
Consolidated Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2021

(₹ '000 में / ₹ in '000)

	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष Year Ended March 31, 2021	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष Year Ended March 31, 2020
अ. परिचालन कार्यकलापों से नकदी प्रवाह A. Cash flow from Operating Activities		
(1) कर और असाधारण मदों से पूर्व लाभ / (हानि) Profit/ (Loss) before tax and extra-ordinary items	2484 73 72	(8896 49 73)
(2) गैर-नकदी मदों के लिए समायोजन: Adjustments for non cash items:		
- अचल आस्तियों की बिक्री से (लाभ)/हानि (निवल) (Profit) / Loss on sale of Fixed Assets (Net)	42 02	4 74 25
- मूल्यह्रास (पुनर्मूल्यन रिजर्व घटाकर) Depreciation (Net of Revaluation Reserve)	396 84 73	394 37 92
- ऋणों / निवेशों के लिए प्रावधान / बट्टे खाते डालना तथा अन्य प्रावधान Provisions/ Write off of Loans/ Investments and other provisions	4712 31 24	13698 65 26
- निवेशों के पुनर्मूल्यन पर लाभ/(हानि) (Profit)/ Loss on revaluation of Investments	(1 37 24)	(2 90 84)
	7592 94 47	5198 36 86
(3) परिचालन आस्तियों में (वृद्धि)/ कमी के लिए समायोजन Adjustments for (increase)/ decrease in operating assets:		
- निवेश / Investments	(1613 19 26)	10096 85 62
- अग्रिम / Advances	1332 12 91	4895 39 35
- अन्य आस्तियां / Other Assets	3084 09 79	(2870 94 55)
- करों की वापसी / (भुगतान) / Refund/ (payment) of taxes	(265 85 37)	(943 88 66)
(4) परिचालन देयताओं में वृद्धि / (कमी) के लिए समायोजन: Adjustments for increase/ (decrease) in operating liabilities:		
- उधार राशियां / Borrowings	(20840 80 28)	(8538 86 78)
- जमा राशियां / Deposits	8492 95 39	(4976 25 54)
- अन्य देयताएं एवं प्रावधान / Other liabilities and provisions	5661 17 75	(2652 18 11)
परिचालन कार्यकलापों में प्रयुक्त / से उत्पन्न निवल नकदी **Net Cash used in/generated from Operating activities**	**3443 45 40**	**208 48 19**
आ. निवेश कार्यकलापों से नकदी प्रवाह B. Cash Flow from Investing activities		
- अचल आस्तियों की खरीद (बिक्री घटाकर) Purchase (net of sale) of fixed assets	(58 65 99)	(295 97 32)
निवेश कार्यकलापों में प्रयुक्त/ से जुटाई गई निवल नकदी **Net cash used in / raised from Investing activities**	**(58 65 99)**	**(295 97 32)**

समेकित नकदी प्रवाह विवरण 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए
Consolidated Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2021

(₹ '000 में / ₹ in '000)

	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष Year Ended March 31, 2021	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष Year Ended March 31, 2020
इ. वित्तपोषण कार्यकलापों से नकदी प्रवाह **C. Cash Flow from Financing activities**		
- इक्विटी शेयरों का निर्गम* / Issue of Equity Shares*	1435 19 22	9300 00 00
- प्रदत्त लाभांश तथा लाभांश कर / Dividend and dividend tax paid	(6 83 21)	(21 46 60)
निवेश कार्यकलापों में प्रयुक्त/ से जुटाई गई निवल नकदी **Net cash used in / raised from Financing activities**	**1428 36 01**	**9278 53 40**
नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/(कमी) **NET INCREASE/ (DECREASE) IN CASH & CASH EQUIVALENTS**	4813 15 42	9191 04 26
प्रारंभिक नकदी और नकदी समतुल्य **OPENING CASH & CASH EQUIVALENTS**	30494 96 50	21303 92 24
अंतिम नकदी और नकदी समतुल्य **CLOSING CASH & CASH EQUIVALENTS**	**35308 11 92**	**30494 96 50**
नकदी प्रवाह विवरण के लिए टिप्पणी: / Note to Cash Flow Statement:		
नकदी प्रवाह विवरण में शामिल नकदी और नकदी समतुल्य में निम्नलिखित तुलन पत्र मदें शामिल हैं: Cash and Cash equivalents included in the cash flow statement comprise the following Balance Sheet items:		
भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकदी एवं शेष (अनुसूची 6) Cash & Balances with Reserve Bank of India (Schedule 6)	13013 12 54	10539 17 27
बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि (अनुसूची 7) Balances with banks & money at call and short notice (Schedule 7)	22294 99 38	19955 79 23
कुल / TOTAL	**35308 11 92**	**30494 96 50**

* चालू वर्ष की संख्या में शेयर निर्गम व्ययों को घटा दिया गया है.
* Current year number is net of share issue expenes

महत्वपूर्ण लेखा नीतियां तथा लेखा टिप्पणियां (अनुसूची 17 और 18)
Significant Accounting Policies and Notes to Accounts (Schedule 17 and 18)

उपर्युक्त अनुसूचियाँ वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग के रूप में हैं
The Schedules referred to above form an integral part of the Financial Statements.

बोर्ड के आदेश से BY ORDER OF THE BOARD

(राकेश शर्मा)
(Rakesh Sharma)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Managing Director & Chief Executive Officer
(डीआईएन/DIN: 06846594)

(जे. सैम्युअल जोसेफ)
(J. Samuel Joseph)
उप प्रबंध निदेशक
Dy. Managing Director
(डीआईएन/DIN: 02262530)

(सुरेश खटनहार)
(Suresh Khatanhar)
उप प्रबंध निदेशक
Dy. Managing Director
(डीआईएन/DIN: 03022106)

(समरेश परिदा)
(Samaresh Parida)
निदेशक
Director
(डीआईएन/DIN: 01853823)

(अजय शर्मा)
(Ajay Sharma)
कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी
Executive Director & Chief Financial Officer

(ज्योति नायर)
(Jyothi Nair)
कंपनी सचिव
Company Secretary

हमारी सम-दिनांकित रिपोर्ट के अनुसार
As per our report of even date

कृते के एस अय्यर एंड कं.
For K S Aiyar & Co.
सनदी लेखाकार/Chartered Accountants
फर्म पंजीयन संख्या/FRN : 100186W

सतीश केलकर
Satish Kelkar
साझेदार (स. सं. 038934)/Partner (M.No. 038934)

कृते एम पी चितले एंड कं.
For M P Chitale & Co.
सनदी लेखाकार/Chartered Accountants
फर्म पंजीयन संख्या/FRN : 101851W

आशुतोष पेडणेकर
Ashutosh Pednekar
साझेदार (स. सं. 041037)/Partner (M.No. 041037)

स्थान : मुंबई / Place: Mumbai
दिनांक : 03 मई 2021 / Date: May 03, 2021

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसरण में विवरण
Statement Pursuant to Section 129 of Companies Act, 2013

सहयोगी कंपनियों/ सहायक कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताएँ
STATEMENT CONTAINING SAILENT FEATURES OF THE FINANCIAL STATEMENT OF SUBSIDIARIES/ASSOCIATE COMPANIES/JOINT VENTURES

भाग ''अ'': सहयोगी कंपनियां
Part "A": Subsidiaries

(₹ '000 में) / (₹ in '000s)

विवरण Particulars	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज़ लि. IDBI Capital Market & Securities Ltd.	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. IDBI Trusteeship Services Ltd	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. IDBI Asset Management Ltd.	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. IDBI MF Trustee Company Ltd.	आईडीबीआई इंटेक लि. IDBI Intech Ltd
यदि सहायक संस्था की रिपोर्टिंग अवधि धारिता कंपनी से भिन्न है, तो उसके लिए रिपोर्टिंग अवधि Reporting period for the subsidiary concerned, if different from the holding company's reporting period			लागू नहीं Not Applicable		
विदेशी सहायक संस्थाओं के मामले में संबंधित वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख को मुद्रा तथा विनिमय दर की रिपोर्टिंग Reporting currency and Exchange rate as on the last date of the relevant Financial year in the case of foreign subsidiaries.			लागू नहीं Not Applicable		
शेयर पूंजी Share capital	128 10 00	6 03 28	200 00 00	20 00	15 55 15
आरक्षित निधियां एवं अधिशेष Reserves & surplus	184 66 09	243 37 55	(86 62 41)	1 40 52	74 50 93
कुल आस्तियां Total assets	365 34 18	256 18 63	116 58 21	1 64 15	99 53 65
कुल देयताएं (पूंजी और आरक्षित निधियों के अलावा) Total Liabilities (excluding capital and reserves)	52 58 09	6 77 80	3 20 62	3 63	9 47 57
निवेश Investments	116 99 10	146 06 83	105 54 94	1 51 31	-
कुल कारोबार Turnover	93 79 35	73 83 87	31 98 33	36 01	115 06 21

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसरण में विवरण
Statement Pursuant to Section 129 of Companies Act, 2013

(₹ '000 में) / (₹ in '000s)

विवरण Particulars	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज़ लि. IDBI Capital Market & Securities Ltd.	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. IDBI Trusteeship Services Ltd	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. IDBI Asset Management Ltd.	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. IDBI MF Trustee Company Ltd.	आईडीबीआई इंटेक लि. IDBI Intech Ltd
कराधान के पहले लाभ Profit before taxation	10 37 10	54 10 28	7 22 26	4 76	14 61 78
कराधान के लिए प्रावधान Provision for taxation	2 85 94	14 00 85	2 69 46	1 26	2 54 89
कराधान के बाद लाभ Profit after taxation	7 51 16	40 09 43	4 52 80	3 49	12 06 89
प्रस्तावित लाभांश (कॉरपोरेट लाभांश कर सहित) Proposed Dividend (including corporate dividend tax)	शून्य Nil	शून्य Nil	शून्य Nil	शून्य Nil	शून्य Nil
शेयरधारिता का % % of shareholding	100%	54.70%	*66.67%	100%	100.00%

** 33.33% की शेष धारिता आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लि. द्वारा धारित है*
** Balance holding of 33.33% is held by IDBI Capital Market & Securities Ltd.*

टिप्पणियां / Notes:

1. कुल कारोबार से तात्पर्य प्रत्येक संस्था द्वारा उनके वित्तीय विवरणों में रिपोर्ट की गई कुल आय की रिपोर्ट से है.
   Turnover is the total income reported by each of the entities in their financial statements.
2. सहायक संस्थाओं के नाम जिन्होंने अभी तक परिचालन शुरूनहीं किया है: कोई नहीं
   Names of subsidiaries which are yet to commence operations: None
3. सहायक संस्थाओं के नाम जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त या विक्रय किया गया हो: कोई नहीं
   Names of subsidiaries which have been liquidated or sold during the year: None

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसरण में विवरण
Statement Pursuant to Section 129 of Companies Act, 2013

भाग ''आ'': सहयोगी कंपनियां तथा संयुक्त उद्यम
Part "B": Associates and Joint Ventures

(₹ '000 में) / (₹ in '000s)

क्रम सं. Sr. No.	सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के नाम Name of Associates/Joint Ventures	बायोटेक कंसॉर्शियम इंडिया लि. Biotech Consortium India Limited	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. National Securities Depository Ltd	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. North Eastern Development Finance Corporation Limited	एजिस फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लि. (पूर्व में आईडीबीआई फेडरल लि. के रूप में ज्ञात) Ageas Federal Life Insurance Co. Ltd. (Formerly known as IDBI Federal Life Insurance Company Limited)
1.	अद्यतन लेखापरीक्षित तुलन पत्र की तारीख Latest audited Balance Sheet Date	यथा 31 मार्च 2020 March 31, 2020	यथा 31 मार्च 2020 March 31, 2020	यथा 31 मार्च 2020 March 31, 2020	यथा 31 मार्च 2021 March 31, 2021
2.	**वर्ष के अंत में कंपनी द्वारा सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के शेयर** Shares of Associate/Joint Ventures held by the company on the year end				
	इक्विटी शेयरों की संख्या Number of equity shares	150 00 04	1044 00 00	2500 00 02	20000 00 00
	सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों में निवेश राशि Amount of Investment in Associates/Joint Venture	1 50 00	10 44 00	25 00 00	200 00 00
	धारिता का विस्तार Extend of Holding %	27.93%	26.10%	25.00%	25.00%
3.	पर्याप्त प्रभाव होने के कारणों का विवरण Description of how there is significant influence	बायोटेक कंसॉर्शियम इंडिया लि. में 27.93% की धारिता को लेखांकन मानक-23 के अनुसार सहयोगी कंपनी माना जाता है Holding in Biotech Consortium India Ltd being 27.93%, considered as an Associate as per AS-23	एनएसडीएल में 26.10% की धारिता को लेखांकन मानक-23 के अनुसार सहयोगी कंपनी माना जाता है Holding in NSDL being 26.10 %, considered as an Associate as per AS-23	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. में 25% की धारिता को लेखांकन मानक-23 के अनुसार सहयोगी कंपनी माना जाता है Holding in North Eastern Development Finance Corporation Ltd being 25%, considered as an Associate as per AS-23	**एजिस फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लि. में 25% की धारिता को लेखांकन मानक-27 के अनुसार संयुक्त उद्यम माना जाता है/** Holding in Ageas Federal Life Insurance Co. Ltd. being 25%, considered as a Joint Venture as per AS-27
4.	सहयोगी कंपनी/ संयुक्त उद्यमों के समेकित नहीं होने का कारण/ Reason why the associate/joint venture is not Consolidated	लागू नहीं/ N.A.	लागू नहीं N.A.	लागू नहीं/ N.A.	**लागू नहीं** N.A.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसरण में विवरण
Statement Pursuant to Section 129 of Companies Act, 2013

(₹ '000 में) / (₹ in '000s)

क्रम सं. Sr. No.	सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के नाम Name of Associates/Joint Ventures	बायोटेक कंसॉर्शियम इंडिया लि. Biotech Consortium India Limited	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. National Securities Depository Ltd	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. North Eastern Development Finance Corporation Limited	एजिस फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लि. (पूर्व में आईडीबीआई फेडरल लि. के रूप में ज्ञात) Ageas Federal Life Insurance Co. Ltd. (Formerly known as IDBI Federal Life Insurance Company Limited)
5.	अद्यतन लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार शेयरधारिता स्रोत जन्य निवल मालियत Networth attributable to Shareholding as per latest audited Balance Sheet	8 19 08	197 63 75	214 88 58	259 65 18
6.	**31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ/ हानि** **Profit / Loss for the year ended March 31, 2021**				
	i. समेकन में शामिल Considered in Consolidation	0	83 45 72	0	33 22 22
	i. समेकन में शामिल नहीं Not Considered in Consolidation	0	0	0	0

टिप्पणियां

Notes:

1. उन सहयोगी कंपनियों अथवा संयुक्त उद्यमों के नाम जिनका परिचालन अभी शुरूनहीं हुआ है: कोई नहीं/
   Names of associates or joint ventures which are yet to commence operations: None
2. उन सहयोगी कंपनियों अथवा संयुक्त उद्यमों के नाम, जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त अथवा बेचा गया है: कोई नहीं
   Names of associates or joint ventures which have been liquidated or sold during the year :None
3. नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. का समेकन एएस-23 के अनुसार 30 सितंबर 2020 के अनुसार गैर-लेखापरीक्षित परिणामों पर आधारित है
   National Securities Depository Ltd has been consolidated in accordance with AS-23 based on unaudited results as at September 30, 2020.
4. पोंडिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्मेंट कॉरपोरेशन के वित्तीय विवरणों का समेकन वित्तीय विवरण/ वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने के कारण नहीं किया गया है. सहायक संस्था में निवेश को बट्टे खाते डालकर एक रुपया कर दिया गया है.
   The financials of Pondicherry Industrial Promotion Development and Investment Corporation Ltd. have not been consolidated on account of non receipt of financial statements/annual report. The investment in the Associate is written down to rupee one.
5. बायोटेक कंसॉर्शियम इंडिया लि., नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. और पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड की मालियत अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2020 के अनुसार ली गई है.
   The Networth of Biotech Consortium India Limited,National Securities Depository Ltd and North Eastern Development Finance Corporaton Limited taken as per FY 2020 due to non availability of the desired information.

(राकेश शर्मा)
(Rakesh Sharma)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Managing Director & Chief Executive Officer
(डीआईएन/DIN: 06846594)

(जे. सैम्युअल जोसेफ)
(J. Samuel Joseph)
उप प्रबंध निदेशक
Dy. Managing Director
(डीआईएन/DIN: 02262530)

(सुरेश खटनहार)
(Suresh Khatanhar)
उप प्रबंध निदेशक
Dy. Managing Director
(डीआईएन/DIN: 03022106)

(समरेश परिदा)
(Samaresh Parida)
निदेशक
Director
(डीआईएन/DIN: 01853823)

(अजय शर्मा)
(Ajay Sharma)
कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी
Executive Director & Chief Financial Officer

(ज्योति नायर)
(Jyothi Nair)
कंपनी सचिव
Company Secretary

स्थान : मुंबई / Place: Mumbai
दिनांक :03 मई 2021 / Date: May 03, 2021

पिलर III प्रकटन
Pillar III Disclosures

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2021)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2021)

भारतीय रिज़र्व बैंक के बासेल III दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2021 को पिलर III प्रकटन, तिमाही प्रकटनों के साथ बैंक की वेबसाइट पर 'Regulatory Disclosures Section' >> FY 2020-21 (Basel III) लिंक पर अलग से रखे गए हैं.

Pillar III disclosures at March 31, 2021 along with quarterly disclosures, as per Basel III guidelines of RBI have been disclosed separately on the Bank's website under 'Regulatory Disclosures Section' >> FY 2020-21 (Basel III).

नोट / NOTE

नोट / NOTE

Follow your friend's advise
Stay home #BankAisaDostJaisa
IDBI BANK
Aarogya Setu App to fight against COVID-19
Download Now!
IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa
Protect Yourself
With mask
With Anti-virus software
IDBI BANK
BASIC PROTECTIVE MEASURES AGAINST
THE NEW CORONA VIRUS
Wash your hands frequently
Maintain safe social etiquettes
Avoid touching eyes, nose and mouth
Practice respiratory hygiene
IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa
BREAK THE CHAIN
IT'S TIME TO #Unite2FightCorona!
Follow COVID-19 appropriate behaviour
Wear a mask
Wash hands frequently
Maintain social distancing
Get vaccinated
Continue to follow safety measures even after vaccination
IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa
Stay Protected from Corona
Wear your mask properly
Frequently wash your hands with soap
6 feet
Maintain safe distance
NO CARELESSNESS UNTIL THERE IS A CURE
देश लड़ रहा है
अपना योगदान दें
मास्क जरूर पहनें
बार-बार हाथ धोएं
दो गज दूरी बनाए रखें
टीका लें
दवाई भी, कड़ाई भी
मास्क है जरूरी
दो गज की दूरी
हाथ धोना भी है जरूरी
निभाएं अपनी जिम्मेदारी
दवाई भी, कड़ाई भी



Bank Aisa Dost Jaisa

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय:
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड, मुंबई – 400005
टोल फ्री नं.: 1800-209-4324 / 1800-22-1070.
गैर-टोल फ्री नं.: 022-67719100.

सीआयएन - L65190MH2004GOI148838

IDBI Bank Limited
Regd. Office:
IDBI Tower, WTC Complex,
Cuffe Parade, Mumbai - 400005
Toll Free Nos.: 1800-209-4324 / 1800-22-1070.
Non-Toll Free Nos.: 022-67719100.

CIN - L65190MH2004GOI148838

www.idbibank.in **@idbi_bank** **/IDBIBank** **@idbibankofficial** **YouTube/idbibank** **/idbibank**

/Concept, content and design at AICL (hello@aicl.in)

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

खंड अ: कंपनी के बारे में सामान्य जानकारी

1.	**कंपनी की कॉरपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)**	L65190MH2004GOI148838
2.	**कंपनी का नाम**	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
3.	**पंजीकृत पता**	आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005
4.	**वेबसाइट**	www.idbibank.in
5.	**ई-मेल आईडी**	idbiequity@idbi.co.in
6.	**रिपोर्ट किया गया वित्तीय वर्ष**	2021-21
7.	**क्षेत्र जिनमें कंपनी कार्यरत है (औद्योगिक कार्यकलाप कोड-वार)**	(कोड: 64191) आईडीबीआई बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनयम, 1949 द्वारा शासित एक बैंकिंग कंपनी है.
8.	**तीन प्रमुख उत्पादों/ सेवाओं का उल्लेख करें जिनका कंपनी निर्माण करती है/ जिन्हें प्रदान करती है (तुलनपत्र के अनुसार)**	1. खुदरा बैंकिंग 2. कॉरपोरेट/ थोक बैंकिंग 3. ट्रेजरी परिचालन
9.	**लोकेशनों की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा कारोबार कार्यकलाप किए जाते हैं.** क. अंतरराष्ट्रीय लोकेशनों की संख्या (प्रमुख 5 के ब्योरे दें) ख. राष्ट्रीय लोकेशनों की संख्या	यथा 31 मार्च 2021 को बैंक की 1,886 शाखाएं हैं. जिनमें से: क. बैंक की दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में एक विदेशी शाखा और गुजरात अंतरराष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी (जीआईएफटी) गुजरात, भारत में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग इकाई हैं. ख. बैंक की पूरे भारत के 777 शहरों में 1,884 देशी शाखाएं परिचालन में हैं.
10.	**बाजार जहां कंपनी अपनी सेवाएं देती है - स्थानीय/ राज्य स्तरीय/ राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय**	बैंक अपनी उपस्थिति वाली सभी लोकेशनों पर ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है.

खंड ख: कंपनी के वित्तीय ब्योरे

1.	**चुकता पूंजी (रुपये में)**	₹ 10,752.40 करोड़
2.	**कुल कारोबार (रुपये में)**	₹ 24,556.93 करोड़
3.	**कर पश्चात लाभ (रुपये में)**	₹ 1,359.46 करोड़
4.	**कर पश्चात् लाभ के प्रतिशत (%) के रूप में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर कुल व्यय** शून्य	
5.	**उन कार्यकलापों की सूची जिनमें उपर्युक्त बिन्दु 4 के अंतर्गत व्यय किया गया है:-** शून्य	

खंड ग: अन्य विवरण

1. **क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/ कंपनियाँ हैं?**

   हाँ. बैंक की पाँच देशी सहायक कंपनियां अर्थात् आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि., आईडीबीआई एसेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि., आईडीबीआई इंटेक लि. तथा आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. हैं.

2. **क्या सहायक कंपनी/ कंपनियाँ मूल कंपनी के कारोबारी दायित्व पहल-कार्यों में भागीदारी करती हैं? यदि हाँ, तो ऐसी सहायक कंपनी(यों) की संख्या सूचित करें.**

   नहीं.

3. **क्या अन्य कोई संस्था/ संस्थाएं (अर्थात् आपूर्तिकर्ता, वितरक आदि) हैं जिनके साथ कंपनी अपने कारोबारी दायित्व पहल-कार्यों में भागीदारी करती है? यदि हाँ, तो उस संस्था/ उन संस्थाओं का प्रतिशत सूचित करें? [30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक].**

   लागू नहीं

खंड घ. कारोबार दायित्व संबंधी जानकारी

1. **कारोबार दायित्व के लिए उत्तरदायी निदेशक/ निदेशकों के ब्योरे**

क.	**कारोबार दायित्व नीति/ नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक/ निदेशकों के ब्योरे**	
	डीआईएन संख्या	03022106
	नाम	श्री सुरेश खटनहार
	पदनाम	उप प्रबंध निदेशक
ख.	**कारोबार दायित्व प्रमुख के ब्योरे**	
	डीआईएन संख्या	0056167
	नाम	डॉ. सौम्य शंकर बॅनर्जी
	पदनाम	कार्यपालक निदेशक
	टेलिफोन नं.	+91-22-22155748
	ई-मेल आईडी	ss.banerjee@idbi.co.in

2. **सिद्धांत-वार (एनवीजी के अनुसार) कारोबार दायित्व नीति/ नीतियां**

क. अनुपालन ब्योरे (हाँ/ नहीं में उत्तर दें)

क्रम सं.	**प्रश्न**	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
i.*	क्या आपके पास .... के लिए नीति/ नीतियाँ हैं?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
ii.	क्या यह नीति संबंधित अंशधारकों के परामर्श से बनाई गई है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
iii.**	क्या यह नीति राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है? यदि हाँ, तो निर्दिष्ट करें? (50 शब्दों में)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
iv.	क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है? यदि हाँ, तो क्या इस पर एमडी/ स्वामी/ सीईओ/ उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ

v.	क्या कंपनी में नीति के कार्यान्वयन के निरीक्षण के लिए बोर्ड/ निदेशक/ अधिकारी की विनिर्दिष्ट समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
vi.	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक का उल्लेख करें.	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ $	हाँ #
vii.	क्या नीति के बारे में सभी संबंधित आंतरिक तथा बाह्य हितधारकों को औपचारिक रूप से सूचना दी गई है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
viii.	क्या नीति/ नीतियों के कार्यान्वयन के लिए कंपनी के पास आंतरिक संरचना है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
ix.	क्या कंपनी के पास नीति/ नीतियों के संबंध में अंशधारकों की शिकायतों को दूर करने के लिए शिकायत निवारण व्यवस्था है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
x.	क्या कंपनी ने इस नीति के बारे में कार्यों का आंतरिक या बाह्य एजेंसी द्वारा स्वतंत्र लेखापरीक्षण/ मूल्यांकन कराया है?	नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुख उत्तरदायी हैं. अनुपालन विभाग रिज़र्व बैंक द्वारा अधिदेशित नीतियों के कार्यान्वयन के अनुपालन की निगरानी करता है.								

नोट:

* *बैंक की विभिन्न नीतियाँ, जिन्हें औपचारिक रूप से लागू किया जाता है, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बैंक के विभिन्न कार्य को अभिशासित करती हैं.*

** *बैंक की नीतियाँ विनियामक तथा सांविधिक निकायों द्वारा जारी दिशानिर्देशों के समान हैं और इसलिए राष्ट्रीय मानक के अनुरूप हैं.*

$ *सीएसआर नीति के लिए लिंक - https://www.idbibank.in/pdf/CSR-Policy-2021.pdf*

\# *# बैंक की नीति/यां जैसे ग्राहक अधिकार नीति, शिकायत निवारण नीति, नागरिक चार्टर तथा बीसीएसबीआई कोड ग्राहक शिक्षा के अंतर्गत इस लिंक http://www.idbibank.in/pdf/csr-Policy.pdf के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध है.*

ख. यदि किसी भी सिद्धांत के संबंध में क्रम संख्या 2 का उत्तर ‘ नहीं’ है तो कृपया कारण बताएं: (2 विकल्पों तक टिक करें)

संख्या	प्रश्न	पी7 के लिए नीति नहीं होने का कारण:
i.	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है	बैंक में पी7 के लिए कोई दस्तावेजीकृत नीति नहीं है. तथापि, यह हमेशा विनियामकों तथा नीति निर्माताओं के साथ जिम्मेदारीपूर्वक जुड़ा रहा है. बैंक विकास वित्तपोषण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है तथा इसने भारत के वित्तीय ढांचे की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई है. इसके अलावा बैंक, बैंकिंग क्षेत्र के सुधारों, वित्तीय समावेशन आदि के क्षेत्रों में सुधार के लिए नीति निर्माताओं से जुड़ा रहा है.
ii.	कंपनी ऐसे चरण में नहीं है जिसमें वह स्वयं को विनिर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियाँ बनाने तथा उन्हें कार्यान्वित करने की स्थिति में पाए	
iii.	कंपनी के पास कार्य को पूरा करने के लिए वित्तीय या श्रमशक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं	
iv.	यह कार्य अगले 6 माह के भीतर करने की योजना है	
v.	यह कार्य अगले 1 वर्ष के भीतर करने की योजना है	
vi.	अन्य कोई कारण (कृपया स्पष्ट करें)	

3. कारोबार दायित्व संबंधी अभिशासन

क.	**कंपनी के निदेशक मंडल, बोर्ड की समिति या सीईओ द्वारा कंपनी के कारोबार दायित्व कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन की बारंबारता का उल्लेख करें. 3 माह के भीतर, 3-6 माह, वार्षिक रुप से, 1 वर्ष से अधिक.**	बैंक का कारोबार दायित्व कार्यनिष्पादन बोर्ड के समक्ष वार्षिक आधार पर प्रस्तुत किया जाता है.
ख.	**क्या कंपनी कारोबार दायित्व या निरंतरता रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए हाइपरलिंक क्या है? इसे कितने अंतराल पर प्रकाशित किया गया है?**	हाँ. बैंक कारोबार दायित्व रिपोर्ट प्रकाशित करता है. कारोबार दायित्व रिपोर्ट www.idbibank.in पर देखी जा सकती है. यह रिपोर्ट बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रुप में वार्षिक आधार पर प्रकाशित की जा रही है.

खंड ङ: सिद्धांत-वार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1 : कारोबार का संचालन और प्रबंधन अपने आप में आचार नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए

क. क्या आचार नीति, घूसखोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी को शामिल करती है? हाँ/नहीं. क्या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ संविदाकारों/ एनजीओ/ अन्य पर लागू होती है?

जहां तक ? रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और अन्य सतर्कता मामलों का संबंध है, आपका बैंक केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा जारी नीति/दिशानिर्देशों द्वारा शासित होता है. मौजूदा सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक की पांच (05) सहायक कंपनियों में भी सतर्कता सेटअप स्थापित किया गया है. इस तरह के सेटअप में बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) को डॉटेड लाइन रिपोर्टिंग के साथ संबंधित सहायक कंपनी के प्रमुख को सीधे रिपोर्टिंग होती है.

ख. पिछले वित्तीय वर्ष में हितधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनमें से प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक रूप से समाधान किया गया है? यदि ऐसा है तो करीब 50 शब्दों में उनके ब्योरे दें.

वर्ष 2020-21 के दौरान, सतर्कता विभाग को 100 शिकायतें प्राप्त हुईं. इन सभी शिकायतों की जांच/छानबीन विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा सतर्कता की दृष्टि से की गई और सीवीओ की सहमति से 75 शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया गया. इसलिए वर्ष 2020-21 के दौरान 75% प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया गया.

वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने कुल 74,348 ग्राहक शिकायतों पर कार्रवाई की. इनमें से 74,036 ग्राहक शिकायतें वर्ष 2020-21 के दौरान प्राप्त हुई थीं और 285 शिकायतें वर्ष 2019-20 की थीं. यथा दिनांक 31 मार्च 2021 तक सभी शिकायतों में से 73,458 अर्थात् लगभग 99% शिकायतों का निवारण किया जा चुका था तथा 890 शिकायतें निपटान के लिए लंबित थीं. बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित *'शिकायत निवारण नीति'* लागू की है जो निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों के निवारण के प्रति बैंक के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

वर्ष के दौरान बैंक को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में 7 (सात) शिकायतें प्राप्त हुईं जबकि 4(चार) पूर्व अवधि की शिकायतों का निस्तारण लंबित था. इन शिकायतों में संबंधित आंतरिक शिकायत समिति ने भाग लिया और 31 मार्च 2021 तक 4 (चार) शिकायतें निष्कर्ष के लिए लंबित थीं.

वर्ष अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के दौरान बैंक को प्राप्त निवेशकों की शिकायतों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम संख्या	विवरण	इक्विटी शेयर	फ्लेक्सी बॉण्ड	कुल
1.	वर्ष के आरंभ में निवेशकों की लंबित शिकायतें	1	1	2
2.	वर्ष के दौरान निवेशकों से प्राप्त शिकायतें	943	4,876	5,819
3.	वर्ष के दौरान निपटाई गई निवेशक शिकायतें	944	4,597	5,541
4.	निवेशकों की शिकायतें जिनका वर्ष की समाप्ति तक समाधान नहीं हो पाया	0	280	280

सिद्धांत 2 : कारोबार द्वारा ऐसे उत्पाद और सेवाएँ प्रदान की जानी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने संपूर्ण जीवन चक्र के दौरान दीर्घकालिक रूप से फायदेमंद हों

क. आपके 3 उत्पादों या सेवाओं की सूची दें जिनको तैयार करने में सामाजिक या पर्यावरण सरोकार, जोखिम और/या अवसरों का ध्यान रखा गया है.

एक कर्तव्यनिष्ठ कॉरपोरेट इकाई के रूप में आईडीबीआई बैंक अपने प्रस्तावों के ज़रिये विभिन्न अंशधारकों के कल्याण के लिए प्रयास करता है. बैंक द्वारा प्रस्तावित कुछ ऐसी पेशकश निम्न प्रकार हैं:

- बैंक ने कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद लॉकडाउन चरण के दौरान अपने सभी ग्राहकों के हितों की रक्षा करने का प्रयास किया। इसके लिए इसने निम्नलिखित उपाय किए:
    - बैंक की अधिकांश शाखाएं देशव्यापी तालाबंदी के दौरान निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए समावेशन क्षेत्रों को छोड़कर या जहां स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, सामान्य रूप से (सामाजिक दूरी और स्वच्छता मानदंडों का पालन करते हुए) काम कर रही थीं,
    - इस अवधि में वित्तीय बोझ को कम करने और जमाकर्ताओं को नकदी निकालने के लिए यात्रा की गई लागत और दूरी के संदर्भ में राहत प्रदान करने के लिए, बैंक ने न्यूनतम शेष शुल्क माफ कर दिया और अपने और अन्य बैंक एटीएम से निर्दिष्ट संख्या में मुफ्त नकद निकासी की पेशकश की.
    - इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों (70 वर्ष से अधिक आयु) और अलग रूप से सक्षम व्यक्तियों की सुविधा के लिए, बैंक ने इस अवधि के दौरान निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सुविधा प्रदान की.
    - बैंक ने आरबीआई द्वारा कोविड-19 राहत उपायों के जवाब में उन ग्राहकों को छोड़कर, जिन्होंने विशेष रूप से अधिस्थगन राहत का विकल्प चुना था. सभी पात्र खुदरा संपत्ति ग्राहकों के लिए ईएमआई अधिस्थगन राहत प्रदान की थी.
    - बैंक ने उन सभी पात्र खुदरा परिसंपत्ति ग्राहकों के लिए आरबीआई समाधान फ्रेमवर्क / एकबारगी पुनर्रचना योजना के तहत अपने ईएमआई भुगतानों को पुनर्निर्धारित / पुनर्निर्धारित करने की सुविधा प्रदान की, जिनके नकदी प्रवाह कोविड-19 आर्थिक गिरावट के कारण प्रभावित हुए थे.
    - इन उत्पादों/योजनाओं के लिए बैंक ने 1 मार्च 2020 से 31 अगस्त 2020 तक देय ब्याज को उन उधारकर्ताओं के लिए वित्त पोषित ब्याज सावधि ऋण में परिवर्तित कर दिया है, जिन्होंने उधारकर्ताओं पर दबाव को कम करने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार अधिस्थगन का विकल्प चुना था.
    - कोविड-19 महामारी के कारण गंभीर रूप से प्रभावित व्यावसायिक इकाइयों को सहायता प्रदान करने के लिए, बैंक ने एमएसएमई/मुद्रा उधारकर्ताओं के लिए सरकार की गारंटीड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (जीईसीएल) योजना लागू की, जो कि 29 फरवरी 2020 तक संयुक्त बकाया के 20% अतिरिक्त सुविधा के लिए 100% गारंटी कवरेज प्रदान करती है. यह योजना 'जीईसीएल' योजना के तहत स्वीकृत सभी ऋणों के लिए ₹ 3 लाख करोड़ राशि की जारी की गई गारंटी तक लागू है और 30 सितंबर 2021 तक ऋण राशि का वितरण किया जाता है.
    - स्ट्रीट वेंडर को कोविड-19 के प्रकोप के कारण लॉकडाउन के कारण उत्पन्न वित्तीय कठिनाइयों को दूर करने में मदद करने के लिए और उनके व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने सरकारी योजना के अनुरूप, स्ट्रीट वेंडर्स को ₹ 10,000 तक का किफायती ऋण प्रदान करने के लिए एक नया उत्पाद अर्थात पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि) लॉन्च किया.
    - बैंक ने एमएसएमई मंत्रालय के दबावग्रस्त एमएसएमई (सीजीएसएसडी) के लिए अधीनस्थ ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना लागू की, जिसका उद्देश्य पात्र दबावग्रस्त एमएसएमई उधारकर्ताओं को बैंकों द्वारा दी गई ऋण सुविधाओं के संबंध में गारंटी प्रदान करना है. इस योजना का उद्देश्य बैंकों के माध्यम से दबावग्रस्त एमएसएमई के प्रमोटरों को दबावग्रस्त एमएसएमई अग्रिमों के पुनर्गठन के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठन के लिए पात्र व्यवसायों में इक्विटी/अर्ध-इक्विटी के रूप में निवेश के लिए व्यक्तिगत ऋण प्रदान करना है. योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, गारंटी कवरेज का 90% योजना/ट्रस्ट से और शेष 10% संबंधित प्रमोटर से आएगा.

- बैंक नेशनल हैंडिकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचएफडीसी) के तहत विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए विशेष ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्रदान करता है. बैंक अधिकतम पांच साल के लिए ₹ 25 लाख प्रति उधारकर्ता ब्याज की रियायती दर पर प्रदान करता है.
- बैंक आर्थिक रूप से कमजोर और अभावग्रस्त वर्गों की महिला उद्यमियों के उत्थान के लिए महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) / संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी) को छोटे और सीमांत किसानों, भूमिहीन मजदूरों, कारीगरों, आदि को उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए सूक्ष्म ऋण प्रदान करता है.
- घरेलू और कृषि बिजली आवश्यकता में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बैंक ने 'आईडीबीआई सूर्य शक्ति' नामक एक उत्पाद प्रस्तुत किया है जिसके तहत ग्रामीण, अर्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों में व्यक्तियों, किसानों, एसएचजी, आदि को सौर जल हीटर, सौर प्रकाश प्रणाली और सौर जल पंपों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी. बैंक छतों पर सौर पीवी स्थापित करने के लिए आवश्यक उपकरणों के अधिग्रहण की लागत को गृह ऋण के तहत वित्तपोषण के उद्देश्य से घर/आवास इकाई की कुल लागत में शामिल करने की अनुमति देता है.
- स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, आपका बैंक इलेक्ट्रिक कारों की खरीद के लिए रियायती मूल्य प्रदान करता है.
- सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय कृषि इन्फ्रा फाइनेंसिंग सुविधा के अनुरुप, आपके बैंक ने फसल कटाई के बाद प्रबंधन बुनियादी ढांचे और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों से संबंधित व्यवहार्य परियोजनाओं में दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण के लिए एक नया उत्पाद अर्थात, कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) लॉन्च किया है.
- आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज के अनुरूप, बैंक ने कृषि में दीर्घकालिक संपत्ति के वित्त पोषण निर्माण के लिए डेयरी प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे, मांस प्रसंस्करण और पशु चारा संयंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष उत्पाद पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) लॉन्च किया है.
- बैंक दिव्यांग आवेदकों, महिलाओं (विधवाओं, सिंगल कामकाजी महिलाओं को वरीयता देते हुए), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस / निम्न आय वर्ग), अनुसूचित जाति (अजा) / अनुसूचित जनजाति (अजजा) / अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) और ट्रांसजेंडर समुदाय के आवेदकों के लिए आवास ऋण आवेदनों की कार्रवाई में प्राथमिकता प्रदान करता है.
- महिला ग्राहकों को आवास इकाई खरीदने/निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, बैंक महिला गृह ऋण आवेदकों को ब्याज की रियायती दर पर ऋण प्रदान करता है.

ख. प्रत्येक ऐसे उत्पाद के लिए, उत्पादों की इकाई के अनुसार संसाधन (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) उपयोग के संबंध में निम्नलिखित ब्योरे प्रदान करें (वैकल्पिक) :

i. मूल्य श्रृंखला तक पिछले वर्ष से प्राप्त किए गए सोर्सिंग/उत्पादन/ वितरण के दौरान प्राप्त गिरावट ?

ii. पिछले वर्ष से प्राप्त किए गए ग्राहकों (ऊर्जा, जल) द्वारा उपयोग के दौरान गिरावट ?

लागू नहीं

ग. क्या कंपनी के पास धारणीय स्रोत (परिवहन सहित) हेतु प्रक्रियाएँ है? ?

i. यदि हाँ तो स्रोतों में आपका कितना प्रतिशत धारणीय था? साथ ही, इस संबंध में 50 शब्दों या अधिक में ब्योरे प्रदान करें.

लागू नहीं.

घ. क्या कंपनी ने स्थानीय और छोटे उत्पादकों, कार्यस्थल के आस-पास रहने वाले समुदायों को शामिल करते हुए से वस्तु तथा सेवाएं खरीदने हेतु कोई कदम उठाए हैं?

i. यदि हां, तो स्थानीय तथा छोटे वेंडरों की क्षमता तथा योग्यता को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए?

लागू नहीं.

ङ क्या कंपनी के पास उत्पादों तथा रद्दी को पुन: प्रयोग करने हेतु प्रणाली है? यदि हाँ तो उत्पादों तथा रद्दी के पुन: प्रयोग का क्या प्रतिशत है (अलग से <5%,5-10%,>10%). साथ ही, इस संबंध में 50 शब्दों या अधिक में ब्योरे प्रदान करें.

लागू नहीं.

सिद्धांत 3 : कारोबार सभी कर्मचारियों के लिए हितकारी होना चाहिए

क. कृपया कुल कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ (31 मार्च 2021 के अनुसार)

31 मार्च 2021 तक बैंक के कुल कर्मचारी की संख्या 17,319 थी. इनमें अधिकारी संवर्ग में बैंक में संविदा रोजगार पर 8 कर्मचारी तथा संविदा पर 942 एग्जीक्यूटिव शामिल हैं.

ख. कृपया अस्थाई/ संविदा / अनियत आधार पर काम पर लिए गए कर्मचारियों की कुल संख्या दर्शाएँ (31 मार्च 2021 के अनुसार)

संविदा आधार पर 8 अधिकारियों तथा 942 एग्जीक्यूटिव सहित कुल 950 कर्मचारियों को काम पर रखा गया था.

ग. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ (31 मार्च 2021 के अनुसार)

बैंक में कुल 5,050 स्थायी महिला कर्मचारी कार्यरत थीं.

घ. कृपया दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ (31 मार्च 2021 के अनुसार)

बैंक में कुल 390 दिव्यांग स्थायी कर्मचारी थे.

ङ. क्या आपके पास कर्मचारी संघ है जो प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त है?

प्रथा के अनुसार बैंक ने किसी भी कर्मचारी सगठन/ संघ को मान्यता प्राप्त संघ का दर्जा नहीं दिया है.

च. इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्यों में आपके स्थायी कर्मचारियों का कितना प्रतिशत है?

उपरोक्त 3 (ड़) के अनुसार लागू नहीं.

छ. कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में तथा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या दर्शाएँ.

क्रम संख्या	श्रेणी	2021-21 के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	2021-21 के अंत तक लंबित पड़ी शिकायतों की संख्या
i.	बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी	शून्य	शून्य
ii.	यौन उत्पीड़न	7	4
iii.	भेद-भावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

ज. आपके द्वारा नीचे दिये गए कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत को पिछले वर्ष में सुरक्षा तथा कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया?

क्रम सं.	श्रेणी	कर्मचारियों का प्रतिशत
i.	स्थायी कर्मचारी	88.10%
ii.	स्थायी महिला कर्मचारी	88.83%
iii.	अनियमित/अस्थायी/संविदागत कर्मचारी	97.39%
iv.	शारीरिक रूप से दिव्यांग कर्मचारी	79.67%

सिद्धांत 4: कारोबार को सभी अंशधारकों के हितों का ध्यान रखना चाहिए और विशेष रूप से उनके प्रति जवाबदेह होना चाहिए, जो सुविधाहीन, कमजोर तथा हाशिए पर हैं.

क. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाह्य हितधारकों को मैप किया है? हाँ/ नहीं

हाँ.

ख. उपर्युक्त में से कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर और हाशिए पर हितधारकों की पहचान की है?

हाँ.

ग. क्या कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर और हाशिए के हितधारकों से संबद्ध कोई विशेष पहल की है यदि हाँ, तो उनके बारे में करीब 50 शब्दों में ब्योरा दें.

बैंक जहां सभी ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, वही, बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि विशेष रूप से सक्षम ग्राहकों, वरिष्ठ नागरिकों, निरक्षर व्यक्तियों और पेंशनभोगियों जैसे विशेष ग्राहकों की शिकायतों पर प्राथमिकता आधार पर कार्रवाई की जाती है. इस पहलू को बैंक की शिकायत निवारण नीति में भी शामिल किया गया है. बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों और निःशक्त ग्राहकों के लिए घर-घर बैंकिंग के संबंध में एक नीति भी बनाई है.

भारत सरकार की मौजूदा आरक्षण नीति का बैंक पूरी तरह अनुपालन करता है. बैंक ने अनुसूचित जाति (एससी)/ अनुसूचित जनजाति (एसटी)/ शारीरिक रूप से दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) कर्मचारियों के लिए महा प्रबंधक और उप महा प्रबंधक रैंक के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) और अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) को नियुक्त किया है, जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन और उनकी शिकायतों के प्रभावी निवारण को सुनिश्चित करते हैं. सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा) और अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के लिए आरक्षण पंजिका और पीडब्ल्यूडी के लिए अलग रोस्टर रखता है. बैंक ने दृष्टिबाधितों के लिए कंप्यूटर में 'जेएडब्ल्यूएस' सॉफ्टवेयर स्थापित किया है ताकि वे अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकें. बैंक जहां भी संभव हो, पीडबल्यूडी के कर्मचारियों के लिए आसान पहुँच और बाधा मुक्त वातावरण प्रदान कर रहा है.

सिद्धांत 5: कारोबार को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए तथा उन्हें बढ़ावा देना चाहिए

क. क्या मानवाधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ संविदाकारों/ एनजीओ/ अन्य पर भी लागू होती है?

बैंक की मानवाधिकारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षित करने वाली विभिन्न नीतियाँ हैं. यह नीतियाँ केवल बैंक के परिचालन पर लागू होती हैं तथा सहायक संस्थाओं, आपूर्तिकर्ताओं, संविदाकारों, एनजीओ आदि पर लागू नहीं होती हैं.

बैंक मानवाधिकारों पर लागू सभी दिशानिर्देशों का पालन करता है.

ख. पिछले वित्तीय वर्ष में कितनी हितधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक समाधान किया गया?

हितधारकों की शिकायतों के लिए कृपया सिद्धांत 1 के अंतर्गत बिंदु ख का जवाब देखें.

सिद्धांत 6: कारोबार को पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए, इसकी रक्षा करनी चाहिए तथा इसमें सुधार का प्रयास करना चाहिए

क. क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ संविदाकारों/ एनजीओ/ अन्य पर भी लागू होती है?

बैंक ई-अपशिष्ट प्रबंधन, कागजरहित इको-फ्रेंडली तकनीक के प्रयोग, ऊर्जा संरक्षण आदि जैसे उपायों को लागू कर पर्यावरण का ध्यान रखता है, इसकी रक्षा करता है और इसमें सुधार के प्रयास करता है. साथ ही, बैंक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी और 1 मई 2012 से प्रभावी ई-अपशिष्ट (प्रबंधन तथा निपटान) नियमावली, 2011 का भी पालन कर रहा है. बैंक की ई-वेस्ट प्रबंधन नीति उपर्युक्त सिद्धांत 6 के संबंध में वेंडरों पर भी लागू होती है.

ख. क्या कंपनी के पास जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे वैश्विक पर्यावरण संबंधी मुद्दों के निपटान के लिए रणनीतियाँ/ पहल कार्य हैं? हाँ/ नहीं. यदि हाँ तो कृपया वेबपेज आदि का हाइपर लिंक बताएं.

बैंक ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कई पहल की हैं. इस संबंध में बैंक द्वारा की गयी कुछ पहल निम्नलिखित हैं:

- <u>बिजली संरक्षण</u>: मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय में और साथ ही साथ बैंक के अन्य सभी कार्यालय और आवासीय भवनों में बिजली की खपत को बचाने के लिए पारंपरिक बिजली उपकरणों को ऊर्जा कुशल एलईडी लाइट फिक्स्चर / लैंप / ट्यूब से बदल दिया गया है. बैंक की शाखाओं में नए साइनेज पारंपरिक बिजली की खपत करने वाले पारंपरिक बिजली उपकरणों के स्थान पर एलईडी रोशनी से सुसज्जित किए जा रहे है. इसके अलावा, सभी नई या नवीनीकृत शाखाओं के लिए पारंपरिक फ्लोरोसेंट/पीएल लैंप के स्थान पर एलईडी लाइटों का उपयोग किया जा रहा है. बैंक के नए कार्यालय भवन के साथ-साथ नई दिल्ली में एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विकसित आवासीय भवनों और जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग और वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडबल्यूडी) द्वारा विकसित नए आवासीय भवनों में सामान्य प्रकाश व्यवस्था, पंप आदि के लिए सौर पैनल स्थापित किए गए हैं. इसके अलावा, नए कार्यालय परिसर की साज-सज्जा के लिए एलईडी लाइट फिक्स्चर पर विचार किया गया है.
- <u>अपशिष्ट उपचार</u>: आपके बैंक ने स्वच्छ भारत पहल के रूप में मेकर कुंदन गार्डन, जुहू स्थित अपने स्टाफ क्वार्टर में गैर-खतरनाक गीला अपशिष्ट उपचार और निपटान प्रणाली स्थापित की है. आवासीय क्वार्टर प्रति माह 7.5 टन गीला कचरा उत्पन्न करता है, जिसे पहले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की कचरा संग्रहण एजेंसी के माध्यम से निपटाया जाता था. स्थापित नई प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल है, जो एरोबिक प्रक्रिया के माध्यम से 45 दिनों में प्राकृतिक रूप से गीले कचरे को खाद बनाती है. उपकरण में संग्रह और डिवाटरिंग डिब्बे, अपशिष्ट टम्बलर और गार्डन एक्यूम्युलेटर्स होते हैं. बिजली की खपत प्रति माह 1 केडबल्यूएच से कम है और इसमें 300 वर्ग फुट की जगह लगती है. इससे उत्पन्न खाद का उपयोग परिसर में बगीचे में खाद के रूप में किया जाता है. बॉम्बे म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) के अधिकारियों ने इस सुविधा का निरीक्षण करते हुए बैंक के प्रयासों की सराहना की. इस प्रणाली को विभिन्न विश्वविद्यालयों के इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा उनकी शैक्षिक परियोजना के रूप में एक केस स्टडी के रूप में भी लिया गया है.
- <u>जल संरक्षण के उपाय</u>: जेएनआईबीएफ, हैदराबाद में बैंक के आवासीय परिसर में जल संचयन की सुविधा प्रदान की गई है. मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय में सभी वाशरूम को जल संरक्षण के लिए सेंसर-आधारित नल और मूत्रालय फ्लश वाल्व लगाने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है.
- <u>कागज़ के प्रयोग में कमी</u>: बैंक ने अपनी कई कारोबारी प्रक्रियाओं को स्वचालित कर दिया है. बैंक ने अपने अधिकांश स्टाफ संबंधित कार्यों को स्वचालित कर दिया है जिनमें वेतन, लाभ, दावों का भुगतान, उपस्थिति दर्ज करना, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन और कई अन्य प्रशिक्षण सामग्री आदि शामिल हैं. बैंक ने अपनी सभी शाखाओं / कार्यालयों को उधारकर्ताओं, विक्रेताओं आदि को केवल खाते/आरटीजीएस/एनईएफटी में क्रेडिट के माध्यम से ऋण का वितरण भुगतान करने का भी निर्देश दिया है. इसके अलावा बैंक कागज़ की खपत को हर संभव कम करने के लिए कागज़ रहित बैठकें आयोजित करता है. जहां भी संभव है बैंक आंतरिक संप्रेषण (अनुमोदन, परिपत्र आदि), ग्राहक के साथ बाह्य संप्रेषण (खाते की मासिक विवरणी, ई-मेलर आदि), शेयरधारक (वार्षिक रिपोर्ट), विनियामकों, सरकारों आदि के लिए कागज़ आधारित मीडिया के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग कर रहा है. बैंक ने 'ग्रीन पिन' सुविधा के माध्यम से डेबिट कार्ड पिन जनरेशन की प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है, जिसमें ग्राहक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर), ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम), मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन या इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करके अपना पिन जनरेट कर सकते हैं. इसी तरह, बैंक ने खुदरा ग्राहकों के लिए इंटरनेट बैंकिंग के लिए पासवर्ड की छपाई भी बंद कर दी है और अब ग्राहक को पासवर्ड ऑनलाइन जेनरेट करने की अनुमति दी जाती है. बैंक ने मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग के लिए एसएमएस आधारित तत्काल पंजीकरण सुविधा को सक्षम किया है. भौतिक पासबुक की आवश्यकता को समाप्त करते हुए, बैंक के पास एक मोबाइल एप्लिकेशन अर्थात् एमपासबुक है, जो ग्राहकों को अपने खाते के विवरण को डिजिटल रूप से जांचने की अनुमति देता है. बैंक ने ऑनलाइन लेनदेन के लिए तीनों कार्ड वीज़ा, मास्टरकार्ड और रुपे जारी करने वाले नेटवर्कों पर वर्चुअल डेबिट कार्ड भी लॉन्च किया है. बैंक सावधि/आवर्ती जमाओं की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान करता है और साथ ही मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करता है. इसके अलावा, बैंक व्यापारिक प्रतिष्ठान में डिजिटल पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) को भी बढ़ावा दे रहा है, जो पूरी तरह से डिजिटल लेनदेन है. बैंक एक स्वचालित ऋण प्रसंस्करण प्रणाली के तहत खुदरा ऋण आवेदनों को संसाधित करता है, जिससे कागज का उपयोग काफी हद तक कम हो जाता है.
- <u>ई-वेस्ट प्रबंधन</u>: पुराने आईटी उपकरणों के निपटान से संभावित पर्यावरणीय जोखिम को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने बोर्ड-अनुमोदित ई-वेस्ट प्रबंधन नीति का दस्तावेजीकरण किया और उसे लागू किया है और पुराने आईटी उपकरणों के सुरक्षित निपटान हेतु वेंडरों को नियुक्त किया है.
- <u>सर्वर का आभासीकरण</u>: डाटा केंद्र में सर्वर के फुटप्रिंट कम करने के लिए बैंक ने सर्वर वर्च्युलाइजेशन मैकेनिज्म लागू किया है जिसके माध्यम से वर्च्युलाइज्ड पर्यावरण में एप्लिकेशन को रख कर कई भौतिक सर्वरों में काफी कमी की गई है. जिसके परिणाम स्वरूप ऊर्जा की खपत और ऊष्मा के उत्सर्जन में कमी हुई है.

- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना: अक्षय ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए, बैंक आवास ऋणों के वित्तपोषण के लिए छतों पर सौर पीवी स्थापित करने के लिए उपकरण खरीदने की लागत को शामिल करने की अनुमति देता है.

  इसके अलावा, वित्त वर्ष 2020-21 में, बैंक ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कर्मचारियों के लिए रिमोट वर्किंग को प्रभावी बनाते हुए वर्क फ्रॉम होम के निर्देश जारी किए. यद्यपि इसका मुख्य उद्देश्य व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करना था, लेकिन बैंक द्वारा बिजली की खपत / ईंधन / कागज की खपत आदि जैसे किए गए उपायों का पर्यावरणीय बोझ को कम करने में अप्रत्यक्ष लेकिन पर्याप्त प्रभाव रहा.

  बैंक द्वारा की गयी कई पहल बैंक द्वारा प्रकाशित कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट में दर्शाई गयी हैं. कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट को https://www.idbibank.in/business-responsibility-report.asp. https://www.idbibank.in/business-responsibility-report.asp पर देखा जा सकता है.

ग. क्या कंपनी संभाव्य पर्यावरणीय जोखिम की पहचान तथा आकलन करती है? हाँ/ नहीं.

हाँ. पर्यावरणीय जोखिम आकलन बैंक की ऋण मूल्यांकन प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा है. मौजूदा ऋण जोखिम निगरानी नीति मंजूरी पत्र में उपयुक्त शर्तों का निर्धारण कर व्यापक रूप से यह सुनिश्चित करती है कि सभी सहायताप्राप्त ग्राहक स्थायी आधार पर पर्यावरण संबंधी सुरक्षा तथा प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित विनियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन करें.

हाँ, बैंक के पास सुव्यवस्थित ई-अपशिष्ट प्रबंधन नीति है जिसका कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन किया जाता है.

घ. क्या कंपनी के पास स्वच्छता विकास तंत्र से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हाँ, तो लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें. साथ ही, यदि हाँ, तो क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है?

बैंक द्वारा वर्ष 2020-21 के दौरान इस संबंध में कोई नई पहल नहीं की गई.

ङ. क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य पहल की है? हाँ/नहीं. यदि हाँ, कृपया वेबपेज आदि के लिए हाइपर लिंक प्रदान करें.

बैंक द्वारा की गई पहलों के लिए कृपया सिद्धांत 6 के अंतर्गत बिंदु ख का उत्तर देखें.

च. क्या रिपोर्ट किए जा रहे वित्तीय वर्ष में कंपनी द्वारा उत्पन्न उत्सर्जन/ अपशिष्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) / राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर हैं?

सेवा क्षेत्र में होने के कारण बैंक के परिचालनों से न्यूनतम उत्सर्जन/ अपशिष्ट उत्सर्जित होता है.

